www.rojgarsamachar.gov.in
www.employmentnews.gov.in

अंग्रेजी एवं उर्दू में भी प्रकाशित
ई-संस्करण वार्षिक शुल्क : ₹ 400/-

आज़ादी का अमृत महोत्सव

सत्यमेव जयते

मास्क अप इंडिया

# रोज़गार समाचार

साप्ताहिक

*सदस्यता के लिए लॉगइन करें https://eneversion.nic.in/ @ ₹ 530 प्रति वर्ष (ई-संस्करण सहित)*

खंड 47 अंक 1 पृष्ठ 40 | नई दिल्ली 2 - 8 अप्रैल 2022 | ₹ 12.00

## महामारी के बाद दुनिया में डिजिटल अवसंरचना की भूमिका

**नीरज सिन्हा और नमन अग्रवाल**

कोरोना वायरस ने डिजिटल बुनियादी ढांचे के विकास के लिए नई शुरुआत का अवसर प्रदान किया है. डिजिटल बुनियादी ढांचा- इमारतों, सड़कों, बिजली और पानी की आपूर्ति आदि जैसे पारंपरिक बुनियादी ढांचे की आवश्यकता के अनुरूप एक महत्वपूर्ण अवसंरचना की आवश्यकता के रूप में उभरा है. क्लाउड, बिग डेटा और एआई एप्लिकेशन का उपयोग करना उद्योगों के लिए नए व्यवसाय मॉडल विकसित करने में सहायक है. ये, नागरिकों को महामारी की गंभीरता को समझने तथा निवारक उपायों को सुनिश्चित करने में मदद करते हैं और कोविड-19 महामारी ने लगातार बढ़ते डिजिटल अवसंरचना को गति प्रदान की है. इस लेख में आज के युग और दुनिया में, डिजिटल क्रांति की आवश्यकता और भारत सरकार की अब तक की पहल को रेखांकित किया गया है. इसमें महत्वपूर्ण क्षेत्रों में वित्त अनुसंधान और विकास में मदद करने के लिए सार्वजनिक धन का निवेश करके, नवाचार करके तथा सीखकर भारत के लिए विभिन्न सक्षम अवसरों पर भी प्रकाश डाला गया है.

दुनियाभर की अर्थव्यवस्थाएं अपनी डिजिटल अवसंरचना को बनाने के तरीके तैयार कर रही हैं, जिनमें डेटा, कम्प्यूटरीकृत उपकरणों, विधियों, प्रणालियों और प्रक्रियाओं के उपयोग के लिए अधिक बदलाव, चुस्त और भविष्य के लिए आवश्यक भौतिक संसाधन,



शामिल हैं. किसी समाज के कामकाज और उसके नागरिकों के जीवन की गुणवत्ता के लिए डिजिटल अवसंरचना अनिवार्य हो गई है. दुनियाभर में, देशों ने कोविड महामारी से सक्रिय रूप से निपटने के लिए अपनी डिजिटल अवसंरचना का लाभ उठाया है. आगे बढ़ते हुए, देश की डिजिटल अवसंरचना में लचीलापन कोविड-19 महामारी जैसी प्रतिकूलताओं से सफलतापूर्वक निपटने के लिए महत्वपूर्ण हो सकता है. भारत, दुनिया के सबसे अधिक आबादी वाले देशों में से एक होने के नाते, वैश्विक परिदृश्य में विशिष्ट स्थिति में है और इसमें उभरती हुई विश्व व्यवस्था में एक अग्रणी डिजिटल शक्ति बनने की क्षमता है.

भारत में लगभग आधा बिलियन इंटरनेट उपयोगकर्ता, कई स्वदेशी डिजिटल सेवाएं, प्लेटफार्म, एप्लीकेशन, कन्टेंट और समाधानों से भारत के डिजिटल पारिस्थितिकी तंत्र में बदलाव की उम्मीद है. भारत अपनी जरूरतों के अनुरूप उभरती प्रौद्योगिकियों (जैसे एआई, ब्लॉकचैन, या ड्रोन) में निवेश करने के लिए 2025 तक वैश्विक तथा स्थानीय व्यवसायों, स्टार्ट-अप्स और इनोवेटर्स के लिए एक आकर्षक अवसर का प्रतिनिधित्व कर संभावित रूप से डिजिटल परिवर्तन से आर्थिक मूल्य में पांच गुना वृद्धि कर सकता है.

कृत्रिम बुद्धिमता, ब्लैकचेन, इंटरनेट ऑफ थिंग्स (आईओटी) जैसी अग्रणी तकनीकों को हालांकि तेजी से अपनाया गया है, कोविड-19 महामारी ने डिजिटल अवसंरचना को अत्यधिक दबाव में डाल दिया है. इसने सुरक्षित दूरी के मानदंडों और देशव्यापी लॉकडाउन के कारण डिजिटल तकनीकों के अपरिहार्य उपयोग में वृद्धि की है. पूरी दुनिया में लोगों और संगठनों को काम और जीवन के नए तरीकों के साथ तालमेल बिठाना पड़ा है.

डिजिटीकरण में वृद्धि प्रमुख फर्मों और शैक्षणिक संस्थानों को वर्क-फ्रॉम-होम (डब्ल्यूएफएच) के लिए प्रेरित कर रही है. इससे ब्लॉकचैन तकनीक महत्वपूर्ण हो जाएगी और इसके लिए डिज़ाइन तथा नियमों पर शोध करना होगा. गिग वर्कर्स और गिग इकॉनमी के बड़े पैमाने पर बढ़ने की संभावना है, जिससे कार्य आवंटन, सहयोग, प्रेरणा, और कार्य अधिभार तथा प्रस्तुतिवाद के पहलुओं पर सवाल उठ रहे हैं. डिजिटल उपस्थिति में वृद्धि के साथ कार्यस्थल निगरानी और टेक्नोस्ट्रेस मुद्दे प्रमुख हो जाएंगे. सुरक्षा प्रबंधन पर शोध के साथ-साथ ऑनलाइन धोखाधड़ी बढ़ने की संभावना है. महामारी के बाद के युग में एक प्रमुख संसाधन- इंटरनेट, का नियमन महत्वपूर्ण होगा. डिजिटल मुद्रा भी, संपर्क मुक्त उपयोग के साथ, संकट की स्थितियों में महत्वपूर्ण हो

**शेष पृष्ठ 2 पर**

## रोज़गार सारांश

### डीवीसी

दामोदर वैली कॉरपोरेशन, कोलकाता को विभिन्न विधाओं में ग्रेजुएट इंजीनियर ट्रेनीज (जीईटी) की आवश्यकता

पृष्ठ : 31

### कराबीनि

कर्मचारी राज्य बीमा निगम, नई दिल्ली को विशेषज्ञ ग्रेड-II (वरिष्ठ/कनिष्ठ वेतनमान) की आवश्यकता

पृष्ठ : 22

### एनटीपीसी

एनटीपीसी लिमिटेड द्वारा कार्यकारी पदों के लिए आवेदन आमंत्रित

अंतिम तिथि : 08.04.2022

पृष्ठ : 9

### ईसीजीसी लि.

ईसीजीसी लिमिटेड द्वारा परिवीक्षाधीन अधिकारियों की भर्ती के लिए आवेदन आमंत्रित

अंतिम तिथि : 20.04.2022

पृष्ठ : 5

Follow us @Employ_News
Follow us @EmploymentNews

## सिविल सर्विस के साक्षात्कार की तैयारीः सही परिप्रेक्ष्य

**एस बी सिंह**

सिविल सर्विसेज़ की मुख्य परीक्षा के परिणामों की घोषणा के साथ ही सफल उम्मीदवारों की मनःस्थिति पर उत्साह, भय और आशा के मनोभाव हावी हो जाते हैं, जो एक प्रकार से स्वाभाविक भी है, क्योंकि महीनों या यहां तक कि वर्षों की कड़ी मेहनत के बाद सफलता लगभग उनके कदम चूमने को तैयार दिखाई देती है. यह इस प्रतियोगिता का सबसे ज्यादा परिवर्तनकारी चरण होता है, जो उम्मीदवार की पूरी दुनिया को बदल कर रख देता है. इसमें उनके जीवन के सारे मायने बदल देने की ताकत होती है. रातों-रात वह उम्मीदवार प्रतियोगी से अधिकारी बन जाता/जाती है. उसकी सामाजिक पहचान उसकी उम्मीद से ज्यादा बड़ी हो जाती है. परिवार के सदस्यों की खुशी का ठिकाना नहीं होता. वह मीडिया, रिश्तेदारों,दोस्तों,भावी प्रतियोगियों के आकर्षण का केंद्र बन जाता/जाती है. दरअसल यह कामयाबी उसे सुपर स्टार बना देती है और अगले साल के परीक्षा परिणामों की घोषणा होने तक वह इसी रुतबे का आनंद उठाता/उठाती है. यह सब बहुत शानदार दिखाई देता है, लेकिन ऐसा साक्षात्कार में उम्मीदवार का प्रदर्शन शानदार रहने पर ही संभव होता है. अन्यथा




परिस्थिति विपरीत भी हो सकती है. साक्षात्कार में हताशाजनक प्रदर्शन उम्मीदवार को दोबारा पुरानी स्थिति में पहुंचा देता है और अपने ख्वाबों की नौकरी पाने के लिए उसे फिर से नए सिरे से अर्थात प्रारंभिक परीक्षा से शुरुआत करनी पड़ती है. सभी उम्मीदवार ऐसी स्थिति का सामना करने से डरते हैं क्योंकि सिविल सर्विसेज की परीक्षा की प्रक्रिया से दोबारा गुजरना किसी भयावह सपने जैसा है. इसकी तैयारी करने में एक साल से ज्यादा समय लगता है तथा हर अवस्था पर अनिश्चय के बादल मंडराते रहते हैं. इसलिए प्रत्येक उम्मीदवार आईएएस साक्षात्कार में सराहनीय प्रदर्शन करने की भरसक कोशिश करता है ताकि उसे फिर से वह जटिल परीक्षा ना देनी पड़े. लेकिन अच्छा प्रदर्शन केवल ख्याली पुलाव पकाने से ही सुनिश्चित नहीं हो जाता. साक्षात्कार के महत्वपूर्ण पहलुओं की अच्छी समझ ही उम्मीदवारों को इस उलझन से बचा सकती हैं.

**सफलता और रैंकिंग में साक्षात्कार का महत्व:** जैसा कि प्रसिद्ध है तीन चरणों वाली सिविल सर्विसेज परीक्षा उम्मीदवार की विभिन्न योग्यताओं का मूल्यांकन करने के लिए डिज़ाइन की गई है. प्रारंभिक परीक्षा, जांच प्रक्रिया के माध्यम से गैर गंभीर और अपात्र उम्मीदवारों को बाहर रखने के लिए डिज़ाइन की गई है. मुख्य परीक्षा शिक्षा के माध्यम से प्राप्त की गई उम्मीदवार की शैक्षणिक समझ के साथ ही साथ यूपीएससी की पाठ्यचर्या पर उसकी पकड़ और उसका/उसकी विश्लेषकीय और विवेचनात्मक विचार प्रक्रिया की परख करती है. साक्षात्कार चरण में जैसा कि स्वयं यूपीएससी का कहना है उम्मीदवार के व्यक्तित्व का परीक्षण होता है. इसलिए इसे यूपीएससी की शब्दावली में व्यक्तित्व परीक्षण के नाम से भी जाना जाता है. साधारण शब्दों में कहें, तो किसी भी नौकरी के साक्षात्कार का लक्ष्य या उद्देश्य उस नौकरी के इच्छुक उम्मीदवार की उपयुक्तता का आकलन करना होता है. उदाहरण के

**शेष पृष्ठ 37 पर**

**रो.स. सप्ताह का प्रश्न**

महत्वपूर्ण मुद्दों पर पाठकों के विचार आमंत्रित हैं

प्रविष्टि भेजने की अंतिम तिथिः 13/04/2022

विजेताओं को मिलेगी निःशुल्क सदस्यता

श्रेष्ठ प्रविष्टि पृष्ठ 39

पृष्ठ 1 का शेष

## महामारी के बाद दुनिया में डिजिटल अवसंरचना की भूमिका

जाती है और अनुसंधान उनके अपनाने, परिणाम और तरीकों को संबोधित करेगा. डिजिटल उपयोग में वृद्धि के साथ निगरानी और गोपनीयता के पहलुओं को महत्व मिलता है.

**डिजिटल क्रांतिः समय की जरूरत**

भारत का डिजिटल विभाजन कम समृद्ध राज्यों और समाज के वर्गों को अधिक समृद्ध राज्यों के स्तर पर लाने के लिए तेजी से कम हो रहा है. भारत 2025 तक डिजिटल अर्थव्यवस्था से 1 ट्रिलियन डॉलर के आर्थिक मूल्य का सृजन कर सकता है, जिसमें आधे अवसर नए डिजिटल पारिस्थितिक तंत्र में उत्पन्न हो सकते हैं जो अर्थव्यवस्था के विभिन्न क्षेत्रों में उभर सकते हैं. ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म से उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों - मोबाइल डिवाइस, स्मार्ट टीवी, एलईडी लाइटिंग आदि को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है. स्वदेशी मांग में वृद्धि को पर्याप्त रूप से संबोधित करने के लिए तेजी से और एक मजबूत विनिर्माण पारिस्थितिकी तंत्र होना आवश्यक है. स्थानीय आपूर्ति श्रृंखला नेटवर्क विकसित करने की तत्काल आवश्यकता है, और इस दिशा में प्रयासों का परिणाम हो सकता है - स्वदेशी इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण में वृद्धि.

उद्योग को कोविड-19 महामारी के कारण उत्पन्न व्यवधानों को दूर करने के लिए अंशाकित निर्णय और त्रैमासिक अल्पकालिक रणनीतियों का विकास करना चाहिए. 'आत्मनिर्भर भारत' नीति स्वदेशी विनिर्माण, निर्यात प्रतिस्पर्धात्मकता को बढ़ावा देकर, कम-सरल तकनीक वाले सामान के आयात के प्रतिस्थापन को प्रोत्साहित करके और कम कीमतों (इलेक्ट्रॉनिक्स बी2बी,2020) पर स्थानीय उत्पादों को प्रोत्साहित करके देश के बाधित व्यापार संचालन को बहुत ही आवश्यक प्रोत्साहन दे सकती है. मजबूत डिजिटल अवसंरचना के विकास के लिए विशेष रूप से कनेक्टिविटी और व्यापक पहुंच को बढ़ावा देना समय की आवश्यकता है, जो 5जी, आईओटी, कृत्रिम बुद्धि, मशीन लर्निंग, ड्रोन, रोबोटिक्स, एडिटिव मैन्युफैक्चरिंग, फोटोनिक्स, नैनोडिवाइस जैसे उभरते प्रौद्योगिकी क्षेत्रों और रक्षा, कृषि, स्वास्थ्य, साइबर सुरक्षा, स्मार्ट सिटी तथा ऑटोमेशन जैसे क्षेत्रों में उनके अनुप्रयोग को अपनाने की सुविधा प्रदान कर सके.

वैश्विक इलेक्ट्रॉनिक्स बाजार 2 ट्रिलियन अमरीकी डॉलर से अधिक का होने का अनुमान है. यद्यपि वैश्विक इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण में भारत की हिस्सेदारी 2012 में 1.3 प्रतिशत से बढ़कर 2018 में 3 प्रतिशत हो गई है (इन्वेस्ट इंडिया, 2020), इसे अब भी कुछ अन्य देशों की तुलना में नगण्य माना जाता है. इलेक्ट्रॉनिक्स उद्योग किसी राष्ट्र के डिजिटल पारिस्थितिकी तंत्र का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है, उद्योग और सरकार को इस क्षेत्र में ठोस प्रयास करना चाहिए. सेमीकंडक्टर, इलेक्ट्रॉनिक्स के निर्माण खंड होने के नाते, वैश्विक इलेक्ट्रॉनिक्स पारिस्थितिकी तंत्र का केंद्र हैं. भारत में एक अत्याधुनिक सेमीकंडक्टर फैब की अनुपस्थिति एक प्रमुख क्षमता बाधा रही है. सेमीकंडक्टर निर्माण एक जटिल पूंजी गहन और अनुसंधान एवं विकास-गहन क्षेत्र है जिसे प्रौद्योगिकी में तेजी से बदलाव द्वारा परिभाषित किया गया है - जिसके लिए निरंतर अनुसंधान एवं विकास और निवेश प्रतिबद्धता की आवश्यकता होती है. सेमीकंडक्टर न केवल इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों के केंद्र में हैं, बल्कि वे तैयार उत्पादों के कुल मूल्य का एक महत्वपूर्ण हिस्सा भी हैं.

भारत में मौजूदा सेमीकंडक्टर वेफर/डिवाइस फैब्रिकेशन (फैब) सुविधाओं की स्थापना-विस्तार या इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय द्वारा भारत के बाहर सेमीकंडक्टर फैब के अधिग्रहण के लिए हाल में रुचि की अभिव्यक्ति एक स्वागत योग्य कदम है. ऐसा माना जाता है कि सबसे आधुनिक फैब (फाइनेंशियल एक्सप्रेस, 2020) के बजाय 28 एनएम का सेकेंड-हैंड फैब भारत की वर्तमान जरूरत के एक बड़े हिस्से को पूरा कर सकता है. इस पर 500-700 मिलियन डॉलर से अधिक खर्च नहीं होगा. इसके अलावा, एक माइलस्टोन आधारित तथा समयबद्ध दृष्टिकोण के साथ गैलियम नाइट्राइड फैब सहित सेमीकंडक्टर फैब निर्माण पर जोर देना भी महत्वपूर्ण है.


**अब तक भारत सरकार की पहल**

भारत ने 2024 तक 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने का एक महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित किया है. वैश्विक व्यापक आर्थिक कारकों के साथ-साथ सतर्क दृष्टिकोण और मंद घरेलू खपत उस महत्वाकांक्षा को प्राप्त करने के लिए एक गंभीर चुनौती है.

अब लीक से हटकर सोचने का समय आ गया है. प्रौद्योगिकी के नेतृत्व वाले नवाचार का उपयोग करके आर्थिक विकास करना और विकास के पुराने प्रतिमानों को तोड़ना आवश्यक है. सरकारी नीतियों, सहायता और प्रयासों से अकेले डिजिटल अर्थव्यवस्था भविष्य में 60-65 मिलियन नौकरियों के अवसर पैदा कर सकती है (फाइनेंशियल एक्सप्रेस, 2019). कुछ प्रमुख पहलों में शामिल हैं:

- डिजिटल इंडिया कार्यक्रम सरकार की प्रमुख पहलों में से एक है, जिसका राष्ट्रीय डिजिटल अवसंरचना पर जबरदस्त प्रभाव पड़ा है. इस कार्यक्रम के तहत, सरकार का लक्ष्य पूरे देश में हाई-स्पीड इंटरनेट कनेक्टिविटी प्रदान करना है. इसके अलावा, इसका उद्देश्य डिजिटल पहचान, वित्तीय समावेशन, लाभ वितरण और सामान्य सेवा केंद्रों (सीएससी) तक आसान पहुंच सुनिश्चित करने के लिए विशिष्ट पहचान (आधार) का विस्तार और लाभ उठाना भी है. 2.3 लाख ग्राम (ग्राम) पंचायतों में 3.59 लाख सीएससी का नेटवर्क डिजिटल रूप से सेवाएं प्रदान करने के लिए एक मजबूत तंत्र बन गया है. सीएससी 50 केंद्रीय और 300 से अधिक राज्य सेवाएं दे रहे हैं. इस प्रक्रिया में, सीएससी ने ग्रामीण क्षेत्रों में 1.2 मिलियन से अधिक लोगों के लिए रोजगार उत्पन्न किया है (इकनॉमिक टाइम्स, 2019).

> **पारदर्शिता बढ़ाने और गवर्नेंस में सुधार को बढ़ावा देने के लिए आधार, यूपीआई, जीएसटी, सार्वजनिक वित्त प्रबंधन प्रणाली और डिजिटल अवसंरचना के माध्यम से भारत के डिजिटिकरण के प्रयासों से कृत्रिम बुद्धिमता के लिए लाभ उठाने का अनूठा अवसर पैदा किया है.**
>
> *अमिताभ कांत*
> *मुख्य कार्यकारी अधिकारी,*
> *नीति आयोग*




नीति आयोग ने विद्यार्थियों को कृत्रिम बुद्धिमता की आकर्षक दुनिया का पता लगाने में सक्षम बनाने के लिए एक मॉड्यूल शुरू किया.

- सरकार ने आंतरिक सुरक्षा में प्रौद्योगिकी समाधान के लिए भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) बॉम्बे में और लचीले इलेक्ट्रॉनिक्स के लिए आईआईटी कानपुर में राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र (सीओई) स्थापित किए हैं. सरकार ने इंटरनेट ऑफ थिंग्स (आईओटी) के लिए नेशनल एसोसिएशन ऑफ सॉफ्टवेयर एंड सर्विसेज कंपनीज (नासकॉम) के सहयोग से बैंगलूरू में एक उत्कृष्टता केंद्र भी स्थापित किया है. इन उपायों से अत्याधुनिक तकनीकों के आने की भी उम्मीद है. (इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय, 2019)
- अंतराल को दूर करने के लिए, देश में और इकाइयां स्थापित करने के वास्ते प्रमुख वैश्विक इलेक्ट्रॉनिक्स निर्माताओं को उनकी आपूर्ति श्रृंखला के साथ आकर्षित करने के लिए रेडी बिल्ट फैक्ट्री (आरबीएफ) शेड/प्लग तथा प्ले सहित सामान्य सुविधाओं के साथ विश्व स्तरीय बुनियादी ढांचे के निर्माण के लिए सहायता प्रदान करने के लिए, संशोधित इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण क्लस्टर (ईएमसी 2.0) योजना को अप्रैल 2020 में अधिसूचित किया गया है. (इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय, 2021).
- इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों और सेमीकंडक्टर के विनिर्माण को बढ़ावा देने की योजना (एसपीईसीएस), अप्रैल 2020, इलेक्ट्रॉनिक घटकों और सेमीकंडक्टर के घरेलू निर्माण में कमियों को दूर करने तथा देश में इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करने में मदद करेगी (इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय, 2020).
- बड़े पैमाने पर इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण के लिए उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन योजना (पीएलआई), अप्रैल 2020, घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा देने और मोबाइल फोन निर्माण तथा असेंबली, टेस्टिंग, विपणन और पैकेजिंग (एटीएमपी) इकाइयों सहित निर्दिष्ट इलेक्ट्रॉनिक घटकों में बड़े निवेश को आकर्षित करने के लिए उत्पादन से जुड़े प्रोत्साहन की पेशकश करती है. (इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय)
- व्यापक हितधारकों के परामर्श के बाद तैयार की गई इलेक्ट्रॉनिक्स राष्ट्रीय नीति 2019 (एनपीई 2019) का उद्देश्य चिपसेट सहित मुख्य घटकों को विकसित करने के लिए देश में क्षमताओं को प्रोत्साहित कर निर्यात पर जोर देने के साथ भारत को ईएसडीएम के लिए एक वैश्विक केंद्र के रूप में स्थापित करना और विश्व स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने के लिए उद्योग के वास्ते सक्षम वातावरण बनाना है (इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय, 2019).

जीवंत आईटी-बीपीएम, दूरसंचार, ई-कॉमर्स, इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्र, वर्चुअल रियल्टी (वीआर), संवर्धित वास्तविकता (एआर), ब्लॉकचैन, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), रोबोटिक्स, एनालिटिक्स ऑटोमेशन, क्लाउड, साइबर-सुरक्षा, मोबाइल और सोशल मीडिया जैसी तकनीकों से लैस नए डिजिटल स्टार्टअप की भरमार, 2025 तक कुल 250 बिलियन डॉलर के सकल मूल्य को प्राप्त करने में मदद कर सकते हैं (फाइनेंशियल एक्सप्रेस, 2019). भारत ने 2024 तक अपनी अर्थव्यवस्था को 5 ट्रिलियन डॉलर तक बढ़ाने का महत्वाकांक्षी लक्ष्य रखा है. इसने और अधिक डिजिटल होने के लिए कई प्रयास किए हैं. डिजिटल इंडिया मिशन को डिजिटल सुरक्षा और भरोसे पर आधारित बनाने की कल्पना की गई है. डिजिटल भरोसे का निर्माण पूरे समाज, व्यवसाय और डिजिटल सेवाओं का उपयोग

शेष पृष्ठ 5 पर

### महत्वपूर्ण सूचना

हम सं.लो.से.आ., क.च.आ., रेलवे भर्ती बोर्ड आदि द्वारा आयोजित विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के परिणाम प्रकाशित करते समय पूरी सावधानी रखते हैं. यद्यपि, अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे आधिकारिक अधिसूचना/गज़ट की जांच कर लें. अनजाने में हुई मुद्रण त्रुटि के लिए रोज़गार समाचार ज़िम्मेदार नहीं होगा.

### डिस्क्लेमर

रोज़गार समाचार में प्रकाशित आलेखों में व्यक्त विचार लेखकों के अपने होते हैं. यह आवश्यक नहीं है कि ये विचार सरकार अथवा उस संगठन के हों, जिससे वे संबंधित हैं.

रोज़गार समाचार में प्रकाशित विज्ञापनों की सामग्री संगठन अथवा उनके प्रतिनिधियों से संबंधित होती है. अभ्यर्थियों को आवेदन करने से पहले सामग्रियों के सही होने और उनके प्रभावों के बारे में स्वयं को अवश्य संतुष्ट कर लेना चाहिए. इन विज्ञापनों की विषयवस्तु/पाठ्य सामग्री को लेकर उत्पन्न किसी भी दायित्व के प्रति रोज़गार समाचार जिम्मेदार नहीं है.

# डिजिटल भुगतान अवसंरचना डिजिटल अर्थव्यवस्था का एक महत्वपूर्ण घटक

बी एस पुरकायस्थ

डिजिटल इंडिया क्रांति में अगला बड़ा कदम सरकार द्वारा अधिदेशित डिजिटल रुपये की शुरुआत होगी. वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने हाल ही में आईआईटी बॉम्बे एलुमनी एसोसिएशन के अपने संबोधन में कहा था कि भारत की डिजिटल अर्थव्यवस्था में इंटरनेट की पहुंच और बढ़ती आय के कारण 2030 तक 800 अरब की व्यापक वृद्धि होने की उम्मीद है. एक बार फिर से, पिछले महीने इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि भीम-यूपीआई देश में पसंदीदा भुगतान मोड के रूप में उभरा है और जनवरी 2022 में 8.31 लाख करोड़ रुपये मूल्य के 461.71 करोड़ से अधिक डिजिटल भुगतान लेनदेन का रिकॉर्ड हासिल किया है. इससे पहले, मंत्री ने ट्वीट किया था कि भारत ने 2020 में 25.4 अरब डिजिटल लेनदेन दर्ज किए- जो कि चीन में 15.7 अरब डिजिटल लेनदेन की तुलना में 1.6 गुना और संयुक्त राज्य अमरीका में हुए 1.2 अरब लेनदेन से 21 गुना अधिक है.

ये बयान देश के विकास में डिजिटल अर्थव्यवस्था और विशेष रूप से डिजिटल भुगतान के बुनियादी ढांचे का महत्व उजागर करते हैं. भारत का डिजिटल उपभोक्ता आधार दुनिया में दूसरा सबसे बड़ा है और प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में दूसरी सबसे तेज दर से बढ़ रहा है. इसका समावेशी डिजिटल मॉडल देश के भीतर डिजिटल विभाजन को कम कर रहा है और लोगों के सभी वर्गों तक प्रौद्योगिकी का लाभ पहुंचा रहा है. देश फिनटेक और डिजिटल भुगतान नवाचार में विश्व में अग्रणी के रूप में उभरा है. आज इसके 6,300 से अधिक फिनटेक हैं, जिनमें से 28 प्रतिशत निवेश प्रौद्योगिकी में, 27 प्रतिशत भुगतान में, 16 प्रतिशत उधार में, और 9 प्रतिशत बैंकिंग बुनियादी ढांचे में हैं, जबकि 20 प्रतिशत से अधिक अन्य क्षेत्रों में हैं. आम भारतीय ने डिजिटल भुगतान को अपनाकर फिनटेक पारिस्थितिकी तंत्र में अत्यधिक विश्वास दिखाया है और यह उचित रूप से माना जा सकता है कि हम इस क्षेत्र में बड़ी प्रगति करना जारी रखेंगे.

## डिजिटल भुगतान को बढ़ावा

भारत में डिजिटल भुगतान परिदृश्य में नए उत्पादों की एक शृंखला देखी जा सकती है, जिनमें से प्रत्येक, अन्य की तुलना में अधिक परिवर्तनकारी है. भारतीय उपभोक्ताओं ने भी हर नई भुगतान प्रणाली को अपनाया है, जिससे डिजिटल प्रौद्योगिकी के प्रति उनकी गहरी रुचि प्रदर्शित होती है, और डिजिटल भुगतान बुनियादी ढांचे का तेजी से विकास हुआ है. पिछले तीन वर्षों के दौरान देश में डिजिटल भुगतान लेनदेन में जबरदस्त वृद्धि देखी गई है. आसान और सुविधाजनक डिजिटल भुगतान मोड जैसे भारत इंटरफेस फॉर मनी-यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (भीम-यूपीआई), तत्काल भुगतान सेवा (आईएमपीएस), प्रीपेड पेमेंट इंस्ट्रूमेंट्स (पीपीआई), एनईटीसी (नेशनल इलेक्ट्रॉनिक टोल कलेक्शन) ने पर्याप्त वृद्धि दर्ज की है और व्यक्ति से व्यक्ति (पी 2 पी) और व्यक्ति से व्यापारी (P2M) भुगतानों को बढ़ाकर डिजिटल भुगतान पारिस्थितिकी तंत्र का कायाकल्प कर दिया है. इसी समय, मौजूदा भुगतान मोड जैसे डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड, एनईएफटी (नेशनल इलेक्ट्रॉनिक फंड ट्रांसफर), आरटीजीएस (रियल-टाइम ग्रॉस सेटलमेंट) भी तेज गति से बढ़े हैं.

**पिछले तीन वर्षों और चालू वर्ष के दौरान देश में किए गए डिजिटल भुगतानों की कुल संख्या नीचे दी गई है:**

| वित्तीय वर्ष | डिजिटल लेनदेन की कुल संख्या (करोड़ रुपये में)# | डिजिटल लेनदेन का कुल मूल्य (लाख करोड़ रुपये में)# |
|---|---|---|
| 2018-19 | 3134 | 2482 |
| 2019-20 | 4572 | 2953 |
| 2020-21 | 5554 | 3000 |
| 2021-22* | 6754 | 2266 |

**स्रोत: आरबीआई, एनपीसीआई और बैंक**

**# नोट: डिजिटल भुगतान मोड पर विचार किया गया:** भीम-यूपीआई, आईएमपीएस, एनएसीएच, एईपीएस, एनईटीसी, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड, एनईएफटी, आरटीजीएस, पीपीआई और अन्य.

* अनंतिम डेटा (6 फरवरी, 2022 तक)

उपर्युक्त विवरण से पता चलता है कि चार वर्ष की अवधि में पंजीकृत डिजिटल लेनदेन की संख्या में 115 प्रतिशत की वृद्धि हुई है. नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (एनपीसीआई) और आरबीआई से प्राप्त आंकड़ों के अनुसार, सात वर्षों की अवधि में 2020-21 के दौरान समग्र डिजिटल लेनदेन में 19 गुना वृद्धि हुई है. इसके अलावा, आधार सक्षम भुगतान प्रणाली (एईपीएस) वित्त वर्ष 2020-21 के दौरान अंतर-बैंक लेनदेन ने पिछले चार वर्षों में नौ गुना वृद्धि दर्ज की है.

भारत का स्वयं भुगतान प्लेटफॉर्म-यूपीआई देश के पसंदीदा डिजिटल भुगतान विकल्प के रूप में उभरा है, जिसमें वित्त वर्ष 2020-21 के दौरान 22 अरब से अधिक लेनदेन पंजीकृत हैं, जो पिछले तीन वर्षों में चार गुना वृद्धि दर्शाते है. वास्तव में, दुनियाभर के कई देश अपने-अपने यहां यूपीआई की सफलता का अनुकरण करने की कोशिश कर रहे हैं. हाल ही में, भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई), जिसने यूपीआई विकसित किया, ने कहा कि नेपाल भारत के बाहर पहला देश होगा जिसने यूपीआई को अपने डिजिटल भुगतान मंच के रूप में अपनाया है. जुलाई 2022 तक, भारतीय रिजर्व बैंक यूपीआई को मोनेटरी अथॉरिटी ऑफ सिंगापुर (एमएएस) के भुगतान ऐप पे-नॉव से जोड़ देगा, जिससे भारत और सिंगापुर के बीच सीमा पार से तत्काल भुगतान की, कम लागत वाली सुविधा कायम होगी.

## डिजिटल भुगतान के लाभ

i. **भुगतान का त्वरित और सुविधाजनक तरीका:** नकद के विपरीत, भीम-यूपीआई, आईएमपीएस जैसे डिजिटल मोड का उपयोग करके तुरंत लाभार्थी के खाते में पैसा अंतरित किया जा सकता है. इसके अलावा, भीम-यूपीआई मोड का उपयोग करके, कोई भी मोबाइल फोन के माध्यम से वीपीए (वर्चुअल प्राइवेट एड्रेस) नामक ईमेल प्रकार के पते के साथ डिजिटल लेनदेन को कार्यान्वित कर सकता है.

ii. **वित्तीय समावेशन में वृद्धि:** डिजिटल भुगतान को कार्यान्वित करने के लिए, किसी भी व्यक्ति को बैंक खाते की आवश्यकता होती है जहां से वह भुगतान कर सके या स्वीकार कर सके. इसलिए, डिजिटल भुगतान को अपनाकर, अधिक बैंक रहित व्यक्तियों को बैंकिंग प्रणाली के अंतर्गत लाया जाता है.

iii. **कोविड-19 महामारी के दौरान बढ़ी स्वीकार्यता:** कोविड-19 महामारी ने हमें डिजिटल भुगतान का लाभ और स्वास्थ्य सेवा को सक्षम बनाने में इसकी भूमिका के बारे में सिखाया है. यूपीआई क्यूआर कोड, एनएफसी (नियर फील्ड कम्युनिकेशन) सक्षम कार्ड जैसे संपर्क रहित माध्यम डिजिटल भुगतान में सामाजिक दूरी के ''नए सामान्य'' को प्रोत्साहित कर रहे हैं. महामारी और उसके बाद के लॉकडाउन के दौरान, डिजिटल भुगतान ने अर्थव्यवस्था को ऑनलाइन भुगतान में कई गुना उछाल के साथ चालू रखने में मदद की है.

iv. **भुगतान में नवाचार को बढ़ावा देना:** भीम-यूपीआई के तहत अनेक मानक एपीआईज (एप्लीकेशन प्रोग्रामिंग इंटरफेस) के एक सेट का उपयोग किया जा रहा है ताकि स्मार्टफोन अपनाने में बढ़ोतरी, इंडियन लैंग्विज इंटरफेस और इंटरनेट तथा डेटा तक सार्वभौमिक पहुंच जैसी प्रवृत्तियों का लाभ अगली पीढ़ी के ऑनलाइन तत्काल भुगतान की सुविधा के लिए उठाया जा सके.

v. **राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिक टोल संग्रह (एनईटीसी):** राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिक टोल संग्रह (एनईटीसी) प्रणाली ग्राहक को आरएफआईडी (रेडियो फ्रीक्वेंसी आइडेंटिफिकेशन) तकनीक का उपयोग करके टोल पर रुके बिना राजमार्ग पर एनईटीसी सक्षम टोल प्लाजा पर इलेक्ट्रॉनिक भुगतान करने में सक्षम बनाती है. एनईटीसी लेनदेन की संख्या अप्रैल 2017 के 74.1 लाख से बढ़कर जनवरी 2022 में 2,310.1 लाख हो गई है.

vi. **भारत बिल भुगतान प्रणाली:** भारत बिल भुगतान प्रणाली (बीबीपीएस) इंटरनेट बैंकिंग, मोबाइल बैंकिंग, मोबाइल ऐप, भीम-यूपीआई आदि, कई चैनलों के माध्यम से उपभोक्ताओं को एक अंतर-प्रचालनीय और सुगम बिल भुगतान सेवा प्रदान करती है. वर्तमान में, भारत भर से 20 श्रेणियों के बिलर्स को बीबीपीएस पर जोड़ा जा रहा है. बीबीपीएस ने पिछले कुछ वर्षों में महत्वपूर्ण प्रगति की है. बीबीपीएस लेनदेन की संख्या अक्टूबर 2017 की 7.6 लाख से बढ़कर जनवरी 2022 में 627.1 लाख हो गई है.

vii. **क्यूआर कोड प्रौद्योगिकी को तेजी से अपनाना:** विमुद्रीकरण के बाद, क्यूआर कोड के लिए स्वीकृति बुनियादी ढांचे में जबरदस्त वृद्धि देखी गई है. नतीजतन, क्यूआर आधारित भुगतान तेजी से बढ़ रहे हैं. सेवाओं, ईंधन, किराना, भोजन, यात्रा और कई अन्य श्रेणियों के बिलों का भुगतान करने के लिए कोई भी क्यूआर कोड स्कैन कर सकता है.

viii. **बेहतर गति और समय पर डिलीवरी:** नकद भुगतान के विपरीत, डिजिटल भुगतान वस्तुतः तात्कालिक हो सकता है, भले ही प्रेषक और प्राप्तकर्ता एक ही शहर, जिले या देश में न भी हों.

xi. **सरकारी प्रणाली में बढ़ी पारदर्शिता:** पहले, विशेष रूप से सामाजिक सुरक्षा लाभों के संदर्भ में सरकारी अंतरण के तहत, नकद भुगतान, ''लीकेज'' (यानी पूरी राशि प्राप्तकर्ता तक नहीं पहुंचती थी) और ''घोस्ट'' (यानी नकली प्राप्तकर्ताओं) का शिकार हो जाते थे. परन्तु, अब डिजिटल भुगतान के माध्यम से लाभ सीधे लक्षित लाभार्थी के खाते में अंतरित (प्रत्यक्ष लाभ अंतरण) किए जाते हैं. वित्त वर्ष 2021-2022 के दौरान 312 योजनाओं के तहत 4.6 लाख करोड़ रुपये मूल्य का लेनदेन डीबीटी के माध्यम से किया गया है.

x. **सुरक्षित और संरक्षित:** नकद भुगतान प्राप्त करने वालों को न केवल अक्सर अपने भुगतान प्राप्त करने के लिए काफी दूरी तय करनी पड़ती है, बल्कि उनके, विशेष रूप से चोरी हो जाने की आशंका रहती है, जबकि डिजिटल भुगतान अधिक सुरक्षित होते हैं-जिनमें लेनदेन से पूर्व प्रमाणीकरण के कई स्तर होते हैं.

xi. **डिजिटल भुगतान का वैश्वीकरण:** स्वदेश में विकसित भारत का भीम-यूपीआई (भारत इंटरफेस फॉर मनी-यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस) और रुपे कार्ड, डिजिटल भुगतान को कार्यान्वित करने के लिए विश्वस्तरीय प्लेटफॉर्म हैं. वैश्विक प्रौद्योगिकी-दिग्गज, गूगल ने अमरीकी फेडरल रिजर्व से अनुशंसा की है कि डिजिटल भुगतान के मामले में भारत के यूपीआई जैसे प्लेटफॉर्म को भी अपनाया जा सकता है.

xii. **ऋण सुविधाएं:** डिजिटल भुगतान ऋण सहित औपचारिक वित्तीय सेवाओं तक नागरिकों की पहुंच बढ़ाते हैं. छोटे पैमाने के उद्यमियों की अक्सर औपचारिक ऋण तक सीमित पहुंच होती है. बैंक और नई ऋण देने वाली कंपनियां डिजिटल लेनदेन इतिहास की समीक्षा करने और नागरिकों को ऋण प्रदान करने में सक्षम हैं.

xiii. **फिनटेक को बढ़ावा देना:** फिनटेक ने पारदर्शी, सुरक्षित, त्वरित और किफायती तंत्र कायम करते हुए डिजिटल लेनदेन के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, जिससे समूचे डिजिटल भुगतान परिवेश को लाभ पहुंचा है. फिनटेक ने पर्सन टू पर्सन (पी2पी) के साथ-साथ पर्सन टू मर्चेंट (पी2एम) भुगतान को बढ़ावा देते हुए डिजिटल भुगतान परिदृश्य को बदल दिया है.

**ग्रामीण भारत में डिजिटल अंतराल दूर करना:** डिजिटल सेवाओं के इस समूचे परिदृश्य का केन्द्र बिन्दु मोबाइल फोन के माध्यम से डिजिटल लेनदेन है. परन्तु, विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में, लोगों का एक बड़ा वर्ग है, जो ऑनलाइन लेनदेन की सुविधा के लिए सामान्य सेवा केंद्रों (सीएससीज) पर निर्भर हैं. ये ऑनलाइन लेनदेन कई तरह की सेवाओं में होते हैं लेकिन ये सभी डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर नेटवर्क पर चलते हैं. 2017-18 से 2019-20 के दौरान सामान्य सेवा केंद्रों में उपलब्ध्व प्रमुख सेवाओं का विवरण नीचे दिया गया है:

**सामान्य सेवा केंद्रों (सीएससीज) में किए गए लेनदेन (संख्या लाख में)**

| सेवा का प्रकार | 2017-18 | 2018-19 | 2019-20 |
|---|---|---|---|
| बीसीए बैंकिंग (बिजनेस कॉरस्पंडेंट एजेंट) | 522.20 | 710.37 | 810.31 |
| डिजीपे + डीएमटी (घरेलू धन हस्तांतरण) | 422.14 | 350.96 | 224.33 |
| बीमा (नया व्यवसाय) | 3.49 | 6.59 | 15.24 |
| बीमा (नवीकरण) | 11.77 | 16.74 | 22.19 |
| पैन- आवेदन | 86.00 | 71.97 | 80.84 |
| ईपीआईसी प्रिन्टिंग | 26.24 | 23.26 | 12.97 |
| भारत बिल पेमेंट सिस्टम (बीबीपीएस) | 3.30 | 12.82 | 9.93 |
| एफएसएसएआई | 3.94 | 7.03 | 4.48 |
| बिजली बिल भुगतान | 56.40 | 96.18 | 164.20 |
| पासपोर्ट अप्लीकेशन | 3.18 | 4.06 | 4.53 |
| ई-टिकट | 0.31 | 3.73 | 12.46 |
| स्वच्छ भारत अभियान (अप्लीकेशन) | 3.68 | 3.13 | 2.01 |
| एनपीएस और एपीवाई (अटल पेंशन योजना) | 0.31 | 0.27 | 1.08 |
| ई-रिचार्ज | 76.52 | 39.32 | 47.15 |
| आईआरसीटीसी टिकट बुकिंग | 2.33 | 5.93 | 11.43 |
| अन्य टूअर्स और ट्रैवल्स | 1.79 | 3.34 | 2.02 |

**स्रोत : सीएससी पोर्टल**

ग्रामीण क्षेत्रों में डिजिटल भुगतान को बढ़ावा देने के लिए सरकार द्वारा विभिन्न उपाय किए गए गए हैं, जिनमें भीम आधार, एईपीएस और *99# जैसी सुविधाजनक डिजिटल भुगतान प्रणालियों की शुरुआत शामिल है. *99# एनपीसीआई की एक यूएसएसडी (अनस्ट्रक्चर्ड सप्लीमेंट्री सर्विस डेटा) आधारित मोबाइल बैंकिंग सेवा है. बैंकिंग ग्राहक अपने मोबाइल फोन पर *99# डायल करके इस सेवा का लाभ उठा सकते हैं और मोबाइल स्क्रीन पर प्रदर्शित एक इंटर-एक्टिव मेनू के माध्यम से लेनदेन कर सकते हैं (केवल लाइव टीएसपीज के लिए उपलब्ध). *99# सर्विस के तहत दी जाने वाली प्रमुख सेवाओं में अंतरबैंक खाता धन संप्रेषण और प्राप्ति, शेष राशि की पूछताछ, यूपीआई पिन

शेष पृष्ठ 4 पर

पृष्ठ 3 का शेष

## डिजिटल भुगतान अवसंरचना: डिजिटल अर्थव्यवस्था का एक ...

सेट करना/बदलना और अन्य सेवाएं शामिल हैं. *99# सेवा वर्तमान में 83 अग्रणी बैंकों और सभी जीएसएम सेवा प्रदाताओं द्वारा प्रदान की जाती है और इसे हिंदी और अंग्रेजी सहित 13 विभिन्न भाषाओं में एक्सेस किया जा सकता है. *99# सेवा विशिष्ट अंतर-संचालित प्रत्यक्ष उपभोक्ता सेवा है जो बड़े पैमाने पर ग्राहकों को मोबाइल फोन (बेसिक और स्मार्टफोन) पर बैंकिंग सेवाएं प्रदान करने के लिए एक अद्वितीय मंच है जो विविध पारिस्थितिकी तंत्र भागीदारों, जैसे बैंकों और टीएसपीज (दूरसंचार सेवा प्रदाताओं) को एक साथ लाती है.

ग्रामीण भारत में डिजिटल भुगतान को सर्वव्यापी बनाने और देश को ''कम-नकदी'' आधारित अर्थव्यवस्था की ओर ले जाने के लिए, सरकार जागरूकता उपायों सहित ग्रामीण क्षेत्रों में डिजिटल भुगतान को बढ़ावा देने के लिए कई कदम उठा रही है. ये हैं:-

1. **प्रधान मंत्री ग्रामीण डिजिटल साक्षरता अभियान (पीएमजीदिशा):** इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्रालय (एमईआईटीवाई) ने ग्रामीण भारत में डिजिटल साक्षरता के लिए पीएमजीदिशा की शुरुआत की है. पीएमजीदिशा योजना के तहत दिए जाने वाले प्रशिक्षण में डिजिटल भुगतान के विभिन्न तरीकों के बारे में जागरूकता पैदा करना शामिल है.
2. **डिजिटल भुगतान जागरूकता शिविर:** आरबीआई ने बैंकों को सलाह दी है कि वे अपने वित्तीय साक्षरता केंद्रों (एफएलसी) के माध्यम से यूपीआई और *99# (यूएसएसडी) के ज़रिए ''गोइंग डिजिटल'' के बारे में प्रति माह दो शिविरों का आयोजन करें और विभिन्न लक्षित समूहों जैसे किसान, सूक्ष्म और लघु उद्यमी, स्कूली बच्चे, स्वयं सहायता समूह और वरिष्ठ नागरिकों के लिए विशेष शिविर आयोजित किए जाएं. बैंकों की ग्रामीण शाखाओं को डिजिटल भुगतान पर प्रति माह एक शिविर आयोजित करने की आवश्यकता है.
3. **वित्तीय साक्षरता केंद्र (सीएफएल) परियोजना:** वित्तीय साक्षरता पर विशेष ध्यान देने के लिए ब्लॉक स्तर पर वित्तीय साक्षरता केंद्र स्थापित किया गया है. यह प्रायोगिक परियोजना रिजर्व बैंक ने शुरू थी और इसे चरणबद्ध तरीके से पूरे देश में विस्ताारित किया जा रहा है. डिजिटल भुगतान के बारे में जागरूकता, इस परियोजना के तहत शामिल प्रमुख क्षेत्रों में से एक है.
4. **वित्तीय साक्षरता प्रशिक्षण कार्यक्रम:** ग्रामीण क्षेत्रों में वित्तीय साक्षरता और डिजिटल भुगतान के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) द्वारा प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाए गए हैं.
5. **आधार सक्षम भुगतान प्रणाली (एईपीएस):** एईपीएस और भीम-आधार ग्रामीण क्षेत्रों में डिजिटल भुगतान को सक्षम बना रहे हैं. एनपीसीआई ने ग्रामीण क्षेत्रों में वित्तीय समावेशन के विस्ताार के लिए, संपर्क रहित एईपीएस को बढ़ावा देने के वास्ते फेस ऑथेंटिकेशन और आईआरआईएस आधारित एईपीएस का संचालन प्रायोगिक आधार पर किया है.

### डिजिटल फ्रॉड की आशंका

जैसे-जैसे डिजिटल भुगतान और ऑनलाइन लेनदेन आम हो गए हैं, डिजिटल धोखाधड़ी की आशंका भी वास्तविक है. रिजर्व बैंक जैसे नियामक निकायों के साथ सरकार ने विभिन्न डिजिटल प्लेटफॉर्मों की सुरक्षा और संरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कई कदम उठाए हैं. इंडियन कंप्यूटर इमरजेंसी रेस्पांस टीम, (सीईआरटी-इन), सुरक्षित डिजिटल लेनदेन सुनिश्चित करने के लिए नवीनतम साइबर खतरों और प्रतिरोधी-उपायों के बारे में अलर्ट और सलाह जारी करती है. सीईआरटी-इन फ़िशिंग वेबसाइटों को ट्रैक और अक्षम करने और धोखाधड़ी गतिविधियों की जांच की सुविधा के लिए सेवा प्रदाताओं, नियामकों और कानून प्रवर्तन एजेंसियों (एलईए) के साथ समन्वय में काम करती है. उपयोगकर्ताओं के लिए उनके डेस्कटॉप, मोबाइल/स्मार्ट फोन को सुरक्षित करने और फ़िशिंग हमलों को रोकने के लिए सुरक्षा युक्तियां प्रकाशित की जाती हैं. देश में पीपीआई जारी करने वाली सभी अधिकृत संस्थाओं/बैंकों को सीईआरटी-इन द्वारा आरबीआई के माध्यम से सीईआरटी-इन के पैनलबद्ध लेखा परीक्षकों से प्राथमिकता के आधार पर विशेष ऑडिट करने और उसके बाद ऑडिट रिपोर्ट के निष्कर्षों का अनुपालन करने और सुरक्षा संबंधी सर्वोत्तम प्रथाओं का कार्यान्वयन सुनिश्चित करने के लिए तत्काल कदम उठाने की सलाह दी गई है.

सीईआरटी-इन ने मौजूदा और संभावित साइबर सुरक्षा खतरों के बारे में आवश्यक स्थितिजन्य जागरूकता पैदा करने के लिए राष्ट्रीय साइबर समन्वय केंद्र (एनसीसीसी) की भी स्थापना की है. सीईआरटी-इन वित्तीय क्षेत्र से रिपोर्ट की गई साइबर सुरक्षा घटनाओं के जवाब, नियंत्रण और शमन के लिए कंप्यूटर सिक्योबरिटी इंसिडेंट रेस्पांनस टीम-फिनांस सेक्टर (सीएसआईआरटी-फिन) के संचालन के लिए आवश्यक नेतृत्व प्रदान करता है.

### डिजिटल भुगतान सुरक्षित करना

आरबीआई ने डिजिटल भुगतान लेनदेन (कार्ड लेनदेन सहित) की सुरक्षा बढ़ाने और धोखाधड़ी से निपटने के लिए कई कदम उठाए हैं. इनमें ग्राहकों को प्रदान किए जा रहे विभिन्न लाभ (लेन-देन की बढ़ी हुई सुरक्षा, शिकायत निवारण तंत्र में दक्षता आदि के संदर्भ में) भी शामिल हैं. बैंकों को सूचित किया गया है कि वे बैंक की अपनी जोखिम धारणा के आधार पर लेनदेन सीमा, लेनदेन वेग सीमा, धोखाधड़ी जांच और ऐसे ही अन्य उचित जोखिम शमन उपाय करे.

डिजिटल लेनदेन से संबंधित सेवाओं में कमी के खिलाफ शिकायतों के निवारण के लिए लोकपाल तंत्र प्रदान करने के लिए, आरबीआई ने सार्वजनिक हित में और भुगतान प्रणालियों से संबंधित व्यवसाय के निष्पक्ष संचालन के हित में 'डिजिटल लेनदेन के लिए लोकपाल योजना, 2019' भी शुरू की है. इसके अलावा, 50 करोड़ रुपये से अधिक के वार्षिक कारोबार वाले व्यावसायिक प्रतिष्ठानों के लिए अनिवार्य किया गया है कि वे अपने ग्राहकों को भुगतान के कम लागत वाले डिजिटल मोड की पेशकश करेंगे और ग्राहकों के साथ-साथ व्यापारियों पर भी इसके लिए कोई शुल्क या मर्चेंट डिस्काउंट रेट (एमडीआर) नहीं लगाएंगे. 1 जनवरी, 2020 से रुपे डेबिट कार्ड; भीम-यूपीआई; और यूपीआई क्यूआर कोड/भीम-यूपीआई क्यूआर कोड के माध्यम से किए गए भुगतान पर मर्चेंट डिस्काउंट रेट (एमडीआर) सहित सभी शुल्क; माफ कर दिए गए है.

### डिजिटल रुपये का इंतजार

खुदरा वित्तीय लेनदेन को और अधिक सुविधाजनक बनाने से परे, डिजिटल भुगतान नेटवर्क का थोक, उच्च मूल्य वाले व्यावसायिक लेनदेन जैसे वाणिज्यिक भुगतान, संस्थागत वित्तीय हस्तांतरण या सरकारी वित्तीय सहायता पर गहरा प्रभाव पड़ा है. डिजिटल इंडिया क्रांति में अगला बड़ा कदम सरकार द्वारा अनिवार्य डिजिटल रुपये की शुरुआत होगी. केंद्रीय बजट 2022 के अपने भाषण में, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने घोषणा की कि भारतीय रिजर्व बैंक वित्त वर्ष 22-23 में एक सेंट्रल बैंक डिजिटल करेंसी (सीबीडीसी) प्रारंभ करेगा. सीबीडीसी डिजिटल भुगतान तंत्र का एक और रूप होगा. आरबीआई द्वारा प्रवर्तित सीबीडीसी क्या आकार लेगा, यह अभी पता नहीं चल पाया है. परन्तु, केंद्रीय बैंक संचालित डिजिटल मुद्रा में स्पष्ट लाभ हैं, क्योंकि आज, देशों के बीच थोक भुगतान होता है, संस्थानों के बीच बड़े लेनदेन और विभिन्न देशों के केंद्रीय बैंकों के बीच बड़े लेनदेन होते हैं, जो सभी डिजिटल मुद्रा के साथ बेहतर रूप से सक्षम होते हैं. सीबीडीसी में महत्वपूर्ण लाभ प्रदान करने की क्षमता है, जैसे कि नकदी पर निर्भरता में कमी और लेन-देन लागत में कमी आने से सिक्का ढलाई मुनाफे में वृद्धि और निपटान जोखिम में कमी. इस प्रकार सीबीडीसी की शुरुआत संभवतः अधिक मजबूत, कुशल, विश्वसनीय, विनियमित और वैध मुद्रा-आधारित भुगतान विकल्प का कारण बन सकती है. बेशक, कुछ संबद्ध जोखिम हैं जिनका संभावित लाभों के संदर्भ में सावधानीपूर्वक मूल्यांकन करने की आवश्यकता है.

### नया डिजिटल पारिस्थितिकी तंत्र

इस बीच, सरकार डिजिटल भुगतान के बुनियादी ढांचे को मजबूत करना जारी रखे हुए है. नेशनल इंटरनेट एक्सचेंज ऑफ इंडिया (एनआईएक्स आई) ने पेमेंट गेटवे सेवाओं की पेशकश के लिए पे-यू और एनएसडीएल के साथ साझेदारी की है. एनआईएक्सआई अपने सदस्यों और भागीदारों को डिजिटल भुगतान के विभिन्न तरीकों के माध्यम से सदस्यता, डोमेन पंजीकरण शुल्क और कंपनी की किसी भी अन्य सेवाओं के संबंध में भुगतान करने में सक्षम बनाने के लिए एक ऑनलाइन भुगतान संग्रह सेवा लागू कर रहा है. अपनी सभी ग्राहक-उन्मुख वेबसाइटों पर भुगतान गेटवे के इस एकीकरण से वास्तविक समय भुगतान की पेशकश, निर्बाध सेवाएं प्रदान करने और सभी हितधारकों को निर्बाध अनुभव सुनिश्चित करने के द्वारा एनआईएक्सआई के ग्राहकों के लिए उपयोग में आसानी होगी. पेमेंट गेटवे बाजार मुख्य रूप से ई-कॉमर्स सेवाओं और ऑनलाइन भुगतान अनुप्रयोगों की बढ़ती पहुंच से प्रेरित है. फोनपे, पेटीएम, मोबिक्विक और अन्य मोबाइल भुगतान एप्लिकेशन तकनीकी प्रगति के साथ-साथ विकास को गति दे रहे हैं जो डिजिटल भुगतान को आसान और सुरक्षित बनाते हैं.

इलेक्ट्रॉनिक बिल (ई-बिल) प्रसंस्करण प्रणाली का शुभारंभ इस संबंध में एक और दूरगामी पहल है. यह व्यापक पारदर्शिता लाने और भुगतान की प्रक्रिया में तेजी लाने के लिए 'ईज ऑफ डूइंग बिजनेस (ईओडीबी) और डिजिटल इंडिया इको-सिस्टम' का हिस्सा है. ई-बिल पहल आपूर्तिकर्ताओं और ठेकेदारों को अपना दावा ऑनलाइन जमा करने की अनुमति देकर पारदर्शिता, दक्षता और फेसलेस-पेपरलेस भुगतान प्रणाली को बढ़ाएगी जो वास्तविक समय के आधार पर ट्रैक करने योग्य होगी.

### डिजिटल अर्थव्यवस्था के सपने को साकार करना

भारत में एक मजबूत नियामक प्रणाली और बड़े मूल्य एवं खुदरा भुगतान की सुदृढ़ प्रणाली है जिसने इन भुगतान प्रणालियों में लेनदेन की मात्रा में तेजी से वृद्धि में योगदान दिया है. भारत के फिनटेक उद्योग, जो भारत में डिजिटल भुगतान क्रांति का स्रोत है, का संयुक्त मूल्यांकन अगले तीन वर्षों में बढ़कर 150 अरब डालर हो जाएगा. सरकार द्वारा ई-भुगतान में और मोबाइल नेटवर्क के मामले में डिजिटल बुनियादी ढांचे में भी पर्याप्त वृद्धि हुई है. देश को अब डिजिटल भुगतान को बढ़ाने के लिए कागजी समाशोधन की मात्रा को कम करने और स्वीकृति के बुनियादी ढांचे को बढ़ाने के लिए और प्रयास करने की आवश्यकता है.

विमुद्रीकरण, सर्वव्यापी यूपीआई, मोबाइल वॉलेट और सुविधाजनक डिजिटल भुगतान समाधान ने वित्तीय लेनदेन के डिजिटलीकरण को प्रेरित किया है. स्मार्टफोन आज न केवल संचार या मनोरंजन के लिए एक उपकरण हैं, बल्कि भारतीयों के लिए मोबाइल बैंकों के रूप में दोहरा काम कर रहे हैं. जैसे-जैसे डिजिटल भुगतान रेखांकित चेक का स्थान लेते जाएंगे, और स्थानीय ऑनलाइन शॉपिंग, स्पर्श और अनुभव सौदेबाजी की जगह लेती जाएगी, तो यह डिजिटल भुगतान अवसंरचना है जो संपूर्ण क्रांति का आधार बनेगी.

डिजिटल इन्फ्रास्ट्रक्चर की मजबूत नींव और डिजिटल इंडिया कार्यक्रम के माध्यम से विस्तारित डिजिटल पहुंच के साथ, भारत अब विकास के अगले चरण के लिए तैयार है - जबरदस्त आर्थिक मूल्य का निर्माण और नागरिकों का सशक्तिकरण, क्योंकि नए डिजिटल एप्लिकेशन एक-एक करके, सभी सेक्टरों में व्याप्त हो रहे हैं. मैकिन्से की रिपोर्ट के अनुसार, डिजिटल अर्थव्यवस्था से 2025 तक 6 से 6.5 करोड़ तक रोज़गार सृजित होने की संभावना है. डिजिटल इंडिया ने डिजिटल बुनियादी ढांचे और सेवाओं के लचीलेपन को साबित कर दिया है और भारत महामारी के बाद की दुनिया में एक अधिक आत्मविश्वास और अधिक आशावादी राष्ट्र के रूप में उभरा है. संभावित आर्थिक मूल्य का एक बड़ा हिस्सा वित्तीय सेवाओं, कृषि, स्वास्थ्य देखभाल, रसद, नौकरियों और कौशल बाजार, ई-गवर्नेंस और अन्य क्षेत्रों सहित विभिन्न क्षेत्रों में नए डिजिटल पारिस्थितिकी तंत्र से आ सकता है. आगे बढ़ते हुए, डिजिटलीकरण की तीव्र दर चुनौतियों के साथ-साथ अवसरों को भी प्रस्तुत करने वाली है. हम कितनी कुशलता से चुनौतियों को संचालित करते हैं और अवसरों का लाभ उठाते हैं, यह निर्धारित करेगा कि हम 5 ट्रिलियन डालर की अर्थव्यवस्था के दृष्टिकोण को कितनी जल्दी प्राप्त करते हैं.

**(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं और उनसे ideainks2020@gmail.com पर संपर्क किया जा सकता है)**

**व्यक्त विचार व्यक्तिगत हैं.**


## केन्द्रीय विद्युत अनुसंधान संस्थान

(भारत सरकार की सोसाइटी, विद्युत मंत्रालय)

पोस्ट बॉक्स सं. 8066, प्रो. सर सी. वी. रामन रोड

सदाशिवनगर डाक घर, बेंगलूर - 560 080

### विज्ञापन सं. सीपीआरआई/04/2022

सीपीआरआई प्रतिनियुक्ति के आधार पर निम्नलिखित प्रत्याशित रिक्ति को भरने के लिए केंद्र सरकार/केंद्रीय स्वायत्त संगठन/सांविधिक निकायों के अधिकारी से आवेदन आमंत्रित करता है:

| पदनाम | दिनांक 30-06-2022 को रिक्त होने वाले पद की संख्या | 7 वें सीपीसी वेतन मैट्रिक्स में स्तर एवं वेतन |
|---|---|---|
| मुख्य प्रशासनिक अधिकारी (सामान्य ग्रेड) | 1 | स्तर – 12 के साथ रु. 78800/- का प्रारंभिक वेतन तथा भारत सरकार के मानदंडों के अनुसार अन्य भत्ते। |

**प्रतिनियुक्ति के लिए आवश्यक शैक्षिक योग्यता:** बीए / बीएससी / बीकॉम / बीबीए / बीबीएम में विश्वविद्यालय की डिग्री के साथ एसएएस / एएओ / जेएओ / कानून में स्नातक / एलएलबी / एसीएस वांछनीय: एमबीए (एचआरएम) / प्रबंधन में स्नातकोत्तर डिप्लोमा (मानव संसाधन प्रबंधन – दो वर्षीय पाठ्यक्रम)

**प्रतिनियुक्ति के लिए अनुभव:**

**(ए)** मूल संवर्ग या विभाग में सदृश पद धारण करना। **अथवा**

**(बी)** मूल संवर्ग या विभाग में वेतन मैट्रिक्स के स्तर–11 में पांच वर्ष की सेवा सहित।

उपरोक्तों के साथ केंद्र सरकार / केंद्रीय स्वायत्त संगठनों / सांविधिक निकायों के प्रबंधन / प्रशासन में कुल मिलाकर 12 वर्षों का अनुभव तथा अच्छे मौखिक एवं लिखित संप्रेषण कौशल के साथ केंद्र सरकार के नियमों और विनियमों आदि का ज्ञान।

तैनाती का स्थान बेंगलूर होगा। पात्र एवं इच्छुक उम्मीदवारों का बायोडाटा सीपीआरआई वेबसाइट **https://cpri.res.in/** में उपलब्ध प्रारूप के अनुसार उचित माध्यम द्वारा सत्यनिष्ठा प्रमाण पत्र, सतर्कता प्रमाण पत्र, पिछले 10 वर्षों के दौरान कोई बड़ा/छोटा जुर्माना नहीं लगाया गया था के प्रमाण पत्र तथा पिछले 5 वर्षों के लिए एसीआर/एपीएआर की विधिवत सत्यापित फोटोकॉपी के साथ एम्प्लॉयमेंट न्यूज / रोज़गार समाचार में इस रिक्ति के विज्ञापन की तारीख से 30 दिनों के भीतर अग्रेषित किया जा सकता है।

उम्मीदवार सामान्य शर्तों एवं पात्रता मानदंड के बारे में अधिक जानकारी के लिए सीपीआरआई की वेबसाइट **https://cpri.res.in/** के कैरियर पृष्ठ देख सकते हैं।

रो.स. 1/14 **मुख्य प्रशासनिक अधिकारी**

पृष्ठ 2 का शेष

## महामारी के बाद दुनिया में डिजिटल अवसंरचना की भूमिका

करने वाले लोगों के लिए भी एक बड़ा प्रयास है.

महामारी की निराशा के बाद रोशनी की किरण यह है कि इससे बचाव के लिए कई टीकों को मंजूरी दी गई है और दुनिया के अधिकांश देशों में टीकाकरण शुरू हो गया है. भारत वास्तव में दुनिया में सबसे बड़ा टीकाकरण अभियान चला रहा है, जिसमें रिकॉर्ड समय में एक अरब से अधिक लोगों को टीका लगाया जाना है. हालांकि, कोविड-19 ने हमारे काम करने के तरीके, हमारी स्वास्थ्य सेवाओं, नौकरियों तथा शिक्षा सहित हमारी दुनिया को, अच्छे के लिए बदल दिया है और डिजिटीकरण के महत्व को उजागर किया है. जब दुनिया में एक ठहराव सा आ गया था, तो सेवाओं, उत्पादों, व्यापार और जीवन की निरंतरता बनाए रखने के लिए डिजिटल प्रणाली का उपयोग करके समायोजित किया गया. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 5 जुलाई 2021 को कोविन वैश्विक सम्मेलन में, सभी देशों को निःशुल्क और ओपन सोर्स सॉफ्टवेयर के रूप में कोविन की पेशकश की. इस सम्मेलन में 142 देशों ने प्रतिनिधित्व किया था. इस सॉफ्टवेयर को स्थानीय आवश्यकताओं के अनुसार किसी भी देश में अनुकूलित किया जा सकता है. भारत ने तकनीकी रूप से संभव होते ही अपने कोविड ट्रैकिंग और ट्रेसिंग ऐप आरोग्य सेतु को ओपन सोर्स बना दिया था. कोविन प्लेटफॉर्म ने पूरी पारदर्शिता सुनिश्चित करते हुए दुनिया की आबादी के एक बड़े हिस्से को आसानी से टीका लगाने में सक्षम बनाया था.

**भारत के लिए अवसरों को सक्षम बनाना**

भारत ग्लोबल इनोवेशन इंडेक्स (जीआईआई) रैंकिंग में लगातार आगे बढ़ रहा है और वर्तमान में 48वें स्थान पर है 2020). दुनिया में तीसरी सबसे बड़ी वैज्ञानिक और तकनीकी जनशक्ति (इंडिया ब्रांड इक्विटी फाउंडेशन, 2021) की शक्ति में सैमसंग, बॉश, माइक्रोसॉफ्ट सिस्को जैसी बहुराष्ट्रीय कंपनियों ने भारत की पेशकश की क्षमता का लाभ उठाने के लिए भारत पर ध्यान केंद्रित करना शुरू कर दिया है.

- **बढ़ती उम्मीदों वाला एक युवा देश:** 2030 तक कामकाजी उम्र की आबादी (15 से 64 साल के बीच) 1 अरब तक पहुंच जाएगी और चीन से अधिक हो जाएगी, भारत की 65 फीसदी आबादी 35 साल से कम उम्र की है (एसोचैम इंडिया, 2015).
- **रोज़गार चुनौती:** बढ़ती कामकाजी आबादी को समाहित करने के लिए सालाना 1.2 मिलियन् नई नौकरियों की जरूरत है, प्रत्येक वर्ष 50 मिलियन लोगों को कुशल बनाने की आवश्यकता है, वर्तमान क्षमता केवल 3 मिलियन (इंडिया टुडे, 2020) है.
- बढ़ता मध्यम वर्ग नए मूल्य प्रस्तावों के प्रयास करता हैः 2021 तक, भारत में 'उभरते मध्यम और मध्यम वर्ग' खंड का गठन करने वाले लगभग 900 मिलियन लोग होंगे, जो नए अवसर प्रदान करेंगे.
- इस बाजार में जीत हासिल करने के लिए, कंपनियों को नए व्यवसाय मॉडल के माध्यम से दिए गए नए मूल्य प्रस्तावों को प्राप्त करने के लिए मानसिकता में बदलाव लाने की आवश्यकता होगी.
- अनुसंधान और विकास (जीईआरडी) पर भारत का सकल व्यय 2011-12 में 65,961.33 करोड़ रुपये (14.07 अरब अमरीकी डॉलर) से बढ़कर 2016-17 में 104,864.03 करोड़ रुपये (16.27 अरब अमरीकी डॉलर) हो गया. हालांकि, यह सकल घरेलू उत्पाद का महज 0.7 प्रतिशत है लेकिन इसके और बढ़ने की संभावना है. सफल देशों ने महत्वपूर्ण क्षेत्रों में वित्त अनुसंधान और विकास में मदद करने के लिए सार्वजनिक धन का निवेश करके नवाचार करने और सीखने की अपनी क्षमता बढ़ाई है. इसमें हर कोई शामिल है - बड़ा और छोटा, सार्वजनिक और निजी, अमीर और गरीब.

**निष्कर्ष और आगे का रास्ता**

हितधारकों (निजी और सरकारी) का एक गठबंधन वायरस के लिए टीका खोजने के लिए बड़ी फंडिंग के साथ फार्मास्युटिकल उद्यमों का सहयोग कर रहा है. हमारे डिजिटल अवसंरचना के आधुनिकीकरण, उन्नयन और अद्यतन करने के लिए तथा कोविड और भविष्य की अन्य महामारियों से निपटने के लिए, विभिन्न वित्तीय मॉडल विकसित होंगे जैसे कि सार्वजनिक-निजी भागीदारी और विकास के चरण के दौरान वित्तीय संकट को कम करने के लिए खपत/परिणाम-आधारित मॉडल. इस समय देशों को कृत्रिम बुद्धिमता के साथ इंटरनेट ऑफ थिंग्स जैसे नए डिजिटल अवसंरचना के निर्माण में तेज़ी लाने के अलावा, पहले से ही देशों की वित्तीय प्रोत्साहन योजनाओं में शामिल महत्वपूर्ण परियोजनाओं और प्रमुख बुनियादी ढांचे के निर्माण का काम जल्द पूरा करना चाहिए.

**(नीरज सिन्हा नीति आयोग में वरिष्ठ सलाहकार और नमन अग्रवाल वरिष्ठ असोशिएट हैं. ईमेलः naman.agrawal@nic.in.)**

**व्यक्त विचार व्यक्तिगत हैं.**


# ईसीजीसी लिमिटेड

**(भारत सरकार का उपक्रम)**

**पंजीकृत कार्यालय:** 10वीं मंज़िल, एक्सप्रेस टावर्स, नरीमन पॉइंट, मुंबई - 400021, भारत **टेलीफोन:** 022 6659 0500/ 6659 0510

**वेबसाइट:** www.ecgc.in

## परिवीक्षाधीन अधिकारियों की भर्ती

i. पद नाम- कार्यपालक अधिकारी के कैडर में परिवीक्षाधीन अधिकारी

ii. रिक्तियों की संख्या-75 (रिक्तियों की संख्या अनुमानित हैं एवं ईसीजीसी लि. के विवेकाधिकार से उक्त संख्या बदल सकती हैं)

iii. श्रेणी वर्गीकरण- अनारक्षित (34), अनुजा (11), अनुजनजा (10), अपिजा (13), अपिव (07), पीडब्ल्यूबीडी (04)

iv. वेतन मान का विवरण- 53600-2645(14)-90630-2865(4)-1,02,090 रु. का वेतन मान। मुंबई में तैनात कार्यपालक अधिकारी (परिवीक्षाधीन अधिकारी) के लिए कंपनी का वर्तमान सीटीसी (कंपनी को लागत) 16 लाख रु. वार्षिक है।

v. शैक्षणिक योग्यता- भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से किसी भी विषय में एक डिग्री (स्नातक) या केंद्र सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त कोई भी समतुल्य योग्यता।

vi. आवश्यक अनुभव, यदि कोई हो – शून्य

vii. आयु सीमा (21.03.2022 तक) न्यूनतम: 21 वर्ष, अधिकतम - 30 वर्ष (ऊपरी आयु सीमा में छूट- अनुजा/अनुजनजा-5 वर्ष, अपिजा - 3 वर्ष, भूत पूर्व सैनिक - 5 वर्ष)

viii. आवेदन करने की अंतिम तिथि - 20/04/2022

ix. सम्पूर्ण जानकारी के लिए वेबसाइट लिंक – **www.ecgc.in**

**दिनांक: 21/03/2022** **महा प्रबन्धक (मा.सं.वि.)**

रो.स. 1/13



# राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग (एनसीएससी)

**भारत सरकार, नई दिल्ली**

**रिक्ति परिपत्र**

**विषय: राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग में प्रतिनियुक्ति आधार पर निदेशक, उप निदेशक और सहायक निदेशक के पदों को भरे जाने के संबंध में.**

राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग (एनसीएससी), भारत सरकार, नई दिल्ली की ओर से प्रतिनियुक्ति आधार पर निम्नलिखित पदों को भरे जाने के लिए आवेदन आमंत्रित हैं:-

(i) केंद्रीय सिविल सेवा (संशोधित वेतन) नियमावली, 2016 के पे मैट्रिक्स के लेवल - 12 (78,800-2,09,200 रुपए) में **निदेशक (संयुक्त संवर्ग),** सामान्य केंद्रीय सेवा, ग्रुप 'ए', राजपत्रित के 06 पद.

(ii) केंद्रीय सिविल सेवा (संशोधित वेतन) नियमावली, 2016 के पे मैट्रिक्स के लेवल- 11 (67,700-2,08,700 रुपए) में **उप-निदेशक (संयुक्त संवर्ग),** सामान्य केंद्रीय सेवा, ग्रुप 'ए', राजपत्रित के 03 पद.

(iii) केंद्रीय सिविल सेवा (संशोधित वेतन) नियमावली, 2016 के पे मैट्रिक्स के लेवल- 10 (56,100-1,77,500 रुपए) में **सहायक निदेशक (संयुक्त संवर्ग),** सामान्य केंद्रीय सेवा, ग्रुप 'ए', राजपत्रित के 05 पद.

2. पात्रता शर्तों के बारे में विस्तृत विवरण, आवेदन प्रारूप भरने और दाखिल करने हेतु निर्देश आदि राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग की वेबसाइट **"http://ncsc.nic.in"** पर उपलब्ध है.

3. **आवेदन दाखिल करने की अंतिम तिथि, रोज़गार समाचार/ समाचार पत्र में इस विज्ञापन के प्रकाशन की तिथि, जो बाद में है, से 45 दिन है.** अधूरे आवेदनों, निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त किए गए आवेदनों को सीधे तौर पर रद्द कर दिया जाएगा.

(किशन चंद)
भारत सरकार में अवर सचिव
एनसीएससी, नई दिल्ली

डीएवीपी 38125/12/0007/2122 रो.स. 1/79



# इंडियन पोर्ट रेल एंड रोपवे कॉर्पोरेशन लिमिटेड

**(पत्तन, पोत परिवहन एवं जलमार्ग मंत्रालय भारत सरकार के अधीन संयुक्त उद्यम)**

चौथी मंज़िल, निर्माण भवन, मुंबई पोर्ट ट्रस्ट बिल्डींग, एम. पी. मार्ग, मजगांव (पूर्व), मुंबई – 400010, **फोन नंबर :** 022-6656 6335, **फैक्स नंबर :** 022-6656 6336, ई-मेल : hr@iprcl.in, सीआईएन : **U60300DL2015PLC282703**

**विज्ञापन सं. आईपीआरसीएल/मुंबई/मा.सं./भर्ती 02/2022**

**निम्नलिखित पदों के लिए अनुभवी और परिणाम उन्मुख व्यक्तियों से आवेदन आमंत्रित किए जा रहे हैं।**

| अ.सं. | पद का नाम/श्रेणी | वेतनमान | पद की संख्या एवं स्थान | रोज़गार का प्रकार |
|---|---|---|---|---|
| 1. | कंपनी सचिव (अ म प्र) (ई-6) | रु. 90000-240000 | 01-मुंबई | सीधी भर्ती/प्रतिनियुक्ति/पुनःरोज़गार |
| 2. | उप महाप्रबंधक (परियोजनाएं) (ई-4) | रु. 70000-200000 | 01-सिंग्रौली | प्रतिनियुक्ति/अनुबंध/पुनःरोज़गार |
| 3. | वरिष्ठ प्रबंधक (परियोजनाएं) (ई-3)/ प्रबंधक (परियोजनाएं) (ई-2)/ उप प्रबंधक (परियोजनाएं) (ई-1) | रु. 60000-180000/ रु. 50000-160000/ रु. 40000-140000 | 01-कोलकाता | प्रतिनियुक्ति/अनुबंध/पुनःरोज़गार |
| 4. | प्रबंधक (सतर्कता) (ई-2) | रु. 50000-160000 | 01-मुंबई | प्रतिनियुक्ति |
| 5. | प्रबंधक (पी.वे.) (ई-2) | रु. 50000-160000 | 01-तुतिकोरीन, 01-पारादीप | प्रतिनियुक्ति/अनुबंध/पुनःरोज़गार |

विस्तृत रिक्ति परिपत्र, योग्यता, मानदंड और आवेदन पत्र का प्रारूप आदि के लिए, कृपया वेबसाइट **www.ipa.nic.in** पर जाएं, फिर Whats New/Ports/Other Organization Advertisement/ Indian Port Rail Corporation Ltd. पर क्लिक करें या वेबसाइट **www.iprcl.in** पर जाएं। आईपीआरसीएल कार्यालय में आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि रोज़गार समाचार में विज्ञापन के प्रकाशन से 15 दिन है। आवेदन निर्धारित प्रारुप में छायाचित्र अपेक्षित प्रमाणपत्रों/दस्तावेजों कि प्रतियों एवं विस्तृत आत्मवृत्त के साथ या तो आईपीआरसीएल वेबसाइट **www.iprcl.in** पर मा.सं./रिक्ति शीर्षक में उपलब्ध लिंक पर ऑनलाईन प्रणाली से या हार्ड कॉपी मे डाक या कूरियर द्वारा नियत तिथि तक निम्नलिखित पते पर भेजा जाना चाहिए: महा प्रबंधक (मा.सं.) इंडियन पोर्ट रेल एंड रोपवे कॉर्पोरेशन लिमिटेड, चौथी मंजिल, निर्माण भवन, मुंबई पोर्ट ट्रस्ट बिल्डिंग, एम. पी. मार्ग, मज़गांव, (पूर्व) मुंबई – 400 010।

रो.स. 1/61

# राष्ट्रीय शर्करा संस्थान

## कानपुर - 208017

**एक आई.एस.ओ. 9001:2015 प्रमाणित संस्थान**

**(भारत सरकार का प्रमुख संस्थान)**

## प्रवेश सूचना - 2022

राष्ट्रीय शर्करा संस्थान, कानपुर, उपभोक्ता मामले खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण विभाग, भारत सरकार द्वारा निम्न पाठ्यक्रमों हेतु उन पात्र उम्मीदवारों से आवेदन पत्र आमंत्रित किया जाता है जो शैक्षिक सत्र 2022-23 में प्रवेश लेना चाहते हैं।

| क्रमांक | पाठ्यक्रम का नाम | पात्रता | सीटों की संख्या | चयन की विधि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | ए.एन.एस.आई. (श.प्रौ.) शर्करा शिल्प विज्ञान में राष्ट्रीय शर्करा संस्थान की एसोशिएटशिप में स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम का डिप्लोमा | गणित, रसायन एवं भौतिक शास्त्र में बी.एससी. की उपाधि अथवा रसायन अभियांत्रिकी में बी.एससी. की उपाधि (शर्करा विज्ञान एवं तकनीकी) एस. ए.एन.एस.आई. बेलगावी द्वारा सम्मानित अथवा खाद्य तकनीकी में स्नातक | 66 | प्रवेश परीक्षा |
| 2. | ए.एन.एस.आई. (श.अभि.) शर्करा शिल्प विज्ञान में राष्ट्रीय शर्करा संस्थान की एसोशिएटशिप में स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम का डिप्लोमा | यांत्रिक/उत्पादन/विद्युत/विद्युत एवं इलेक्ट्रॉनिक्स अभियांत्रकी में डिग्री या ए.एम.आई.ई. इस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियर्स इण्डिया से | 40 | प्रवेश परीक्षा |
| 3. | डी.आई.एफ.ए.टी. औद्योगिक किण्वन और अल्कोहल शिल्प विज्ञान के स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम का डिप्लोमा | भौतिक शास्त्र में बी.एससी की स्नातक उपाधि के साथ जिसमें रसायन विज्ञान/प्रयुक्त रसायन/औद्योगिक रसायन/ जैव रसायन में एक विषय हो अथवा बायोटेक्नोलॉजी/ रसायन अभियांत्रकी में बी.टेक | 50 | प्रवेश परीक्षा |
| 4. | डी.एस.पी.एम.एम. गन्ना उत्पादकता एवं परिपक्वता प्रबन्धन में स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम का डिप्लोमा | बी.एससी/ एस.सी (कृषि) | 20 | प्रवेश परीक्षा |
| 5. | डी.आई.पी.सी. औद्योगिक यंत्रीकरण एवं प्रक्कम स्वचालन में स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम का डिप्लोमा | इलेक्ट्रॉनिक्स एवं यंत्रीकरण/ इलेक्ट्रॉनिक्स/ यंत्रीकरण/ विद्युत एवं इलेक्ट्रॉनिक्स/प्रयुक्त इलेक्ट्रॉनिक्स एवं यंत्रीकरण/ इलेक्ट्रॉनिक्स एवं कम्यूनेशन/ यंत्रीकरण एवं नियंत्रण इंजीनियरिंग में डिग्री अथवा ए.एम.आई.इस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग आफ इंजीनियर्स इण्डिया में | 17 | प्रवेश परीक्षा |
रोज़गार समाचार दिनांक 18-24 सितंबर, 2021 (संस्करण) में प्रकाशित सीधी भर्ती के आधार पर रबड़ बोर्ड, कोट्टायम, केरल में **रबड़ उत्पादन आयुक्त (आरपीसी)** के पद को भरने के लिए रिक्ति परिपत्र को कुछ प्रशासनिक कारणों से एतद्द्वारा वापस लिया जाता है.

**(एम. एस. बनर्जी)**
**अवर सचिव**
**भारत सरकार**

**दूरभाष : 011-23061732**

डीएवीपी 05101/11/0006/2122

रो.स. 1/36

---

दिल्ली जल बोर्ड :
राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार

## सहायक आयुक्त (टी) कार्यालय

**कक्ष संख्या 212, वरुणालय फेज़-II, करोल बाग नई दिल्ली -110005**

**कोरोना को रोकें**
**मास्का पहनें, हाथ धोएं, सुरक्षित दूरी रखें**

**दिल्ली जल बोर्ड में प्रतिनियुक्ति आधार पर सहायक अभियंता (सिविल) के 01 पद पर भर्ती**

**आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 04.05.2022 है**

दिल्ली जल बोर्ड में 7वें केंद्रीय वेतन आयोग के वेतन लेवल-09 में 53,100-1,67,800 रुपए वेतन मैट्रिक्स में प्रतिनियुक्ति आधार पर **सहायक अभियंता (सिविल) के 01 पद** को, शुरुआत में एक वर्ष या नियमित आधार पर इस पद के भरे जाने तक या अगले आदेश तक जो भी पहले हो, भरने हेतु पात्र उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित हैं. अधिक जानकारी के लिए कृपया हमारी वेबसाइट **www.delhijalboard.nic.in** देखें.

**(ए. के. कौशिक)**
**निदेशक (प्रशासन एवं कार्मिक)**

रो.स. 1/46

---

## नैनो विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संस्थान

(विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग भारत सरकार का एक स्वायत्त अनुसंधान संस्थान)
नॉलेज सिटी, सेक्टर–81, एसएएस नगर मोहाली – 140306 पंजाब

**क्रम संख्या** –3(2)/2022-INST **दिनांकः 16.03.2022**

### भर्ती विज्ञापन

नैनो विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संस्थान (आई.एन.एस.टी), मोहाली द्वारा निम्नलिखित रिक्त पदों को भरने के लिए पात्र उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं:

| क्र. सं. | पद | पदों की संख्या, श्रेणी एवं वेतन स्तर | भर्ती का प्रारूप |
|---|---|---|---|
| 1 | वैज्ञानिक–जी | 01–अनारक्षित, वेतन स्तरः 14 (न्यूनतम मूल 1,44,200/– रु + भत्ते) | सीधी भर्ती / समामेलन / प्रतिनियुक्ति (अल्पकालिक अनुबंध सहित) |
| 2 | वैज्ञानिक–बी | 01–अनारक्षित, वेतन स्तरः 10 (न्यूनतम मूल 56,100/– रु + भत्ते) | केवल सीधी भर्ती |

आवेदन पत्र, विधिवत भरा हुआ, आवेदन शुल्क सहित, जहां भी लागू हो, प्रमाणपत्र की स्व–सत्यापित फोटोकॉपी के साथ संस्थान के उपरोक्त पते पर अधिकतम दिनांक 02.05.2022 तक प्राप्त हो जानी चाहिए। असम, मेघालय, अरुणाचल प्रदेश, मिजोरम, मणिपुर, नगालैंड, त्रिपुरा, सिक्किम, जम्मू और कश्मीर राज्य के लद्दाख डिवीजन लाहौल और स्पीति जिले और हिमाचल प्रदेश के चंबा जिले के पांगी सब डिवीजन, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह और लक्षद्वीप में उम्मीदवारों से आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि 17.05.2022 होगी।

योग्यता, अनुभव, आयु, सामान्य निर्देश, आवेदन प्रपत्र, आवेदन शुल्क आदि के बारे में अधिक जानकारी आई.एन.एस.टी. की वेबसाइट http://www.inst.ac.in पर उपलब्ध है।

**मुख्य वित्त एवं प्रशासनिक अधिकारी**

रो.स. 1/42

---

## जैव–प्रौद्योगिकी विभाग
## दिल्ली प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय
**दिल्ली–110042**

**डीबीटी प्रायोजित परियोजना में जेआरएफ के पद हेतु विज्ञापन**

दिल्ली प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय डीबीटी प्रायोजित परियोजना (2021-2024), शीर्षक **''इवेलुएशन ऑफ द इफेक्ट ऑफ मैक्रोफाइट्स बेस्ड फीड ऑन द ग्रोथ, गट फिजियोलॉजी, एक्सप्रेशन ऑफ स्पेसिफिक जींस इन्वॉल्वड इन द बायोसिन्थेसिस ऑफ डीएचए एंड ईपीए एंड प्रोडक्शन ऑफ क्वालिटी फ्रेशवाटर फिशेज''** में **कनिष्ठ अनुसंधान** अध्येता (जेआरएफ) के पद हेतु इच्छुक छात्रों से इस विज्ञापन प्रकाशन के **21 दिनों** के अंदर आवेदनपत्र आमंत्रित करता है.

**जेआरएफ की भर्ती** हेतु **योग्यतायें:** निष्णात प्राणिविज्ञान/मात्स्यिकी/जैव-प्रौद्योगिकी/जैव-रसायन विज्ञान/जीवन विज्ञान में (न्यूनतम 55% अंक). अधिमान नेट/गेट उत्तीर्ण उम्मीदवारों को दिया जायेगा.

**अध्येतावृत्तिः** रु. 31,000/- + म.कि.भ.

**प्रधान अन्वेषक**
**डॉ. जय गोपाल शर्मा**
**प्रोफेसर**

रो.स. 1/26 **ई-मेल आईडीः** sharmajaigopal@dce.ac.in

---

## शाकीय विज्ञान संभाग

भा.कृ.अनु.प. – भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान
नई दिल्ली–110012

### Division of Vegetable Science

**ICAR-Indian Agricultural Research Institute, Pusa**
**New Delhi-110012**

### चल–साक्षात्कार

रुचिशील उम्मीदवारों को विभिन्न परियोजना के तहत निम्न पद के लिए चल - साक्षात्कार के लिए आमंत्रित किया है.

**"Characterization of important Ayurvedic Medicinal Plants through DNA Barcoding"** के अंतर्गत **वरिष्ठ रिसर्च फेलो (एस.आर.एफ.)** और **एक यंग प्रोफेशनल-1**

**"Development of haploids and doubled haploids in Cucumber for germplasm innovation"** के अंतर्गत एक **कनिष्ठ रिसर्च फेलो (जे.आर.एफ.)**

**"Consortium Research Platform on Agro-Biodiversity (Cucumber)"** के अंतर्गत एक **यंग प्रोफेशनल-1**

यह सभी अस्थाई पद (अनुबंधित आधार पर) के लिए शाकीय विज्ञान संभाग, भा.कृ.अनु.प.-भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान, नई दिल्ली-110012 में **दिनांक 18.04.2022 सुबह 10:00 बजे** से साक्षात्कार लिया जायेगा.

**परिलब्धियां :**

**एस.आर.एफः** रुपये 35000/- + 24% **HRA** प्रतिमाह (स्थिर)

**जे.आर.एफः** रुपये 31000/- + 24% **HRA** प्रतिमाह (स्थिर)

**यंग प्रोफेशनल-1 :** रुपये 25000/- (अन्य भत्ता देय नहीं है)

**आवश्यक योग्यता :**

**एस.आर.एफ/जे.आर.एफ :** आवश्यक राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा से चुने हुए उम्मीदवार DST Office Memorandum No. SR/S9/Z08/2018, दिनांक January 30, 2019 और

परास्नातक उपाधि - कृषि/बागवानी के साथ विशेषज्ञता शाकीय विज्ञान/पादप प्रजनन और आनुवंशिकी/पादप कार्यकी/पादप रोग विज्ञान/ पादप जैव प्रौद्योगिकी/ वनस्पति विज्ञान जीवन विज्ञान या सम्बन्धी विषय किसी भी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से.

**वांछनीय योग्यताः**

**एस.आर.एफ :** सब्जी फसलों के रूपात्मक लक्षण वर्णन, सब्जी प्रजनन और क्षेत्र परीक्षण आयोजित करने में अनुसंधान अनुभव.

**जे.आर.एफ :** ऊतक संवर्धन के कार्य में अनुसंधान अनुभव.

उन्नत आणविक प्रयोगशाला तकनीक सहित डी एन ए निष्कर्षण, पीसीआर प्रवर्धन, रियल टाइम पी सी आर और अनुक्रमण आंकड़े संभालना.

**आयु सीमा : अधिकतम आयु 35 वर्ष** (अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति एवं महिला उम्मीदवारों के लिए पांच वर्ष और अति पिछड़ा वर्ग के उम्मीदवारों के लिए तीन वर्ष की छूट है).

**यंग प्रोफेशनल-1**

स्नातक उपाधि कृषि सम्बन्धी विज्ञान में.

**वांछनीय योग्यताः** खेत की डाटा रिकॉर्डिंग एवं आणविक विश्लेषण सम्बंधित प्रयोगशाला कार्य में अनुभव एवं कम्प्यूटर का ज्ञान.

(आईसीएआर संख्या. Agri.Edn.1- 06/2020-A&P दिनांक 04.12.2020 के अनुसार)

**आयु सीमाः** न्यूनतम आयु 21 वर्ष एवं अधिकतम आयु 45 वर्ष; नियमों के अनुसार उम्र सीमा में छूट.

**विज्ञापन की अधिक जानकारी के लिए संस्थान की वेबसाइट http://www.iari.res.in/ देखें.**

रो.स. 1/18 **सहायक प्रशासनिक अधिकारी**

---

## एनटीपीसी NTPC एनटीपीसी लिमिटेड
*(भारत सरकार का उद्यम)*

### शुद्धिपत्र

दिनांक 24.01.2022 को प्रकाशित हमारी रोज़गार अधिसूचना सं. 02/2022 और 28.01.2022 को प्रकाशित शुद्धिपत्र के क्रम में ''माइनिंग ओवरमैन'' और ''माइनिंग सरदार'' के पद के लिए योग्यता आवश्यकता में वैध प्राथमिक उपचार प्रमाणपत्र की आवश्यकता को निम्नानुसार पढ़ा जाएः

**''सेंट जॉन एम्बुलेंस एसोसिएशन या किसी अन्य संस्थान/प्रशिक्षण केन्द्र द्वारा जारी वैध प्राथमिक उपचार प्रमाणपत्र जो श्रम एवं रोज़गार मंत्रालय (डीजीएमएस) अधिसूचना सं. जी.एस.आर. 529(ई) दिनांक 4 अगस्त, 2021 के माध्यम से भारत के राजपत्र में प्रकाशित संस्थान/प्रशिक्षण केन्द्रों के लिए निर्दिष्ट मानकों का अनुपालन करता है एवं प्राथमिक उपचार प्रशिक्षण प्रदान करता है और प्राथमिक उपचार सक्षमता प्रमाणपत्र निर्गत करता है''।**

तदनुसार, आवेदन का ऑनलाइन पंजीकरण करने की अंतिम तिथि एतद्द्वारा एक माह **17.04.2022** तक बढ़ा दी गई है। हमारी उपरोक्त रोज़गार अधिसूचना की सभी अन्य नियम व शर्तें यथावत रहेंगे।

**एनटीपीसी कोल माइनिंग मुख्यालय**
**''गिन्नी प्लाजा'', चुटिया पुलिस स्टेशन के सामने,**
**चुटिया, रांची–834001, झारखंड**

*विद्युत क्षेत्र में अग्रणी* **रो.स. 1/32**

सं. एफ 19/12/2016/रिक्ट-एडी/

# राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार

## प्रशासनिक सुधार विभाग

सातवां लेवल, 'सी'-विंग, दिल्ली सचिवालय

आईपी एस्टेट, नई दिल्ली-110002

ई-मेल : arupdate@nic.in

**विषय : प्रशासनिक सुधार विभाग में वेतन लेवल-7- रु. 44900-142400 [संशोधन-पूर्व वेतन बैंड रु. 9300-34800 तथा रु. 4600/- (ग्रेड वेतन)] में सहायक निदेशक के पद पर प्रतिनियुक्ति पर भर्ती.**

प्रशासनिक सुधार विभाग, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार में, सातवें कें.वे.आ.-2016 की अधिसूचना के अनुसार रु. 44900 - 142400 के वेतन लेवल-7 (सामान्य सिविल सेवा, समूह 'ख', राजपत्रित, अलिपिकवर्गीय) [संशोधन-पूर्व रु. 9300-34800 तथा रु. 4600/- (ग्रेड वेतन)] में **सहायक निदेशक** के 06 (छह) पदों (04 विद्यमान और 02 प्रत्याशित) को प्रतिनियुक्ति आधार पर भरने के लिए आवेदनपत्र आमंत्रित किए जाते हैं. प्रतिनियुक्ति भारत सरकार के मानक निबंधनों और शर्तों द्वारा शासित की जाएगी. प्रतिनियुक्ति का कार्य-काल प्रारंभ में एक वर्ष होगा, किंतु इसे वर्ष-प्रति-वर्ष आधार पर 03 (तीन) वर्ष तक आगे बढ़ाया जा सकता है.

वर्तमान भर्ती नियमों के अनुसार पद के लिए निर्धारित पात्रता शर्तें निम्नानुसार हैं:-

**केंद्र सरकार/रा.रा.क्षेत्र दिल्ली सरकार के अधिकारी जो :-**

**(क)** (i) नियमित आधार पर सदृश पदधारी हैं; **या**

(ii) संशोधन-पूर्व वेतनमान रु. 5,500-175-9,000/- (संशोधन-पूर्व) के पदों पर 03 वर्ष की नियमित सेवा रखते हैं या समकक्ष; **या**

(iii) संशोधन-पूर्व वेतनमान रु. 5,000-150-8,000/- (संशोधन-पूर्व) के पदों पर 06 वर्ष की नियमित सेवा रखते हैं या समकक्ष; **या**

(iv) संशोधन-पूर्व वेतनमान रु. 4,500-125-7,000/- (संशोधन-पूर्व) के पदों पर 08 वर्ष की नियमित सेवा रखते हैं या समकक्ष; **और**

**(ख) निम्नलिखित शैक्षिक तथा अन्य योग्यताएं रखते हैं:-**

(i) किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय की डिग्री या समकक्ष.

(ii) सचिवालयिक प्रशिक्षण एवं प्रबंधन संस्थान/रक्षा कार्य अध्ययन संस्थान का उच्च प्रबंधन सेवा पाठ्यक्रम या किसी अन्य मान्यताप्राप्त संस्थान में समकक्ष प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूरा किया हो. **या**

कार्य अध्ययन/संगठन पद्धति/विश्लेषिक/सांख्यिकीय/प्रचालन अनुसंधान तथा अन्य प्रबंधन अनुसंधान तकनीकों के अनुप्रयोग में न्यूनतम दो वर्ष का अनुभव हो. **या**

सचिवालय प्रशिक्षण एवं प्रबंधन संस्थान का बुनियादी प्रबंधन सेवा पाठ्यक्रम या किसी अन्य मान्यताप्राप्त संस्थान में कोई समकक्ष प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूरा किया हो और कार्य अध्ययन/संगठन एवं पद्धति/विश्लेषिक/सांख्यिकीय/प्रचालन अनुसंधान तथा अन्य प्रबंधन अनुसंधान तकनीकों के अनुप्रयोग में एक वर्ष का अनुभव हो.

केंद्र सरकार के एक ही या किसी अन्य संगठन/विभाग में इस नियुक्ति से तत्काल पहले धारित अन्य संवर्ग-बाह्य पद की प्रतिनियुक्ति अवधि सहित प्रतिनियुक्ति की अवधि सामान्यतः 03 वर्ष से अधिक नहीं होगी. प्रतिनियुक्ति द्वारा नियुक्ति के लिए अधिकतम आयु-सीमा आवेदनपत्र प्राप्त करने की अंतिम तारीख को 56 वर्ष से अधिक नहीं होगी.

**2.** अनुरोध है कि अपेक्षित योग्यता और अनुभव धारी इच्छुक एवं पात्र अधिकारियों के आवेदनपत्र रोज़गार समाचार में इस विज्ञापन के प्रकाशन की तारीख से **60 दिनों के अंदर** इस कार्यालय में भेज दें.

**3.** पात्र अधिकारियों के आवेदनपत्र (दो प्रतियां) निम्नलिखित प्रलेखों के साथ भेजें:-

जीवन-वृत्त (संबंधित अधिकारी द्वारा विधिवत सत्यापित).

सत्यनिष्ठा निर्मुक्ति प्रमाणपत्र.

सतर्कता निर्मुक्ति प्रमाणपत्र.

कार्य एवं आचरण रिपोर्ट.

पिछले 05 वर्षों की एसीआर की सत्यापित प्रतियां.

पिछले 10 वर्षों के दौरान कोई बड़ा/छोटा दण्ड लगाया गया हो तो उसका विवरण.

उनकी शैक्षिक योग्यताओं के संबंध में शंसापत्रों की सत्यापित प्रतियां

**4.** आवेदनपत्र उचित माध्यम से भेजें. अंतिम तारीख के बाद प्राप्त और उक्त उल्लिखित प्रलेखों के बिना प्राप्त आवेदन किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किए जाएंगे और उन्हें रद्द कर दिया जाएगा.

**5.** उक्त पदों के लिए आवेदन करने वाले कर्मचारियों/अधिकारियों को बाद में अपने नाम वापस लेने की अनुमति नहीं होगी और यदि उनका चयन हो जाता है तो भर्ती नियमों के अनुसार उन्हें प्रतिनियुक्ति पर कार्य पर बना रहना होगा.

**6.** आवेदन-प्रारूप हमारी वेबसाइट पर उपलब्ध है. अधिक जानकारी के लिए कृपया हमारी वेबसाइट : **https://ar.delhigovt.nic.in** देखें.

(एल आर सिंह)
उप निदेशक-I (एआर)/एचओओ
फोन नं. - 011-23392483

रो.स. 1/41

---

# अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, गोरखपुर

(उत्तर प्रदेश)

(भारत सरकार द्वारा गठित एक स्वायत्त निकाय)

अन्य जानकारी हेतु फोन नंबर : 0550-2205575

ई-मेल : recruitment@aiimsgorakhpur.edu.in

एम्स/जीकेपी/भर्ती-प्रकोष्ठ/चि.-भौ-सह आरएसओ/2022/311

दिनांक : 16.03.2022

### विज्ञप्ति

अनुबंध के आधार पर **चिकित्सा भौतिक विज्ञानी** के पद के लिए वॉक-इन-इंटरव्यू **14/04/2022** को एम्स गोरखपुर में निर्धारित है. रिक्ति और आरक्षण का विवरण इस प्रकार है.

| पद का नाम | पद की कुल संख्या |
|---|---|
| चिकित्सा भौतिक भौज्ञानी-सह आरएसओ | 01 (UR) |

1. आवश्यक योग्यता, अनुभव और अन्य पात्रता शर्तों को निर्धारित करने की **अंतिम तिथि वॉक्-इन-इंटरव्यू की तिथि होगी.**
2. अनुसूची अस्थायी है और चयन पैनल की उपलब्धता के आधार पर किसी भी स्तर पर परिवर्तन के अधीन है.
3. विस्तृत विज्ञापन के साथ आवेदन के लिए निर्धारित प्रारूप शीघ्र ही वेबसाइट पर अपलोड किया जाएगा. इस विज्ञापन से संबंधित सभी जानकारी केवल एम्स गोरखपुर की आधिकारिक वेबसाइट **http://www.aiimsgorakhpur.edu.in** पर प्रदर्शित की जाएगी.
4. कार्यकारी निदेशक एम्स गोरखपुर बिना कारण बताए रिक्तियों को रद्द/बदलने का अधिकार सुरक्षित रखता है.

रो.स. 1/15 भर्ती प्रकोष्ठ एम्स, गोरखपुर

---

# केंद्रीय रोज़गार कार्यालय

विज्ञापन सं.-01/2022

विज्ञापन में उल्लिखित विभिन्न नियोक्ताओं द्वारा निम्नलिखित पदों के लिए विज्ञापन के अन्त में दिये गये निर्धारित प्रारूप (अनुलग्नक-II) में विज्ञापन की तिथि से **60 दिनों के अन्दर** आवेदनपत्र आमंत्रित किये जाते हैं. नियत तिथि के पश्चात प्राप्त आवेदनपत्रों पर विचार नहीं किया जायेगा.

**उम्मीदवारों को अपने आवेदनपत्र सीधे संबंधित नियोक्ताओं को भेजने होंगे.**

**व्यावसायिक अनुदेशक (ऑफ-सेट प्रिंटिंग एवं बुक बाइंडिंग) के पद के लिए आवेदनपत्र डॉ. एस. के. कुशवाहा, कार्यालय प्रमुख, राष्ट्रीय दिव्यांगजन कॅरिअर सेवा केंद्र, एनएसटीएल कैम्पस, वी एन पुरव मार्ग, चूना भट्टी, मुंबई-400022, टेलीफोन नं.- 022-24052707 को भेजें.**

**क्र.सं. (01) व्यावसायिक अनुदेशक (ऑफ-सेट प्रिंटिंग एवं बुक बाइंडिंग)- 01 अपिव**

**वेतन बैंड :** संशोधित वेतन मैट्रिक्स में लेवल-6 (35400-142400),

**कुल परिलब्धियां-** रु. 54126/- प्र.मा.

**आयु :** 30 वर्ष एवं कम तथा केंद्र सरकार के नियमानुसार आयु में छूट.

**योग्यता-अनिवार्य :**

1. मैट्रिकुलेशन या समकक्ष.
2. प्रिंटिंग बुक बाइंडिंग ट्रेड में राष्ट्रीय प्रशिक्षुता प्रमाणपत्र या उपयुक्त ट्रेड में राष्ट्रीय प्रशिक्षुता प्रमाणपत्र या उपयुक्त ट्रेड में कोई अन्य मान्यताप्राप्त प्रमाणपत्र या उपयुक्त ट्रेड में कोई अन्य मान्यताप्राप्त समकक्ष योग्यता तथा न्यूनतम 3 वर्ष का व्यावहारिक अनुभव. उपयुक्त ट्रेड में केंद्रीय अनुदेशक प्रशिक्षण संस्थान में प्रशिक्षित उम्मीदवारों को वरीयता दी जाएगी.

**वांछनीय :** कम्प्यूटर, डीटीपी और ऑफ-सेट प्रिंटिंग मशीन प्रचालन का ज्ञान.

**कार्य :-** दिव्यांगजनों का मूल्यांकन और प्रशिक्षण तथा मशीनरी, औजारों, उपस्करों तथा कच्चे माल आदि के रिकॉर्ड का रखरखाव. पर्याप्त मूल्यांकन माड्यूलों का विकास करना एवं सिमुलेटेड कार्य- स्थिति के आधार पर ग्राहकों की कार्य-उपयुक्तता में सहायता करना. रोज़गार बाजार में विभिन्न कार्यों की आवश्यकता के अनुसार ग्राहकों का मूल्यांकन करना. प्रशिक्षणार्थियों को वेतनभोगी रोज़गार या स्व-रोज़गार में लगाने के लिए पर्याप्त कदम उठाना. उसके कौशल-क्षेत्र से संबंधित नए अवसरों में प्रशिक्षण के कम लागत वाले मॉड्यूलों का विकास करना.

**कोई अन्य संबंधित सूचना :** केंद्र / राज्य सरकार / सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों या किसी अन्य संगठन में कार्यरत उम्मीदवारों को निर्देश दिया जाता है कि वे अपने आवेदनपत्र उचित माध्यम से भेजें.

**कार्य-स्थान :** मुंबई तथा अखिल भारतीय सेवा दायित्व

**उम्मीदवारों के लिए अनुदेश और अतिरिक्त सूचना.**

1. **विज्ञापन संख्या और पद क्रमांक का उल्लेख करते हुए प्रत्येक पद के लिए पृथक आवेदन करना चाहिए.**
2. **शैक्षिक योग्यता/आरक्षण श्रेणी/अनुभव प्रमाणपत्र आदि, यदि कोई हो, की स्व-साक्ष्यांकित प्रतियां आवेदन के साथ संलग्न की जानी चाहिए.**
3. **अजा/अजजा/अपिव, भूतपूर्व सैनिक, शारीरिक विकलांग, विधवा, तलाकशुदा महिला और पति से न्यायिक दृष्टि से विलग महिला और सरकारी कर्मचारी आदि को ऊपरी आयु सीमा में नियमानुसार छूट दी जाएगी.**
4. **अजा/अजजा के जो उम्मीदवार कहीं भी सेवारत न हों, उन्हें केवल साक्षात्कार में उपस्थित होने के लिए नियमानुसार देय यात्रा भत्ता दिया जायेगा, यदि देय हो.**
5. **किसी भी स्थिति में आवेदन केन्द्रीय रोज़गार कार्यालय/स्थानीय रोज़गार कार्यालय को नहीं भेजे जाने चाहिए.**

प्रयुक्त संकेताक्षर

| | |
|---|---|
| अपिव - अन्य पिछड़े वर्ग | अना - अनारक्षित |
| अजा - अनुसूचित जाति | अ.भा.से.दा. - अखिल भारतीय सेवा दायित्व |

### आवेदन प्रारूप

1. विज्ञापन सं. : ......................................................................
2. पद क्रमांक :......................................................................
3. आवेदित पद का नाम :......................................................................
4. रोज़गार कार्यालय का नाम, जहां पंजीकृत हैं, यदि कोई हो :......................................
5. रोज़गार कार्यालय पंजीकरण सं., यदि कोई हो :..........................................
6. आवेदक का नाम (श्री/श्रीमती/कुमारी) :.......................................... स्पष्ट अक्षरों में
7. जन्म तिथिः तारीख महीना वर्ष
8. पिता का नाम : ......................................................................
9. पता (पूरा) : ......................................................................
10. राष्ट्रीयता : ......................................................................
11. श्रेणी, जिससे आप संबद्ध हैं (अजा./अजजा/अपिव): ....................................... **(प्रमाणपत्र की फोटोकॉपी संलग्न करें)**
12. क्या आप भूतपूर्व सैनिक हैं (हां/नहीं): ..........................................
13. क्या आप दिव्यांगजन हैं (हां/नहीं) : ..........................................
14. शैक्षिक/तकनीकी/व्यावसायिक योग्यताएं (मैट्रिकुलेशन स्तर से प्रारंभ करते हुए) (प्रमाणपत्रों की फोटोप्रतियां संलग्न करें)

| क्रमांक | परीक्षा का नाम | उत्तीर्ण करने का वर्ष | विश्वविद्यालय/बोर्ड | श्रेणी/डिविजन/ग्रेड | विषय | प्राप्तांक प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |

15. अनुभव (अनुभव के समर्थन में प्रमाणपत्रों की फोटोप्रतियां संलग्न करें):

| क्रमांक | नियोक्ता/संगठन का नाम | अवधि से.........तक | पदनाम | वेतनमान/वेतन | कार्य का स्वरूप | छोड़ने का कारण |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |
| | | | | | | |

मैं एतद्द्वारा घोषणा करता हूं कि इस आवेदन में दी गई जानकारी मेरे पूर्ण ज्ञान और विश्वास के अनुसार सही है.

**तारीख :** **(उम्मीदवार के हस्ताक्षर)**

**स्थान :**

**अनुलग्नकों की सूची :** 1.
2.
3.

डीएवीपी 23105/12/0011/2122 रो.स. 1/40

भर्ती सूचना

# पायनियर कॉर्प्स प्रशिक्षण केंद्र

## पोस्ट : बनसवाड़ी, बंगलोर-560033, कर्नाटक

1. पायनियर कॉर्प्स प्रशिक्षण केंद्र, बंगलोर में ग्रुप सी के निम्नांकित सिविलियन पदों के लिए पात्र भारतीय नागरिकों से आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं :

| क्रम सं. | पदों के नाम | अना | अपिव | कुल |
|---|---|---|---|---|
| (क) | उपष्कर मरम्मतकर्ता | 01 | - | 01 |
| (ख) | शेफ | 01 | - | 01 |
| (ग) | संदेशवाहक | 01 | - | 01 |
| (घ) | गृह रक्षक | - | 01 | 01 |
| | कुल | 03 | 01 | 04 |

2. प्रत्येक पद हेतु शैक्षिक अर्हता एवं वेतनमान :

| पदों के नाम | वेतनमान | शैक्षिक अर्हता एवं अन्य अर्हता |
|---|---|---|
| उपष्कर मरम्मतकर्ता | लेवल-1 पे मैट्रिक्स रु. 18000-56900/- | **अनिवार्य शैक्षिक अर्हता :** (i) किसी मान्यताप्राप्त बोर्ड या विश्वविद्यालय से दसवीं कक्षा उत्तीर्ण. (ii) सभी प्रकार के कैनवस, वस्त्र और चमड़े के मरम्मत कार्य करने और उपकरण तथा बूटों को बदलने में सक्षम होना चाहिए. |
| शेफ | लेवल-2 पे मैट्रिक्स रु. 19,900-63,200 | **अनिवार्य शैक्षिक अर्हता :** (i) किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से दसवीं कक्षा उत्तीर्ण. (ii) भारतीय भोजन पकाने की जानकारी और ट्रेड में निपुण होना चाहिए. |
| संदेशवाहक | लेवल-1 पे मैट्रिक्स रु. 18000-56900/- | **अनिवार्य शैक्षिक अर्हता :** (i) किसी मान्यताप्राप्त बोर्ड या विश्वविद्यालय से दसवीं कक्षा उत्तीर्ण. |
| गृह रक्षक | लेवल-1 पे मैट्रिक्स रु. 18000-56900/- | **वांछनीय :** संबंधित ट्रेडों के कार्य में कुशल और ट्रेड में एक वर्ष का अनुभव हो. |

3. **आयु सीमा :** सामान्य श्रेणी हेतु 18 से 25 वर्ष, अपिव हेतु 18 से 28 वर्ष और अजा/ अजजा हेतु 18 से 30 वर्ष. अनारक्षित पदों के संदर्भ में आवेदन करने वाले उम्मीदवार आयु सीमा, अनुभव आदि में किसी प्रकार की छूट के हकदार नहीं होंगे.

4. निर्धारित प्रारूप में निम्नांकित के साथ विधिवत पूर्ण आवेदन रोज़गार समाचार में रिक्तियों के प्रकाशन की तिथि से **21 दिनों के भीतर 'साधारण डाक' से 'कमांडेंट, पायनियर कॉर्प्स प्रशिक्षण केंद्र, पोस्ट : बनसवाड़ी, बंगलोर-560033'** के पास पहुंच जाना चाहिए :
   - (क) बुलावा-पत्र जारी करने हेतु स्वपता लिखित एक पंजीकृत लिफाफा.
   - (ख) आवेदन में चिपका हाल का फोटो स्वसत्यापित होना चाहिए.
   - (ग) शैक्षिक अर्हता, आयु, जाति, कार्यानुभव प्रमाण-पत्र आदि विधिवत स्वसत्यापित हों.
   - (घ) पासपोर्ट आकार के हाल के दो फोटो (एक फोटो आवेदन-पत्र पर विधिवत स्वसत्यापित चिपका हो).
   - (ङ) आधार कार्ड की ज़ेरोक्स प्रति.

5. पद हेतु केवल एक आवेदन जमा किया जाना चाहिए. अलग-अलग पदों हेतु आवेदन करने के इच्छुक उम्मीदवारों को पद स्पष्ट लिखते हुए अलग-अलग आवेदन जमा करना चाहिए, जिसके लिए उन्होंने आवेदन किया है.

6. पिछले किसी विज्ञापन के आधार पर इन पदों हेतु आवेदन कर चुके उम्मीदवार, जो अयोग्य हैं, वे वर्तमान विज्ञापन के आधार पर नये आवेदन-पत्र में पुनः आवेदन कर सकते हैं.

7. पद हेतु लिखित परीक्षा के लिए उम्मीदवारों की संख्या कम करने हेतु अनिवार्य अर्हता के लिए परीक्षा में प्राप्त 'अंकों की प्रतिशतता' के आधार पर आवेदनों की जांच की जाएगी.

8. अपूर्ण, अहस्ताक्षरित, इस विज्ञापन के प्रथम प्रकाशन की तिथि से **21 दिनों के बाद प्राप्त और प्रमाण-पत्रों/ शंसापत्रों की सत्यापित प्रतियों के साथ नहीं होने वाले आवेदन निरस्त कर दिए जाएंगे और इस संदर्भ में किसी आवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा.**

9. एक से अधिक पति-पत्नी के साथ रहने वाले या पहले पति-पत्नी के जीवित रहते हुए अन्य पति-पत्नी से विवाह करने वाले उम्मीदवार आवेदन करने के पात्र नहीं होंगे.

10. लिखित/ ट्रेड परीक्षा हेतु किसी प्रकार के याभ/दैभ या यात्रा खर्चे नहीं दिए जाएंगे. आवेदकों को इसमें अपने स्वयं के खर्चे पर भाग लेना होगा.

11. चयन के बाद उम्मीदवार क्षेत्र सेवा दायित्व नियम के अधीन होंगे.

12. निम्नांकित आवेदन सीधे निरस्त कर दिए जाएंगे :
   - (क) उम्मीदवार के हस्ताक्षर के बिना आवेदन.
   - (ख) विज्ञापन में प्रकाशित निर्धारित प्रारूप के अतिरिक्त प्रारूप में आवेदन.
   - (ग) फैक्स/ एडब्ल्यूएएन के माध्यम से प्राप्त आवेदन.
   - (घ) किसी भी कारणवश निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आवेदन.
   - (ङ) अपूर्ण/ अपठनीय आवेदन.
   - (च) हाल के फोटो आवेदन पर चिपके और स्वसत्यापित नहीं होने तथा अतिरिक्त फोटो संलग्न नहीं होने पर.
   - (छ) अनिवार्य अर्हताओं के अंकपत्र सत्यापित नहीं होने पर.
   - (ज) एक श्रेणी/ पद हेतु केवल एक आवेदन पर ही विचार किया जाएगा. समान श्रेणी/ पद हेतु एक से अधिक आवेदन-पत्र अग्रेषित करने वाले उम्मीदवार होने पर उनकी उम्मीदवारी उम्मीदवार को कोई सूचना दिए बिना सीधे निरस्त कर दी जाएगी.

13. चयन चिकित्सा स्वस्थता और सिविल प्राधिकारियों से चरित्र और प्रत्यय-पत्रों के सत्यापन के अधीन किया जाएगा.

14. चयनित उम्मीदवारों को नई पेंशन योजना (एनपीएस) -2014 के प्रावधानों द्वारा शासित किया जाएगा.

15. नियुक्तिकर्ता प्राधिकारी कोई पूर्व सूचना दिए बिना/ कोई कारण बताए बगैर किसी भी चरण में भर्ती प्रक्रिया की अधिसूचना को रदद्/ स्थगित/ निलंबित/ समाप्त/ रूपांतरित करने का अधिकार सुरक्षित रखते हैं और किसी भी जानकारी हेतु किसी पूछताछ या पत्राचार पर विचार नहीं किये जाएंगे.

16. नियुक्तिकर्ता प्राधिकारी लिखित/ कौशल परीक्षा हेतु किसी उम्मीदवार की उम्मीदवारी निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित रखते हैं. लिखित परीक्षा और कौशल परीक्षा हेतु बुलाए जाने वाले उम्मीदवारों को निर्दिष्ट सभी या किसी भी नियम का पालन करते हुए चुना जाएगा.

17. केवल चयन के मूलभूत शर्तों को पूरा करने मात्र से उम्मीदवार लिखित/ ट्रेड परीक्षा हेतु बुलाए जाने के हकदार स्वतः नहीं होंगे. चयन पूर्णतया मेधा के आधार पर किये जाएंगे. चयन/ निरस्तीकरण से संबंधित नियुक्तिकर्ता प्राधिकारी के निर्णय अंतिम होंगे. भर्ती नियमों में निर्धारित के अतिरिक्त अन्य किसी भी अतिरिक्त अर्हता को कोई अधिभार नहीं दिया जाएगा.

18. भर्ती बोर्ड के निर्णय सभी मामलों में अंतिम होंगे और चयन नहीं होने पर बोर्ड उम्मीदवारों को कोई जवाब भेजने की जवाबदेही नहीं लेंगे.

19. किसी भी जानकारी के लिए किसी पूछताछ या पत्राचार पर विचार नहीं किया जाएगा.

20. उपरोक्त सभी पद दो वर्ष की परिवीक्षा की अवधि सहित रक्षा मंत्रालय के अधीन नियमित होंगे.

कर्नल कमांडेंट
पायनियर कॉर्प्स प्रशिक्षण केंद्र
पोस्ट : बनसवाड़ी
बंगलोर-560033

.......................... श्रेणी में ............................ पद हेतु आवेदन

01. आवेदक का नाम (स्पष्ट अक्षरों में) : ..........................

02. पिता/ पति का नाम : ..........................

03. लिंग : ..........................

04. जन्मतिथि (दिन/माह/वर्ष)
(आयु प्रमाण के रूप में प्रमाण-पत्र की सत्यापित प्रति संलग्न की जानी चाहिए)

05. आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि को वर्तमान आयु :
.................... वर्ष .................... माह .................... दिन

विधिवत स्व-सत्यापित पासपोर्ट आकार का फोटोग्राफ चिपकाएं

06. वैवाहिक स्थिति (विवाहित/ अविवाहित) : ..........................

07. राष्ट्रीयता : ..........................

08. धर्म/ जाति : ..........................

09. क्या अजा/ अजजा/ अपिव हैं : ..........................
(जाति प्रमाण-पत्र की सत्यापित प्रति)

10. पत्राचार का पता संपर्क सं. सहित : ..........................

11. शैक्षिक अर्हता :

| उत्तीर्ण परीक्षा | बोर्ड/ विश्वविद्यालय | उत्तीर्ण करने का वर्ष | प्राप्तांक/ श्रेणी | अंकों की प्रतिशतता |
|---|---|---|---|---|
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |

12. अतिरिक्त अर्हता, यदि कोई हो तो :

13. भाषा ज्ञान :

| क्रम सं. | भाषा | पढ़ना (हां/नहीं) | लिखना (हां/नहीं) | बोलना (हां/नहीं) |
|---|---|---|---|---|
| (क) | | | | |
| (ख) | | | | |
| (ग) | | | | |

14. पहले से सेवारत होने पर वर्तमान नियोजन के पूर्ण विवरण दें.

15. अनुभव, यदि कोई हो तो, पूर्ण विवरणों सहित : (प्रमाण-पत्र की ज़ेरोक्स प्रति संलग्न करें)

16. रोज़गार कार्यालय : पंजीकरण सं., तिथि एवं पंजीकरण के स्थान

17. संलग्नकों की सूची (प्रमाण-पत्रों/ शंसापत्रों आदि की सत्यापित प्रतियां) :
(क)
(ख)
(ग)

**घोषणा**

मैं, श्री .......................... एतद्द्वारा घोषणा करता हूं कि इस आवेदन में प्रस्तुत विवरण मेरी पूर्ण जानकारी तथा विश्वास में सत्य, पूर्ण और सही हैं. मैं समझता हूं कि लिखित परीक्षा के पहले या बाद में किसी जानकारी के असत्य/ गलत या अयोग्य पाए जाने पर मेरी उम्मीदवारी निरस्त किये जाने योग्य होगी या मेरी नियुक्ति के बाद कोई गलत प्रस्तुती/ विसंगति पाए जाने पर मेरी सेवा मुझे कोई सूचना दिए बिना समाप्त किये जाने योग्य होगी.

स्थान : .................... (उम्मीदवार के हस्ताक्षर)

रो.स. 1/49

---

परिशिष्ट-I

एफ. सं. 12025/1/2022 प्रशा. I

भारत सरकार

# मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय

## मत्स्य पालन विभाग

मत्स्य पालन विभाग निम्नांकित पद के लिए आवेदन आमंत्रित करता है:

| क्र. सं. | पद का नाम, वर्गीकरण और वेतनमान | रिक्ति की सं.*** | भर्ती की पद्धति | आवेदन भेजने हेतु पता |
|---|---|---|---|---|
| 1. | **उप-आयुक्त (मत्स्य पालन), मत्स्य पालन विभाग, मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय** पीबी-3, रु. 15600-39100/-+ रु. 7600/- (जीपी) सातवें सीपीसी के पे मैट्रिक्स के लेवल-12 (रु. 78800-209200/-) में संशोधित | 01 | (प्रतिनियुक्ति (अल्पकाल अनुबंध सहित) | श्री खाम खान सुआन, अवर सचिव (प्रशा.), मत्स्य पालन विभाग, प्रथम तल, 36, चंदर लोक भवन, जनपथ, नई दिल्ली- 110001 |

*** **उपर्युक्त पद की रिक्तियां बढ़ाई या घटायी जा सकती हैं.**

2. पात्रता शर्तों अर्थात शैक्षिक अर्हता, अनुभव, जीवनवृत्त-प्रारूप आदि के लिए आवेदकों को विभाग की कार्यालयीय वेबसाइट : **www.dof.gov.in** देखनी चाहिए. पद हेतु सभी तरीके से पूर्ण आवेदन इस विज्ञापन के प्रकाशन की तिथि से **60 दिनों के भीतर** उपरोक्त पते पर उचित माध्यम से अग्रेषित करना चाहिए.

3. आवेदन वाले लिफाफे के ऊपर आवेदित पद का नाम स्पष्ट अक्षरों में लिखा होना चाहिए.

**(खाम खान सुआन)**
**अवर सचिव, भारत सरकार**
**दूर: 011-23310344**
**ई-मेल : admn-fishery@dof.gov.in**

रो.स. 1/3

# आत्मा राम सनातन धर्म महाविद्यालय

## (दिल्ली विश्वविद्यालय)

धौलाकुआं, नयी दिल्ली- 110021

विज्ञापन सं. एआरएसडी/एनटी/2022/01 दिनांक: 22.03.2022

निम्नलिखित गैर-शिक्षण कर्मचारियों के पदों पर निम्नांकित वेतनमान के अंतर्गत विश्वविद्यालय के नियमानुसार स्वीकृत समान्य भत्ते के साथ स्थायी/नियमित नियुक्ति हेतु ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं.

विस्तृत विवरण, निर्देश/सामान्य शर्तों, आवश्यक योग्यता, परीक्षा की स्कीम आदि की जानकारी के लिए महाविद्यालय की वेबसाइट **www.arsdcollege.ac.in** या **www.du.ac.in** देखें.

अनारक्षित/ओबीसी/ईडब्ल्यूएस श्रेणी के लिए आवेदन शुल्क की राशि 500 रुपये, अनु. जाति/अनु. जनजाति श्रेणी के लिए 300 रुपये है. बेंचमार्क विकलांगता वाले व्यक्ति /महिला उम्मीदवारों के लिए कोई आवेदन शुल्क नहीं है. शुल्क का भुगतान ऑनलाइन लिंक के जरिए होना चाहिए. आवेदन शुल्क नॉन-रिफंडेबल है. ऐसे अभ्यर्थी जो किसी पद पर कार्यरत हैं उनका आवेदन उचित माध्यम से होना चाहिए.

| क्र. सं. | पद का नाम | 7वें वेतनमान के अंतर्गत वेतन-मैट्रिक्स | आयु सीमा | पद/ पदों की संख्या | अ.र. (UR) | अ. जा. (SC) | अ. जन. (ST) | अ. पि. वर्ग (OBC) | आ. क. वर्ग (EWS) | पीडब्ल्यू-बीडी (PwBD) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | लाइब्रेरियन | लेवल- 10 | - | 01 | 01 | - | - | - | - | - |
| 2. | सीनियर टेक्निकल असिस्टेंट (कंप्यूटर) | लेवल- 6 | 30 वर्ष | 01 | - | - | - | - | - | 01 (लो. अ.) |
| 3. | सीनियर असिस्टेंट | लेवल- 6 | 30 वर्ष | 01 | 01 | - | - | - | - | - |
| 4. | असिस्टेंट | लेवल- 4 | 30 वर्ष | 02 | 01 | - | 01 | - | - | - |
| 5. | जूनियर असिस्टेंट | लेवल- 2 | 27 वर्ष | 04 | 01 | - | - | 01 | 01 | 01 (दृ. बा.) |
| 6. | लेबोरेट्री अटेंडेंट (रसायन शास्त्र विभाग) | लेवल- 1 | 30 वर्ष | 05 | 02 | 01 | - | 01 | 01 | - |
| 7. | लेबोरेट्री अटेंडेंट (संगणक विज्ञान विभाग) | लेवल- 1 | 30 वर्ष | 02 | 01 | - | 01 | - | - | - |
| 8. | लेबोरेट्री अटेंडेंट (भौतिकी विभाग) | लेवल- 1 | 30 वर्ष | 06 | 02 | 01 | - | 02 | 01 | - |
| 9. | लाइब्रेरी अटेंडेंट | लेवल- 1 | 30 वर्ष | 04 | 01 | - | 01 | 01 | - | 01 (श्र. बा.) |

**अ.र. (UR):** अनारक्षित, **आ.क.वर्ग (EWS):** आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग, अ.जा. **(SC):** अनुसूचित जाति, अ.जन. **(ST):** अनुसूचित जनजाति, **अ.पि.वर्ग (OBC):** अन्य पिछड़ा वर्ग, पीडब्ल्यूबीडी (**PwBD**) बेंचमार्क विकलांगता वाला व्यक्ति , दृ.बा. **(VI):** दृष्टि बाधित, जिसमें दृष्टिहीनता के साथ अल्प- दृष्टि भी शामिल है, लो.अ.**(LD):** लोकोमोटर अक्षमता, जिसमें कुष्ठ रोग से ठीक हुआ व्यक्ति , बौनापन, एसिड अटैक पीड़ित एवं पेशीय दुर्विकास भी सम्मिलित है, **श्र.बा.(HI):** श्रवण बाधित, जिसमें बधिर एवं ऊंचा सुनने वाला व्यक्ति भी सम्मिलित है.

**महत्वपूर्ण टिप्पणी:**

परिस्थितियों के अनुसार विज्ञापित पदों की संख्या एवं प्रकृति में बदलाव कर सकने या किसी पद को नहीं भरने का अधिकार महाविद्यालय के पास संरक्षित है.

आयु सीमा में छूट सरकार/विश्वविद्यालय के नियमों के अनुरूप हैं.

कोई भी संयोजन/शुद्धिपत्र केवल महाविद्यालय की वेबसाइट पर सूचित किया जाएगा. यह अभ्यर्थियों की जिम्मेदारी है कि वे नियमित रूप से महाविद्यालय की वेबसाइट **www.arsdcollege.ac.in** का अवलोकन करते रहें.

**ऑनलाइन आवेदन के लिए लिंक 22.03.2022 से प्रभावी होगा.**

**आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 11.04.2022 या रोज़गार समाचार में प्रकाशन की तिथि से दो सप्ताह तक, जो भी बाद में हो, होगा.**

रो.स. 1/50 प्राचार्य

---

भारत सरकार

## इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय

भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआई)

चतुर्थ तल, बंगला साहिब मार्ग, काली मंदिर के पीछे, गोल मार्किट, नई दिल्ली-110001

**भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआई) क्षेत्रीय कार्यालय लखनऊ में भिन्न-भिन्न पदों को प्रतिनियुक्ति (विदेश सेवा शर्तों) के आधार पर भरने हेतु रिक्ति परिपत्र**

भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआई) अपने क्षेत्रीय कार्यालय लखनऊ में (i) उप-निदेशक- 01 एवं (ii) निजी सचिव- 02 के पदों को प्रतिनियुक्ति (विदेश सेवा शर्तों) के आधार पर भरने का इच्छुक है.

निर्धारित प्रपत्र में आवेदन, **सहायक महानिदेशक (एचआर), भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआई), क्षेत्रीय कार्यालय, तृतीय तल, उत्तर प्रदेश समाज कल्याण निर्माण निगम बिल्डिंग, टी.सी.-46/5, विभूति खंड, गोमति नगर, लखनऊ-226010** को भेजा जा सकता है. सभी तरह से पूर्ण आवेदन पत्र प्राप्त करने की अंतिम तिथि 08.04.2022 है. **चूंकि यह रिक्ति प्रतिनियुक्ति के आधार पर भरी जानी हैं. अत: गैर-सरकारी अभ्यर्थी पात्र नहीं हैं.**

आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि के बाद या अधूरे पाये गए आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जाएगा. विस्तृत जानकारी के लिए कृपया हमारी वेबसाइट **www.uidai.gov.in** देखें. सहायक महानिदेशक (एच.आर.)

**आधार नामांकन और अद्यतन सेवा अब आधार सेवा केंद्रों पर भी उपलब्ध है.**
**नज़दीकी केंद्रों की जानकारी के लिए UIDAI.GOV.IN पर जाएं या 1947 पर कॉल करें.**

डीएवीपी 54103/12/0059/2122 रो.स. 1/35

---

## आनुवंशिकी संभाग

## भा.कृ.अनु.प. - भारतीय कृषि अनुसंधान,संस्थान

पूसा, नई दिल्ली- 110012

**प्रत्यक्ष साक्षात्कार**

आईसीएआर और डीबीटी वित्त पोषित परियोजनाओं में **जेआरएफ/ एसआरएफ/प्रोजेक्ट एसोसिएट 1** के विभिन्न पदों, **रिसर्च एसोसिएट 1** का एक पद, **कुशल कार्यकर्ता / सहायक के 2 पद** के लिए **21 अप्रैल 2022** को कमरा संख्या 35, आनुवंशिकी संभाग, भा.कृ.अनु.प.- भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान, नई दिल्ली- 110012 पूर्वाह्न 10:00 बजे आयोजित किया जाना है. पद पूरी तरह से अनुबंध के आधार पर है, विस्तृत जानकारी के लिए कृपया **www.iari.res.in** देखें.

रो.स. 1/54 **Sr. Admn Officer**

---

## श्री माता वैष्णो देवी विश्वविद्यालय

**कक्रयाल, कटरा-182320 (जम्मू और कश्मीर)**

**(यूजीसी द्वारा मान्यताप्राप्त राज्य विश्वविद्यालय यू/एस 2 (एफ) और 12 (बी) तथा इंजीनियरिंग संस्थाओं में 79वां रैंक; वास्तुशिल्प में 24वां; शीर्ष 100 बिजनस स्कूलों में शामिल तथा मानव संसाधन मंत्रालय, भारत सरकार की एनआरएफ 2021 रैंकिंग में शीर्ष 150 विश्वविद्यालयों में शामिल)**

## संकाय भर्ती

श्री माता वैष्णो देवी विश्वविद्यालय (एसएमवीडीयू) निम्नलिखित शिक्षण पदों के लिए सुयोग्य एवं अनुभवी उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित करता है :-

| लेवल | प्रोफेसर | एसोसिएट प्रोफेसर | सहायक प्रोफेसर |
|---|---|---|---|
| स्कूल | पदों की संख्या | पदों की संख्या | पदों की संख्या |
| कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग | 2 | 1 | 1 |
| इलेक्ट्रॉनिक्स और कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग | 2 | ............ | 1 |
| मैकेनिकल इंजीनियरिंग | 1 | 1 | 1 |
| ऊर्जा प्रबंधन | 1 | 1 | ...... |
| वास्तुशिल्प और लैंडस्केप डिज़ाइन | 1 | 2 | 1 |
| जैव-प्रौद्योगिकी | 1 | 2 | ............. |
| भौतिकी | ..... | 1 | 2 |
| गणित | .... | 1 | 2 |
| व्यापार | 1 | ..... | ........ |
| अर्थशास्त्र | 1 | 2 | 1 |
| भाषा और साहित्य (अंग्रेज़ी) | 1 | 1 | 2 |
| दर्शन शास्त्र और संस्कृति (दर्शन) | 1 | 1 | ........ |
| सिविल इंजीनियरिंग | 1 | 2 | 3 |
| इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग | 1 | 2 | 4 |

क. वेतन 7वें सीपीसी नियमों के अनुसार.

ख. अर्ध-सुसज्जित संकाय क्वार्टर.

ग. बच्चों के लिए शिक्षा भत्ता केंद्र सरकार के नियमों के अनुसार.

घ. एआईसीटीई/यूजीसी/सीओए, जो भी मान्य हो, जैसे विनियामक प्राधिकरणों के अनुसार पात्रता.

**विस्तृत विज्ञापन, सामान्य शर्तों, आवेदन प्रारूप एवं एपीआई प्रारूप हेतु कृपया www.smvdu.ac.in देखें.** जन्म तिथि, योग्यता/ सक्षम प्राधिकरण द्वारा जारी अनुभव प्रमाणपत्रों की स्व-सत्यापित प्रतियां, एक स्वयं का पता लिखा हुआ लिफाफा, अपेक्षित शुल्क (रजिस्ट्रार, एसएमवीडीयू के पक्ष में, कटरा/जम्मू में देय 1000/- रुपए का डीडी) और एपीआई प्रारूप (अगर मान्य हो) के साथ विधिवत रूप से भरे गए आवेदन **रजिस्ट्रार कार्यालय, श्री माता वैष्णो देवी विश्वविद्यालय, कक्रयाल, कटरा-182320 (जम्मू और कश्मीर)** के पास केवल रजिस्टर्ड/स्पीड पोस्ट के जरिए भेजे जाने चाहिए न कि कूरिअर सर्विस के माध्यम से. आवेदन वाले लिफाफे के ऊपर आवेदित पद का नाम, स्कूल का नाम और विज्ञापन संख्या तथा तिथि लिखे होने चाहिए.

**पूरी तरह से भरे गए आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि विज्ञापन जारी होने की तिथि से एक महीना है.**

संख्या एसएमवीडीयू/प्रशासन/संपदा-एफए/827 रजिस्ट्रार

दिनांक : 16/03/2022 रो.स. 1/25

---

## राष्ट्रीय कोशिका विज्ञान केन्द्र, पुणे

## National Centre for Cell Science, Pune

**(जैव प्रौद्योगिकी विभाग, भारत सरकार की एक स्वायत्त संस्था)**

**एनसीसीएस-पीएच.डी**

**प्रवेश-अगस्त-2022**

राष्ट्रीय कोशिका विज्ञान केन्द्र (एनसीसीएस), पुणे भारत में अग्रणी अनुसंधान संस्थाओं में से एक है जो अपने पीएच.डी प्रोग्राम के लिए आवेदन आमंत्रित करता है. एनसीसीएस विविध क्षेत्रों जैसे सेल और मोलिक्यूलर बायोलॉजी, स्ट्रक्चरल बायोलॉजी, डीजिज़ बायोलॉजी, कैंसर बायोलॉजी आदि में बायोलॉजिकल अनुसंधान में सबसे आगे है. मॉडर्न बायोलॉजी में अनुसंधान करने की तीव्र प्रेरणा रखने वाले उम्मीदवारों को आवेदन करने के लिए प्रेरित किया जाता है. विस्तृत विज्ञापन और पात्रता मानदण्ड के लिए कृपया हमारी वेबसाइट **www.nccs.res.in** देखें. **आवेदन की अंतिम तिथि 20.5.2022 है.**

डीन अकादमिक्स

रो.स. 1/19

# भाकृअनुप-केंद्रीय गोवंश अनुसंधान संस्थान

## ICAR-Central Institute for Research on Cattle

ग्रास फार्म रोड, मेरठ छावनी- 250001 (उ.प्र.), भारत
Grass Farm Road, Meerut Cantt - 250001 (UP), India
फोन: 0121-2657136 (निदेशक), 2657133 (एओ), 2657136 (फैक्स)
ईपीएबीएक्स: 0121-2615598 एवं 2656021
ईमेल: director.circ@icar.gov.in
वेबसाइट: http://www.circ.icar.gov.in

**संविदात्मक पदों को भरने के लिए सूचना**

भाकृअनुप-सीआईआरसी, मेरठ (उ.प्र.) में पूर्णतः अस्थायी संविदा आधार पर डीएसटी (भारत सरकार) वित्तपोषित परियोजना के अंतर्गत **वरिष्ठ अनुसंधान फेलो (एसआरएफ)** (01 पद) और **फील्ड सहायक (एफए)** (02 पद) की नियुक्ति के लिए आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं. पात्र अभ्यर्थी **11 अप्रैल, 2022** तक अपना आवेदन जमा करें. कार्य अपेक्षा को पूरा करने वाले अल्पसूची में शामिल अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के लिए बुलाया जाएगा. विस्तृत आवेदन प्रपत्र, निबंधन एवं शर्तें संस्थान की वेबसाइटः **http://www.circ.icar.gov.in** पर उपलब्ध हैं.
आवेदक अग्रिम रूप से अपना आवेदन ई-मेलः **Ajaiveer.Sirohi@icar.gov.in** के जरिए भेजें.

रो.स. 1/10 सहायक प्रशासनिक अधिकारी

---

फा. नं. 2-4/2016-प्रशा. I
भारत सरकार
कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय

# वनस्पति संरक्षण, संगरोध एवं संग्रह निदेशालय

**एनएच-IV, फरीदाबाद (हरियाणा-121001)**

वनस्पति संरक्षण, संगरोध एवं संग्रह निदेशालय, फरीदाबाद (कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार का एक सम्बद्ध कार्यालय) निम्नलिखित पद के लिए प्रतिनियुक्ति आधार पर पात्र अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित करता है:-

| क्र. सं. | पद का नाम/स्थिति | वेतनमान | पद की सं. |
|---|---|---|---|
| 1. | **डाटा संसाधन सहायक**, समूह 'ख', राजपत्रित (अलिपिकवर्गीय) | वेतन स्तर-7 (7वें कें.वे.आ. के अनुसार), वेतन मैट्रिक्स - (रु. 44900-142400) | 01 |

पद का मुख्यालय निदेशालय मुख्यालय, एनएच-IV, फरीदाबाद है. विस्तृत सूचना, पात्रता मानदंड, पद से जुड़े कार्य और आवेदन के लिए प्रपत्र निदेशालय की शासकीय वेबसाइटः **www.ppqs.gov.in** से प्राप्त किए जा सकते हैं. सभी दृष्टियों से पूर्ण आवेदन रोजगार समाचार/Employment News में इस रिक्ति सूचना के जारी होने/**प्रकाशन के 45 दिनों के भीतर श्री अजय कुमार, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी, वनस्पति संरक्षण, संगरोध एवं संग्रह निदेशालय, एनएच-IV, सीजीओ कॉम्प्लेक्स, फरीदाबाद-121001** को पहुंच जाना चाहिए.

रो.स. 1/43 मुख्य प्रशासनिक अधिकारी

---

# मानव संसाधन प्रबंधन विभाग
# Human Resources Management Department

बैंक ऑफ महाराष्ट्र Bank of Maharashtra

प्रधान कार्यालय : लोकमंगल, 1501, शिवाजी नगर, पुणे -5
Head Office: LOKMANGAL,1501, SHIVAJINAGAR, PUNE-5
टेलीफोन/TELE : 020 25614321/477
ई-मेल/e-mail : bomrpcell@mahabank.co.in

Azadi Ka Amrit Mahotsav

एएक्स1/एसटी/आरपी/सीआईएसओ/1138/2021-22 तिथि: 19.03.2022

**भर्ती अधिसूचना**
**मुख्य सूचना सुरक्षा अधिकारी (सीआईएसओ) परियोजना 2021-22 की भर्ती**
**आवेदन (हार्ड प्रति) जमा करने की तिथि 21.03.2022 और 11.04.2022 के बीच है**

**बैंक ऑफ महाराष्ट्र**, पुणे में मुख्यालय के साथ अग्रणी सूचीबद्ध सार्वजनिक क्षेत्र बैंक है और यह 2000 से अधिक शाखाओं के नेटवर्क के साथ **सहायक महाप्रबंधक काडर (मान-V)** में **मुख्य सूचना सुरक्षा अधिकारी (सीआईएसओ)** की भर्ती के लिए उम्मीदवारों से **ऑफलाइन आवेदन** आमंत्रित करता है. इसे सीआईएसओ कोष्ठ में बैंक की साइबर सुरक्षा के साथ-साथ सूचना सुरक्षा के निरीक्षण की बैंक की अपेक्षा के अनुसार पुणे मुख्यालय या बैंक के किसी अन्य कार्यालय में नियुक्त किया जा सकता है.

**01. पात्रता मानदंड:**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | पद | सहायक महाप्रबंधक काडर (मान-V) में मुख्य सूचना सुरक्षा अधिकारी |
| 2. | पद की संख्या | 01 (केवल एक)-अनारक्षित |
| 3. | योग्यता | भारत सरकार या इसके विनियामक निकायों द्वारा मान्यताप्राप्त निम्नलिखित अनुशासन में स्नातक/स्नातकोत्तर इंजीनियरी डिग्री या इसके समकक्ष.<br>**क:** कम्प्यूटर विज्ञान/कम्प्यूटर<br>**ख:** सूचना प्रौद्योगिकी<br>**ग:** इलेक्ट्रॉनिक एण्ड कम्युनिकेशन<br>**घ:** साइबर सुरक्षा क्षेत्र से संबंधित समकक्ष पाठ्यक्रम.<br>उम्मीदवार के पास पद के लिए पात्र होने के लिए निम्नलिखित प्रमाण पत्रों में से कोई एक होना चाहिए:<br>**क.** प्रमाणित सूचना सिस्टम सुरक्षा वृत्तिक (सीआईएसएसपी)<br>**ख.** प्रमाणित सूचना सुरक्षा प्रबंधक (सीआईएसएम)<br>**ग.** प्रमाणित मुख्य सूचना सुरक्षा अधिकारी (सीसीआईएसओ)<br>**घ.** प्रमाणित सूचना सिस्टम लेखा परिवीक्षक (सीआईएसए) |
| 4. | अनुभव | न्यूनतम 15 वर्ष का आईटी संबंधित कार्य अनुभव, जिसमें से कम से कम 10 वर्ष वित्तीय संगठनों में सूचना सुरक्षा के कोर डोमेन क्षेत्र में होना चाहिए. **या**<br>अनुसूचित वाणिज्य बैंकों में आईटी संबंधित कार्यों को संभालने में न्यूनतम 12 वर्ष का कार्य अनुभव, जिसमें से न्यूनतम 4 वर्ष का अनुभव वरिष्ठ प्रबंधन लेवल (मान IV और अधिक) पर सूचना सुरक्षा के कोर डोमेन क्षेत्र में होना चाहिए. |
| 5. | आयु | अधिकतम 50 वर्ष |
| 6. | परिवीक्षा अवधि | परिवीक्षा अवधि बैंक में कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से एक वर्ष की होगी. |
| 7. | बॉन्ड अवधि | चयनित उम्मीदवारों को बैंक से जुड़ने की तिथि से दो वर्ष के लिए रुपये 02.00 लाख का एक बॉन्ड क्रियान्वित करना होगा. |

विवरण बैंक की वेबसाइट **https://www.bankofmaharashtra.in पर उपलब्ध है. ऑफलाइन आवेदन 21.03.2022 से** 11.04.2022 तक भेजे जा सकते हैं. पात्र **उम्मीदवारों को अधिक जानकारी के लिए बैंक की वेबसाइट देखने का अनुरोध किया जाता है.**

महाप्रबंधक
एचआरएम विभाग
स्थानः पुणे
रो.स. 1/22 तिथि: 19.03.2022

---

# राष्ट्रीय दृष्टि दिव्यांगजन सशक्तिकरण संस्थान

niepvd Divyangjan

(दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग)
सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार
116, राजपुर रोड, देहरादून-248001 (उत्तराखंड)
वेबसाइट: www.nivh.gov.in, फोन नं.: 0135-2744491, 2744578

Azadi Ka Amrit Mahotsav

सं. 5-2/2022-0001-विज्ञा. दिनांक: 03.03.2022

**रोज़गार सूचना**

कौशल विकास, पुनर्वास और दिव्यांगजन सशक्तिकरण के लिए समेकित क्षेत्रीय केंद्र, सिक्किम में संविदा आधार पर भरे जाने वाले निम्नलिखित पदों (परामर्शदाताओं) के लिए पात्र अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं:

| क्र. सं. | पद का नाम | पारिश्रमिक | अवधि | पदों की सं. |
|---|---|---|---|---|
| 1. | **सहायक प्रोफेसर** (पीएमआर) (परामर्शदाता) | 70,000/- | 11 माह | 01 |
| 2. | **सहायक प्रोफेसर** (क्लीनिकल मनोवैज्ञानिक) (परामर्शदाता) | 65,000/- | 11 माह | 01 |
| 3. | **व्याख्याता** (ओटी) (परामर्शदाता) | 55,000/- | 11 माह | 01 |
| 4. | **प्रशासनिक अधिकारी** (परामर्शदाता) | 45,000/- | 11 माह | 01 |
| 5. | **क्लीनिकल सहायक** (विकास चिकित्सक) (परामर्शदाता) | 40,000/- | 11 माह | 01 |
| 6. | **क्लीनिकल सहायक** (वाणी चिकित्सक) (परामर्शदाता) | 40,000/- | 11 माह | 01 |

सभी दृष्टियों से पूर्ण आवेदन **रोज़गार समाचार/Employment News में इस विज्ञापन के प्रकाशन के 21 दिनों के भीतर निदेशक, एनआईईपीवीडी, 116, राजपुर रोड, देहरादून-248001** को पहुंच जाना चाहिए.
**नोटः** अधिक ब्यौरे के लिए कृपया हमारी वेबसाइट **www.nivh.gov.in** देखें.

निदेशक, एनआईईपीवीडी, देहरादून
डीएवीपी 38102/12/0005/2122 रो.स. 1/38

---

# गार्गी महाविद्यालय

## दिल्ली विश्वविद्यालय, नई दिल्ली -110049

विज्ञा./एनटी/2022/01 दिनांक: 17.03.2022

स्थायी आधार पर निम्नलिखित गैर-शिक्षण पदों के लिए निर्धारित प्रपत्र में ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं. **आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि 23.4.2022 या रोज़गार समाचार/Employment News में विज्ञापन के प्रकाशन की तिथि से 21 दिनों के भीतर, जो भी बाद में हो, है.**

| पद का नाम | कुल | अना | अपिव | अजा | अजजा | ईडब्ल्यू-एस | पीडब्ल्यू-बीडी | अधिकतम आयु | वेतन स्तर |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **वरिष्ठ वैयक्तिक सहायक** | 1 | 1 | | | | | | 35 | 7 |
| **प्रयोगशाला सहायक (पादप विज्ञान)** | 1 | 1 | | | | | | 30 | 4 |
| **प्रयोगशाला सहायक (रसायन विज्ञान)** | 1 | | | 1 | | | | 30 | 4 |
| **कनिष्ठ सहायक** | 2 | | | | 1 | 1 | | 27 | 2 |
| **पुस्तकालय परिचर** | 3 | 2 | | | | | 1 (एचआई) | 30 | 1 |
| **प्रयोगशाला परिचर** | 15 | 10 | 2 | | | 2 | 1 (एलडी) | 30 | 1 |
| | **23** | **14** | **2** | **1** | **1** | **3** | **2** | | |

**संक्षिप्तियां: पीडब्ल्यूबीडी** - बेंचमार्क दिव्यांगजन, **एलडी** - कुष्ठरोग मुक्त, बौनापन, अम्ल आक्रमण के शिकार, प्रमस्तिष्कीय पक्षाघात और मांसपेशीय कुपोषण सहित गतिविषयक निःशक्तता, **एचआई**-श्रवण दोष

**महत्वपूर्ण नोटः**

किसी अनुशेष/शुद्धिपत्र को केवल महाविद्यालय की वेबसाइट पर डाला जाएगा. इसकी निगरानी करना अभ्यर्थियों की जिम्मेवारी होगी.

विज्ञापित पदों के और ब्यौरे क्रमशः महाविद्यालय की वेबसाइट **https://gargicollege.in/** और दिल्ली विश्वविद्यालय की वेबसाइट **www.du.ac.in** पर उपलब्ध हैं.

रो.स. 1/29 प्रिंसिपल (स्थानापन्न)

# क्षेत्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान, जरल, पण्डोह, मंडी (हि.प्र.)

## केंद्रीय आयुर्वेदीय विज्ञान अनुसंधान परिषद्, आयुष मंत्रालय, भारत सरकार

# Regional Ayurveda Research Institute

(Central Council for Research in Ayurvedic Sciences, Ministry of AYUSH, Govt. of India)
Jaral, Pandoh Distt Mandi, Himachal Pradesh-175124, India
E-mail: arri.mandi@gmail.com, arri-mandi@gov.in
Ph/ Fax: Hos. 01905-282735, 282736

**विज्ञापन संख्या 1/2022-23**

क्षेत्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान, जरल, पण्डोह हिमाचल प्रदेश जो कि केन्द्रीय आयुर्वेदीय विज्ञान अनुसंधान परिषद (सी.सी.आर.ए.एस.) का एक परिधीय संस्थान है एवं आयुष मंत्रालय भारत सरकार के अधीन स्वायत्त निकाय है, द्वारा निम्नलिखित पदों के लिये आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं.

| क्रमांक संख्या | पद का नाम | पदों की संख्या | योग्यता एवं अनुभव | आयु सीमा | वेतन का स्केल |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | एम.टी.एस मल्टी टास्क स्टाफ | अनारक्षित -02<br>अनुसूचित जनजाति- 01<br>अन्य पिछड़ा वर्ग -01 | **आवश्यक :**<br>मान्यताप्राप्त बोर्ड से 10वीं अथवा समकक्ष<br>**एच्छिक :** कम्प्यूटर पर कार्य करने का ज्ञान | अधिकतम 27 वर्ष<br>(भारत सरकार के नियमानुसार आयु सीमा में छूट) | लेवल-1, मूल वेतन 18000 + अन्य भत्ते |

**नियम व शर्तें :**

1. नवनियुक्त कर्मचारी नई पेंशन योजना के अंतर्गत होंगे.
2. यह पद ऑल इंडिया में स्थानान्तरण योग्य हैं और उम्मीदवारों को परिषद के किसी भी परिधीय संस्थान/ केंद्र इकाइयों में सेवा करने के लिए तैयार रहना चाहिए.
3. आयु की गणना दिनांक 01/01/2022 के अनुसार मानी जाएगी. केंद्रीय सरकार के नियमों के अनुसार आयु छूट स्वीकार्य होगी.
4. आवेदन प्राप्त होने की अन्तिम तिथि 14.05.2022.
5. पहले से ही सेवा में रहने वाले व्यक्ति को आवेदन पत्र उचित माध्यम से विजिलेंस क्लियरेंस प्रमाणपत्र के साथ भेजना होगा.
6. आवेदन पत्रों की छंटनी के बाद योग्य उम्मीदवारों को ही लिखित परीक्षा की दिनांक की सूचना के साथ परीक्षा हेतु बुलाया जायेगा.
7. देर से आवेदन/अपूर्ण आवेदन, शैक्षणिक योग्यता, आयु, जाति, अनुभव और व्यक्तियों के चिकित्सा प्रमाण पत्र की छायाप्रति स्वप्रमाणित नहीं होने पर आवेदन पत्र खारिज कर दिया जाएगा.
8. किसी भी उम्मीदवार की ओर से किसी भी रूप में केनवासिंग करना या चयन/भर्ती/पोस्टिंग के संबंध में राजनीतिक या अन्य बाहरी प्रभाव डालने से उम्मीदवार को अयोग्य घोषित कर दिया जायेगा.
9. प्रार्थी का चयन लिखित परीक्षा में प्रदर्शन के आधार पर किया जायेगा.
10. रिक्त पदों की संख्या परिवर्तनशील है.
11. आवेदन पत्र का प्रपत्र परिषद की बेबसाइट **www.ccras.nic.in** से डाउनलोड किया जा सकता है.
12. उम्मीदवार जो आरक्षित श्रेणियों से संबन्धित होने का दावा करते हैं, उन्हें सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी जाति प्रमाण पत्र/चिकित्सा प्रमाण पत्र जमा करवाना होगा.
13. सभी आवश्यक संलग्नक (एक अतिरिक्त पास पोर्ट आकार की फोटो के साथ) विधिवत रूप से भरा हुआ आवेदन पत्र **प्रभारी सहायक निदेशक क्षेत्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान, जरल, पण्डोह हिमाचल प्रदेश-175124** को भेजा जाये.
14. संस्थान प्रभारी कारण बताए बिना भी पद के लिए विज्ञापन को रदद् करने का अधिकार सुरक्षित रखते हैं.

रो.स. 1/55

**प्रभारी सहायक निदेशक**

---

एफ. सं. 6-7/2022-आईएनएम [107696]

**भारत सरकार**

## कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय

## कृषि एवं किसान कल्याण विभाग

**राष्ट्रीय जैविक और प्राकृतिक खेती केंद्र (रा.जै.प्रा.खे.कें.), गाज़ियाबाद में निदेशक के एक पद को प्रतिनियुक्ति (अल्पकाल अनुबंध सहित)/ पदोन्नति आधार पर भरना.**

राष्ट्रीय जैविक और प्राकृतिक खेती केंद्र (रा.जै.प्रा.खे.कें.) (कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के प्रशासनिक नियंत्रणाधीन एक अधीनस्थ कार्यालय) में पे बैंड-4 (रु. 37400-67000/- ग्रेड पे रु. 8700/-) (पे मैट्रिक्स के लेवल-13 में संशोधित) में **निदेशक** के एक पद को प्रतिनियुक्ति (अल्पकाल अनुबंध सहित)/ पदोन्नति आधार पर भरने के लिए पात्र और उपयुक्त अधिकारियों से आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं. पद और पात्रता शर्तों के विवरण कृषि एवं किसान कल्याण विभाग (कृ.कि.क.वि.) की वेबसाइटः www.agricoop.nic.in(लिंक- रिक्रूटमेंट) पर उपलब्ध हैं.

2. केवल उन्हीं अधिकारियों/ उम्मीदवारों के आवेदन पर विचार किया जाएगा जो उचित माध्यम से और निम्नांकित के साथ भेजे गये होंगेः (i) जीवनवृत्त (दो प्रतियों में) प्रारूप (परिशिष्ट-II) के अनुसार, (ii) भारत सरकार के अवर सचिव रैंक के किसी अधिकारी द्वारा प्रत्येक पृष्ठ सत्यापित (हस्ताक्षरित एवं मुहर लगे) पिछले 5 वर्षों की एपीएआर की फोटोकॉपियां और (iii) नियोक्ता से प्राप्त प्रमाण-पत्र कि अधिकारी द्वारा प्रस्तुत विवरण सही हैं और वे रिक्ति परिपत्र/ विज्ञापन में निर्दिष्ट पात्रता शर्तों को पूरा करते हैं और जीवनवृत्त के अंत में सतर्कता अनापत्ति, सत्यनिष्ठा और बड़ी/ छोटी सजा के प्रमाण-पत्र. पूर्ण विज्ञापन (परिशिष्ट-I), जीवनवृत्त-प्रारूप एवं स.प्र., स.अ., ब.छो.स. आदि (परिशिष्ट-II) कृषि एवं किसान कल्याण विभाग (कृ.कि.क.वि.) की वेबसाइटः www.agricoop.nic.in (लिंक- रिक्रूटमेंट) पर उपलब्ध हैं.

3. इसलिए, यह अनुरोध है कि इच्छुक और पात्र तथा चयन की स्थिति में शीघ्र कार्यमुक्त किये जा सकने वाले अधिकारियों के आवेदन **रोज़गार समाचार में इस विज्ञापन के प्रकाशन की तिथि से 60 दिनों के भीतर अवर सचिव (आईएनएम), कृषि एवं किसान कल्याण विभाग, कमरा सं. 573-ए, एफ-विंग, कृषि भवन, नई दिल्ली- 110001 के पास भेजे जा सकते हैं.**

4. आवेदनों की अग्रिम प्रतियों या निर्धारित अंतिम तिथि के बाद प्राप्त या उम्मीदवारों द्वारा दावे किये गये अर्हता और अनुभव के समर्थन में सहायक प्रमाण-पत्रों/ प्रलेखों के साथ नहीं होने वाले आवेदनों पर चयन हेतु उम्मीदवारों की पात्रता निर्धारण की प्रक्रिया नहीं की जाएगी और उसे निरस्त कर दिया जाएगा.

5. पद हेतु आवेदन करने वाले उम्मीदवारों को बाद में अपनी उम्मीदवारी वापस लेने की अनुमति नहीं होगी. प्रतिनियुक्ति आधार पर नियुक्ति हेतु चयनित अधिकारी के वेतन समय-समय पर यथासंशोधित का. एवं प्र.वि. के दिनांक 17.06.2010 के का.ज्ञा. सं. 6/8/2009-स्था. (वेतन- II) के अनुसार विनियमित किये जाएंगे.

**(चंद्र शेखर प्रसाद)**
**अवर सचिव, भारत सरकार**

रो.स. 1/4

सं. ए-12011/1/2022-प्र. 1-एमसीए

भारत सरकार

# कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय

ए-विंग, 5वां तल, शास्त्री भवन, नई दिल्ली

**विषय: कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय में केंद्रीय सिविल सेवाएं (संशोधित वेतन) नियम 2016 के लेवल 7 में सहायक पुस्तकालय और सूचना अधिकारी (सामान्य केंद्रीय सेवा, समूह 'ख', राजपत्रित, गैर अनुसचिवीय) का एक पद संयुक्त पद्धति (प्रतिनियुक्ति (अल्पावधि अनुबंध सहित) और पदोन्नति आधार पर) के जरिए भरना.**

कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय में केंद्रीय सिविल सेवाएं (संशोधित वेतन) नियम 2016 के लेवल 7 में सहायक पुस्तकालय और सूचना अधिकारी (सामान्य केंद्रीय सेवा, समूह 'ख', राजपत्रित, गैर अनुसचिवीय) का एक पद संयुक्त पद्धति (प्रतिनियुक्ति (अल्पावधि अनुबंध सहित) और पदोन्नति आधार पर) से भरने का प्रस्ताव है.

**2. पात्रता शर्तें:** संयुक्त पद्धतिः- प्रतिनियुक्ति (अल्पावधि अनुबंध सहित) जमा पदोन्नति.

केंद्रीय सरकार अथवा राज्य सरकार अथवा संघ शासित प्रदेशों अथवा सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों अथवा विश्वविद्यालयों अथवा मान्यताप्राप्त अनुसंधान संस्थानों अथवा स्वायत्त संस्थाओं अथवा वैधानिक संगठनों के अधिकारी-

**(क)** (i) मूल संवर्ग/विभाग में नियमित आधार पर सदृश पद धारण किये हुए हों, **अथवा**

(ii) मूल संवर्ग/विभाग में वेतन मैट्रिक्स में लेवल 6 (रु. 35400-रु. 112400/-) या समकक्ष में नियमित आधार पर नियुक्ति के उपरांत ग्रेड में पांच वर्षों की सेवा के साथ, **और**

**(ख)** नीचे दी गई शैक्षणिक अर्हताएं तथा अनुभव रखते हों.

**अनिवार्य:**

(i) मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय अथवा संस्थान से पुस्तकालय विज्ञान अथवा पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान में बैचलर डिग्री, **और**

(ii) केंद्रीय अथवा राज्य सरकार अथवा स्वायत्त अथवा वैधानिक संगठन अथवा सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रमों अथवा विश्वविद्यालय अथवा मान्यताप्राप्त अनुसंधान अथवा शैक्षणिक संस्थान के अधीन पुस्तकालय में दो वर्षों का व्यावसायिक अनुभव.

**वांछनीय:**

(i) मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय अथवा संस्थान से पुस्तकालय विज्ञान अथवा पुस्तकालय और सूचना विज्ञान में मास्टर डिग्री, **और**

(ii) मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय अथवा संस्थान से कम्प्यूटर अनुप्रयोग में डिप्लोमा.

**टिप्पणी-1:** ग्रेड में पांच वर्ष की नियमित सेवा के साथ वेतन मैट्रिक्स में लेवल-6 में विभागीय पुस्तकालय एवं सूचना सहायक और जो प्रतिनियुक्ति आधार पर नियुक्ति पर विचार के लिए निर्धारित शैक्षणिक अर्हताएं और अनुभव रखते हैं पर बाहरी व्यक्तियों के साथ विचार किया जाएगा और यदि विभागीय उम्मीदवार का पद पर नियुक्ति के लिए चयन हो जाता है तो इसे पदोन्नति से भरा गया समझा जाएगा.

**टिप्पणी-2:** प्रतिनियुक्ति (लघु अवधि अनुबंध सहित) पर नियुक्ति की अवधि इस नियुक्ति से ठीक पहले इसी अथवा केंद्रीय सरकार के किसी अन्य विभाग में धारित निःसंवर्ग पद में प्रतिनियुक्ति (लघु अवधि अनुबंध सहित) की अवधि सहित साधारणतः तीन वर्ष से अधिक नहीं होगी.

**टिप्पणी 3:** प्रतिनियुक्ति (लघु अवधि अनुबंध सहित) से नियुक्ति के लिए अधिकतम आयु सीमा आवेदन प्राप्ति की बंद होने की तिथि को छप्पन वर्ष से अधिक नहीं होगी.

**3. सहायक पुस्तकालय एवं सूचना अधिकारी के पद से जुड़ी ड्यूटियों और जिम्मेदारियों की सूचीः-**

(i) वह पुस्तकालय एवं सूचना अधिकारी को यथापेक्षित सहायता प्रदान करेगा और उनकी अनुपस्थिति में पुस्तकालय के प्रभारी के तौर पर कार्य करेगा.

(ii) वह सभी आपूर्ति आदेश जारी करेगा/जर्नल्स का नवीकरण करेगा/पुस्तकों की खरीद/पुस्तकों, पत्र-पत्रिकाओं और अन्य सभी क्रय की गई मदों के बिलों की सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन के लिए भेजने से पहले जांच करेगा.

(iii) पुस्तकालय उपयोगकर्ताओं को संदर्भ और सूचना सेवा, ग्रन्थसूची, सामग्री संदर्भ रिट्रिविंग प्रदान करना, और अंतर पुस्तकालय अनुरोध.

(iv) नई पुस्तकों का वर्गीकरण.

(v) पुस्तकालय उपकरणों और सॉफ्टवेयर की एएमसी.

(vi) पुस्तकालय समिति बैठकों के आयोजन पुस्तकालय के अन्य रोज़मर्रा के कार्य में पुस्तकालय एवं सूचना अधिकारी की सहायता करना.

वह पुस्तकालय और सूचना सेवाओं के प्रशासनिक और बजटीय कार्यों का प्रबंधन और योजना का कार्य करेगा.

(vii) पुस्तकालय का प्रलेखन कार्य.

(viii) ऑडिट पैरा/प्रश्नों का निपटान.

(ix) क्लीपिंग के लिए समाचार पत्र/पत्रिकाओं में संगत सामग्री का चयन करेगा.

(x) पुस्तकों/पत्रिकाओं/जर्नल्स का निस्तारण.

(xi) वह समय-समय पर पुस्तकालय सॉफ्टवेयर के संचालन की देख-रेख करेगा और पुस्तकालय के निर्बाध संचालन के लिए कम्प्यूटर अनुभाग तथा पुस्तकालय कार्मिकों के साथ संपर्क रखेगा.

(xii) समय-समय पर सक्षम प्राधिकारी द्वारा सौंपा गया कोई अन्य कार्य.

**4. वेतन और प्रतिनियुक्ति की अन्य शर्तों का नियमन:** चयनित उम्मीदवार का वेतन समय-समय पर यथा संशोधित कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग के का.ज्ञा. सं. 6/8/2009-स्था (वेतन-II) दिनांक 17.06.2010 में वर्णित प्रावधानों के अधीन विनियमित किया जाएगा.

**5. आयु सीमा:** प्रतिनियुक्ति (आईएसटीसी) से नियुक्ति के लिए अधिकतम आयु सीमा आवेदन प्राप्ति की बंद होने की तिथि को 56 वर्ष से अधिक नहीं होगी.

**6. प्रतिनियुक्ति की अवधि:** प्रतिनियुक्ति (आईएसटीसी) की अवधि साधारणतः तीन वर्ष से अधिक नहीं होगी.

**7. सं.लो.से.आ. के साथ परामर्श:** संघ लोक सेवा आयोग के साथ परामर्श आवश्यक नहीं है.

**8. अजा/अजजा के लिए आरक्षण:** प्रतिनियुक्ति आधार पर भरे जाने वाले पदों के लिए आरक्षण के लिए कोई प्रावधान नहीं है.

9. ऐसे पात्र अभ्यर्थियों का, जिन्हें चयन होने पर तत्काल कार्यमुक्त किया जा सकता हो, आवेदन-पत्र साथ में निर्धारित प्रप्त्र में जीवनवृत्त (दो प्रतियों में) साथ में अग्रेषण प्राधिकारी से प्रमाण पत्र (अनुलग्नक-1 में प्रोफॉर्मा में) और साथ में निम्नलिखित दस्तावेजः

(i) सत्यनिष्ठा प्रमाणपत्र

(ii) अधिकारी पर पिछले 10 वर्षों के दौरान लगाई गई बड़ी/छोटी पेनाल्टी, यदि कोई है, का विवरण (यदि कोई पेनाल्टी नहीं लगाई गई है तो शून्य प्रमाणपत्र संलग्न किया जाना चाहिए)

(iii) सतर्कता मुक्ति प्रमाणपत्र

(iv) वागोरी की पिछले पांच वर्षों अर्थात 2016-17 से 2020-21 तक के लिए सत्यापित फोटो प्रतियां (प्रत्येक पृष्ठ पर भारत सरकार के कम से कम अवर सचिव के रैंक के अधिकारी द्वारा सत्यापित).

(v) संवर्ग मुक्ति

संलग्न करते हुए प्रत्येक उम्मीदवार के संबंध में अलग-अलग आवेदन अधोहस्ताक्षरी को कमरा नंबर 526, ए-विंग, 5वां तल, शास्त्री भवन, डॉ. राजेंद्र प्रसाद मार्ग, नई दिल्ली-110001 के पते पर रोज़गार समाचार में इस **विज्ञापन के प्रकाशन की तिथि से 60 दिनों के भीतर** अग्रेषित किए जाने चाहिए. जो आवेदन-पत्र उचित माध्यम से अग्रेषित नहीं किए जाएंगे अथवा अपेक्षित प्रमाणपत्रों और आवश्यक दस्तावेजों के बगैर प्राप्त होंगे उन पर विचार नहीं किया जाएगा.

10. पद के लिए आवेदन करने वाले उम्मीदवारों को बाद में अपनी उम्मीदवारी वापस लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी. **सरकार का प्रयास ऐसा कार्यबल खड़ा करने का है जिसमें लिंग संतुलन झलकता हो और महिला उम्मीदवारों को आवेदन करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है.**

(रियाजउल हक)
अवर सचिव, भारत सरकार
ई-मेल: r.haque@gov.in
टेली: 011-23381349

परिशिष्ट-I

**कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय में प्रतिनियुक्ति (लघु अवधि अनुबंध सहित) और पदोन्नति पर सहायक पुस्तकालय एवं सूचना अधिकारी के पद के लिए आवेदन-पत्र हेतु प्रोफॉर्मा**

**जीवनवृत्त प्रपत्र**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | नाम और पता (साफ अक्षरों में) साथ में संपर्क नंबरः | |
| 2. | जन्म तिथि (ईस्वी सन् में) | |
| 3. | (i) सेवा में प्रविष्टि की तिथि<br>(ii) केंद्रीय/राज्य सरकार के नियमों के अधीन सेवानिवृत्ति की तिथि | |
| 4. | शैक्षणिक अर्हताएं (यदि नीचे स्थान अपर्याप्त है तो अपने हस्ताक्षर से विधिवत प्रमाणित अलग शीट लगाएं) | |
| 5. | क्या पद के लिए अपेक्षित शैक्षणिक और अन्य अर्हताएं पूरी करते हैं (यदि किसी अर्हता को नियमों में निर्धारित अर्हता के समकक्ष माना गया है, तो उसकी अथॉरिटी का उल्लेख करें) | |
| | **रिक्ति परिपत्र में यथा वर्णित अपेक्षित अर्हताएं/अनुभव** | **अधिकारी के पास मौजूद अर्हताएं/अनुभव** |
| | **अनिवार्य** | **अनिवार्य** |
| i) | **(क)** नियमित आधार पर सदृश पद अथवा समकक्ष धारण किए हुए हैं, **अथवा**<br>**(ख)** क्या आप मूल संवर्ग अथवा विभाग में वेतन मैट्रिक्स (रु. 35400-112400) अथवा समकक्ष में लेवल-6 में पद में नियमित आधार पर नियुक्ति के उपरांत ग्रेड में पांच वर्ष की सेवा रखते हैं | |
| ii) | अर्हताएं: मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय अथवा संस्थान से पुस्तकालय विज्ञान अथवा पुस्तकालय और सूचना विज्ञान में बैचलर डिग्री, और | अर्हताएं: |
| iii) | **अनुभव:** केंद्रीय अथवा राज्य सरकार अथवा स्वायत्त अथवा वैधानिक संगठन अथवा सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रमों अथवा विश्वविद्यालय अथवा मान्यता प्राप्त अनुसंधान या शैक्षणिक संस्थान में दो वर्ष का व्यावसायिक अनुभव | अनुभव |
| | वांछनीय | वांछनीय |
| | अर्हताएं:<br>(क) मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय अथवा संस्थान से पुस्तकालय विज्ञान अथवा पुस्तकालय और सूचना विज्ञान में मास्टर डिग्री.<br>(ख) मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय अथवा संस्थान से कम्प्यूटर अनुप्रयोग में डिप्लोमा. | |
| 6. | कृपया साफ-2 उल्लेख करें कि क्या आप द्वारा ऊपर की गई प्रविष्टियों के अनुरूप पद के लिये अपेक्षित अनिवार्य अर्हताएं और कार्यानुभव रखते हैं. | |
| 7. | कालक्रमानुसार रोज़गार का विवरण (यदि नीचे स्थान अपर्याप्त है तो अपने हस्ताक्षर से विधिवत प्रमाणित अलग शीट लगाएं) | |

| कार्यालय/संस्थान | नियमित आधार पर धारित पद | सेवा की अवधि | | *नियमित आधार पर धारित पद का वेतन मैट्रिक्स में लेवल/वेतन बैंड और ग्रेड वेतन/वेतनमान | आवेदित पद के लिये अपेक्षित अनुभव का विशेष उल्लेख करते हुए कार्यों की प्रकृति (विस्तार से) |
|---|---|---|---|---|---|
| | | से | तक | | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| | | | | | |

***महत्वपूर्ण:** एसीपी/एमएसीपी के तहत प्रदत्त वेतन बैंड और ग्रेड वेतन अधिकारी के लिये वैयक्तिक हैं और, अतएव, इनका उल्लेख नहीं किया जाना चाहिये. केवल नियमित आधार पर धारित पद के वेतन मैट्रिक्स में वेतन लेवल/वेतन बैंड और ग्रेड वेतन/वेतनमान का उल्लेख किया जाना चाहिये. एसीपी/एमएसीपी साथ में वर्तमान वेतन बैंड और ग्रेड वेतन/वेतन मैट्रिक्स में वेतन लेवल के विवरण का, जहां उम्मीदवार ऐसे लाभों को प्राप्त कर रहे हैं, नीचे उल्लेख किया जा सकता हैः

| कार्यालय/संस्थान | एसीपी/एमएसीपी स्कीम के तहत प्राप्त वेतन मैट्रिक्स में वेतन लेवल/वेतन बैंड और ग्रेड वेतन | से | तक |
|---|---|---|---|
| | | | |
| | | | |

| | | |
|---|---|---|
| 8. | वर्तमान रोज़गार की प्रकृति अर्थात तदर्थ अथवा अस्थाई अथवा अर्द्ध स्थाई अथवा स्थाई | |
| 9. | यदि वर्तमान रोज़गार प्रतिनियुक्ति/अनुबंध आधार पर धारण किए हुए हैं तो कृपया उल्लेख करें:- | |

(शेष पृष्ठ 19 पर)

(पृष्ठ 18 का शेष)

| क) प्रतिनियुक्ति/अनुबंध पर नियुक्ति की अवधि | ख) प्रतिनियुक्ति पर नियुक्ति की अवधि | ग) मूल कार्यालय/संगठन का नाम, जिससे आवेदक संबंधित है | घ) मूल संगठन में स्थानापन्न आधार पर धारित पद का नाम और वेतन |
|---|---|---|---|
| | | | |

**9.1 टिप्पणी:** यदि अधिकारी पहले से ही प्रतिनियुक्ति पर है, ऐसे अधिकारियों के आवेदन-पत्र उनके मूल संवर्ग/विभाग द्वारा संवर्ग मुक्ति, सतर्कता मुक्ति और सत्यनिष्ठा प्रमाणपत्र के साथ अग्रेषित किये जाने चाहिये.

**9.2 टिप्पणी:** उपरोक्त कॉलम 9 (ग) और (घ) के तहत सूचना सभी मामलों में दी जानी चाहिये, जहां कोई व्यक्ति संवर्ग/संगठन से बाहर प्रतिनियुक्ति पर पद धारण कर रहा है परंतु अब भी अपने मूल संवर्ग/संगठन के साथ संबद्धता रखे हुए है.

| | | |
|---|---|---|
| 10. | यदि आवेदक ने पूर्व में कोई पद प्रतिनियुक्ति पर धारण किया है, पिछली प्रतिनियुक्ति से लौटने की तिथि और अन्य विवरण | |
| 11. | वर्तमान रोज़गार के संबंध में अतिरिक्त विवरण: कृपया उल्लेख करें कि किसके तहत कार्यरत हैं (कृपया संगत कॉलम के तहत अपने नियोक्ता के नाम का उल्लेख करें)<br>क) केंद्रीय सरकार<br>ख) राज्य सरकार<br>ग) स्वायत्त संगठन<br>घ) सरकारी उपक्रम<br>ङ) विश्वविद्यालय<br>च) अन्य | |
| 12. | कृपया उल्लेख करें कि क्या आप इसी विभाग में कार्यरत हैं और फीडर से फीडर ग्रेड में हैं. | |
| 13. | क्या आप संशोधित वेतनमान में हैं? यदि हां, तो तिथि का उल्लेख करें जब से संशोधन हुआ और असंशोधित वेतनमान का भी उल्लेख करें. | |
| 14. | अब प्रति माह प्राप्त कुल परिलब्धियां: वेतन मैट्रिक्स का मूल वेतन लेवल, कुल परिलब्धियां | |

| मूल वेतन | वेतन मैट्रिक्स का लेवल | कुल परिलब्धियां |
|---|---|---|
| | | |

| | | |
|---|---|---|
| 15. | यदि आवेदक ऐसे किसी संगठन से संबंधित है जिसमें केंद्रीय सरकार के वेतनमान का पालन नहीं किया जा रहा है, निम्नलिखित विवरण दर्शाते हुए संगठन से जारी नवीनतम वेतन पर्ची संलग्न की जा सकती है. | |

| मूल वेतन साथ में वेतनमान और वेतनवृद्धि की दर | मंहगाई वेतन/अंतरिम राहत/अन्य भत्ते आदि (विवरण ब्रेक अप के साथ) | कुल परिलब्धियां |
|---|---|---|
| | | |

| | | |
|---|---|---|
| 16. | क) पद के संगत अतिरिक्त सूचना, यदि कोई, जिसका आप पद हेतु अपनी सुयोग्यता के समर्थन में उल्लेख करना चाहेंगे (इसमें अन्य बातों के अलावा (i) अतिरिक्त शैक्षणिक अर्हताएं (ii) व्यावसायिक प्रशिक्षण और (iii) रिक्ति परिपत्र में निर्धारित से ऊपर अर्जित कार्यानुभव का उल्लेख कर सकते हैं)<br>**(टिप्पणी: यदि स्थान अपर्याप्त है तो अलग से शीट लगाएं)** | |
| | **ख) उपलब्धियां:** उम्मीदवारों से अनुरोध है कि निम्नलिखित से संबंधित सूचना का उल्लेख करें:<br>(1) शोध प्रकाशन और प्रतिवेदन और विशेष परियोजनाएं (2) पुरस्कार/छात्रवृत्तियां/आधिकारिक प्रशस्ति (3) व्यावसायिक संस्थाओं/संस्थानों/सोसाइटियों के साथ संबद्धता और (4) स्वयं के नाम में पंजीकृत अथवा संगठन के लिए हासिल पेटेंट्स (5) कोई अन्य शोध/नवाचार उपाय, जिसमें आधिकारिक मान्यता शामिल है (6) कोई अन्य सूचना.<br>**(टिप्पणी: यदि स्थान अपर्याप्त है तो अलग से शीट लगाएं)** | |
| 17. | क्या अजा/अजजा से संबंधित हैं. | |

मैंने रिक्ति परिपत्र/विज्ञापन को ध्यानपूर्वक पढ़ लिया है और मुझे मालूम है कि अनिवार्य अर्हता/कार्यानुभव के संबंध में प्रस्तुत दस्तावेजों से विधिवत समर्थित करिकुलम विताई में प्रेषित सूचना का पद हेतु चयन के समय चयन समिति द्वारा भी मूल्यांकन किया जायेगा. मेरे द्वारा प्रेषित सूचना/विवरण मेरी अच्छी जानकारी के अनुसार सही और सत्य है तथा मेरे चयन को प्रभावित करने वाली कोई तथ्यात्मक सूचना को छिपाया/रोका नहीं गया है.

**दिनांक:**.................. **(उम्मीदवार के हस्ताक्षर**
**पता**..........................**)**

अनुलग्नक-II

**नियोक्ता/संवर्ग नियंत्रण अधिकारी द्वारा दिया जाने वाला प्रमाणपत्र**

रिकॉर्ड में उपलब्ध तथ्यों के अनुसार आवेदक द्वारा उपर्युक्त आवेदन-पत्र में उपलब्ध कराई गई सूचना/विवरण सत्य एवं सही हैं. वह रिक्ति परिपत्र में वर्णित शैक्षणिक अर्हताएं और अनुभव रखता है. यदि चयन हो जाता है, उन्हें तत्काल कार्यमुक्त कर दिया जायेगा.

**2. यह भी प्रमाणित किया जाता है कि:**

i) यह प्रमाणित किया जाता है कि श्री/श्रीमती.......................... के विरुद्ध कोई भी अनुशासनात्मक/सतर्कता मामला लंबित या अवेक्षित नहीं हैं.

ii) उसकी सत्यनिष्ठा प्रमाणित की जाती है.

iii) उसकी गोपनीय रिपोर्ट डोजिअर मूल रूप में संलग्न हैं/पिछले 5 वर्षों के लिये वागोरि की प्रतियां भारत सरकार के अवर सचिव या ऊपर के रैंक के अधिकारी द्वारा विधिवत सत्यापित संलग्न हैं.

iv) उस पर पिछले 10 वर्षों में कोई बड़ी/छोटी पेनाल्टी नहीं लगाई गई है अथवा पिछले 10 वर्षों के दौरान उस पर लगाई गई बड़ी/छोटी पेनाल्टी की सूची संलग्न है. (जो भी मामला हो)

**स्थान:** प्रतिहस्ताक्षर..................................

**दिनांक:** (नियोक्ता/संवर्ग नियंत्रण प्राधिकारी की मोहर)

रो.स. 1/5

---

**प्रगत संगणन विकास केंद्र**
**CENTRE FOR DEVELOPMENT OF ADVANCED COMPUTING**
इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय का प्रमुख आर एंड डी संगठन, भारत सरकार
(A premier R&D organization of the Ministry of Electronics & Information Technology, Govt. of India)
वेल्लयम्बलम, तिरुवनंतपुरम, केरल, पिन-695 033
फ़ोन: 0471-2723333
Vellayambalam, Thiruvananthapuram, Kerala. PIN-695 033, Ph: 0471-2723333

सी-डैक CDAC

**विज्ञापन संख्या : सीडीएसी (टी)/आरसीटी/गैर एस और टी/03/2022**

दिनांक 16.03.2022

## नियमित आधार पर आवश्यकता

सीडीएसी, तिरुवनंतपुरम ग्रुप ए से नीचे के निम्नलिखित गैर एस और टी पदों के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करता है :

| क्रमांक | पद का नाम | लेवल | वेतन मैट्रिक्स में वेतन | रिक्ति | योग्यता |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | लिपिक (एमएएस बी 5) | 2 | 19900-63200 रुपए | 2 | किसी भी क्षेत्र में स्नातक. कंप्यूटर ऑपरेशन्स का ज्ञान |
| 2. | कनिष्ठ सहायक (एमएएस बी 4) | 4 | 25500-81100 रुपए | 4 | किसी भी क्षेत्र में स्नातक या स्नातकोत्तर तथा कंप्यूटर ऑपरेशन्स में छह महीने का प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम. |
| 3. | सहायक (एमएएस बी 3) | 5 | 29200-92300 रुपए | 2 | किसी भी क्षेत्र में स्नातक या स्नातकोत्तर तथा कंप्यूटर ऑपरेशन्स में छह महीने का प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम. |

**अधिक जानकारी हेतु कृपया हमारी वेबसाइट www.cdac.in का करियर पृष्ठ देखें. ऑनलाइन पंजीकरण की अंतिम तिथि 17.04.2022 है.**

रो.स. 1/23 **वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी (एचआर)**

---

**प्रगत संगणन विकास केंद्र**
**CENTRE FOR DEVELOPMENT OF ADVANCED COMPUTING**
इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय का प्रमुख आर एंड डी संगठन, भारत सरकार
(A premier R&D organization of the Ministry of Electronics & Information Technology, Govt. of India)
वेल्लयम्बलम, तिरुवनंतपुरम, केरल, पिन-695 033
फ़ोन: 0471-2723333
Vellayambalam, Thiruvananthapuram, Kerala. PIN-695 033, Ph: 0471-2723333

सी-डैक CDAC

विज्ञापन संख्या : सीडीएसी (टी)/आरसीटी/एस और टी/02/2022

दिनांक 16.03.2022

नियमित आधार पर आवश्यकता

सीडीएसी, तिरुवनंतपुरम ग्रुप ए से नीचे के निम्नललिखित एस और टी पदों के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करता है :

| क्रमांक | पद का नाम | लेवल | वेतन मैट्रिक्स में वेतन | रिक्ति | योग्यता |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | तकनीकी सहायक (एमटीएस बी2) | 6 | 35400-112400 रुपए | 7 | इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग/कंप्यूटर साइंस/कंप्यूटर इंजीनियरिंग/ सूचना प्रौद्योगिकी/ कंप्यूटर एप्लीकेशन्स/ मैकेनिकल इंजीनियरिंग/ इलेक्ट्रॉनिक्स और कॉम्युनिकेशन में प्रथम श्रेणी में डिप्लोमा या इलेक्ट्रॉनिक्स/एमआरटीवी में एनसीवीटी के साथ ट्रेड प्रमाणपत्र |
| 2. | एमएसएस III (एमटीएस बी4) | 4 | 25500-81100 रुपए | 7 | एनसीवीटी/आईटीआई के साथ ट्रेड प्रमाणपत्र (वेल्डर/फिटर/ मैकेनिकल फिटर/इलेक्ट्रॉनिक्स/एमआरटीवी) या सिविल इंजीनियरिंग/इलेक्ट्रॉनिक्स और कॉम्युनिकेशन में डिप्लोमा. |
| 3. | एमएसएस II (एमटीएस बी5) | 2 | 19900-63200 रुपए | 4 | एनसीवीटी/आईटीआई के साथ ट्रेड प्रमाणपत्र (इलेक्ट्रॉनिक्स/एमआरटीवी/ मैकेनिकल औद्योगिक इलेक्ट्रॉनिक्स/ फिटर/ एसी मैकेनिक) |

**अधिक जानकारी हेतु कृपया हमारी वेबसाइट www.cdac.in का करियर पृष्ठ देखें. ऑनलाइन पंजीकरण की अंतिम तिथि 17.04.2022 है.**

रो.स. 1/24 **वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी (एचआर)**

एफ सं. 13-13/2020-प्रशा.खंड II

# केंद्रीय मात्स्यिकी नौचालन और अभियांत्रिकी प्रशिक्षण संस्थान (कें.मा.नौ.अ.प्र.सं.)

फाइन आर्ट्स एवेन्यू, कोच्ची-682016

(भारत सरकार)

मात्स्यिकी, पशुपालन और दुग्ध-उत्पादन मंत्रालय

(मात्स्यिकी विभाग)

## रिक्ति अधिसूचना

पे मैट्रिक्स के लेवल-1 (रु. 18000-56900/-) में सीधी भर्ती आधार पर **रसोइया (छात्रावास) (ईडब्ल्यूएस हेतु आरक्षित)** (ग्रुप 'सी', अराजपत्रित, गैर-लिपिकवर्गीय) के एक पद को भरने के लिए आवेदन आमंत्रित किये जाते है. इस पद को प्रारंभिक रूप से अस्थायी आधार पर भरा जाएगा और बाद में इसे प्रशासनिक अपेक्षाओं के आधार पर नियमित किया जाएगा. पदस्थापन के प्रारंभिक स्थान विशाखापट्नम, आंध्र प्रदेश में होंगे. फिर भी, पद भारत में कहीं भी सेवा करने के दायित्व वाले होंगे. पद हेतु आयु सीमा (अंतिम तिथि के अनुसार) 18 वर्ष से 27 वर्ष के बीच होगी. पद हेतु अपेक्षित अर्हता मैट्रिक और रसोइया के रूप में 2 वर्ष के अनुभव सहित होगी, जो संस्थान द्वारा संचालित भोजन पकाने में कौशल परीक्षा उत्तीर्ण करने के अधीन होगी.

**उम्मीदवारों को आवेदन के साथ ईडब्ल्यूएस श्रेणी हेतु दावे करने के प्रमाण के रूप में परिशिष्ट-I में दिए गये निर्धारित प्रारूप में सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी वर्ष 2021-2022 के वैध आय और संपदा प्रमाण-पत्र जमा करना चाहिए, जिसके बिना आवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा.**

पद का नाम, विज्ञापन संख्या, उम्मीदवार का नाम, पिता का नाम, जन्मतिथि, आयु (अंतिम तिथि के अनुसार), राष्ट्रीयता, श्रेणी, शैक्षिक अर्हता, अनुभव, यदि कोई हो तो, पत्राचार का पता/स्थायी पता के विवरण लिखित, पासपोर्ट आकार के हाल के फोटो चिपकाकर सादे कागज पर स्पष्ट टंकित आवेदन उपरोक्त के प्रमाण में प्रमाण-पत्रों की सत्यापित प्रतियों के साथ **निदेशक, केंद्रीय मात्स्यिकी नौचालन एवं अभियांत्रिकी प्रशिक्षण संस्थान, फोरशोर रोड, कोच्ची**-16 के पास अग्रेषित करना चाहिए. **आवेदन रोज़गार समाचार में इस विज्ञापन के प्रकाशन की तिथि से 30 दिनों के भीतर पहुंच जाना चाहिए.** अंतिम तिथि के बाद और किसी भी तरीके से अपूर्ण प्राप्त परिशिष्ट आवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा.

**विभाग प्रमुख के हस्ताक्षर**

**परिशिष्ट-I**

**.................................... सरकार**

**(प्रमाण-पत्र जारीकर्ता प्राधिकारी का नाम और पता)**

**आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग द्वारा प्रस्तुत किये जाने वाले आय एवं संपदा प्रमाण-पत्र**

प्रमाण-पत्र सं. .................................... तिथि : ....................................

वर्ष तक वैध

यह प्रमाणित किया जाता है कि श्री/ श्रीमती/ कुमारी ........................ ग्राम/ गली .................................... डाकघर ............................ जिला ................ राज्य/ संघ राज्य क्षेत्र .................................... पिनकोड ........................ के स्थायी निवासी .................................................................. के पुत्र/ पुत्री/ पत्नी, जिनका फोटो नीचे सत्यापित है, वे आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग से संबंधित हैं, चूँकि, वित्तीय वर्ष ........................ के दौरान 'उनके परिवार की कुल वार्षिक आय'** रु. 8 लाख (आठ लाख रुपये मात्र) से कम है. उनके परिवार के पास निम्नांकित में से कोई भी संपत्ति नहीं है है या न ही रखते हैं***:

i. 5 एकड़ और उससे अधिक की कृषि भूमि,

ii. 1000 स्क्वायर फीट और उससे अधिक के आवासीय फ्लैट,

iii. अधिसूचित नगरपालिकाओं में 100 स्क्वायर यार्ड और उससे अधिक के आवासीय प्लॉट,

iv. अधिसूचित नगरपालिकाओं के अतिरिक्त अन्य क्षेत्रों में 200 स्क्वायर यार्ड और उससे अधिक के आवासीय प्लॉट.

**2.** श्री/ श्रीमती/ कुमारी ........................ जो ........................ जाति से संबंधित हैं, जो अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग (केंद्रीय सूची) के रूप में मान्यताप्राप्त नहीं है.

**आवेदक का पासपोर्ट आकार का हाल का सत्यापित फोटो**

**हस्ताक्षर कार्यालय मुहर सहित** ..............

**नाम** ..........................................

**पद का नाम** ......................................

**टिप्पणी 1 :** आय में आय के सभी श्रोत अर्थात वेतन, कृषि, व्यापार, व्यवसाय आदि होंगे.

**टिप्पणी 2 :** इस कार्य हेतु शब्द परिवार में ऐसे व्यक्ति जो आरक्षण का लाभ लेना चाहते हैं, उनके माता-पिता और 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चे और उनके पति-पत्नी और 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चे शामिल होंगे.

**टिप्पणी 3 :** विभिन्न जगहों या विभिन्न स्थानों/शहरों में परिवार द्वारा धारित संपत्ति को आवेदन करते समय ईडब्ल्यूएस की स्थिति निर्धारित करने हेतु भूमि या संपत्ति धारण जांच हेतु एक साथ दिखाया जाना चाहिए.

**रो.स. 1/2**

# राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान दिल्ली

# National Institute of Technology Delhi

(शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन एक स्वायत्त संस्थान)

(An autonomous Institute under the aegis of Ministry of Education (Shiksha Mantralaya), Govt. of India)

प्लॉट सं. एफए7, जोन पी1, जीटी करनाल रोड, दिल्ली- 110036, भारत

दूरभाष/Tele : +9111-33861000,1001,1005, फैक्स/Fax: +9111-27787503

वेबसाइट/Website : www.nitdelhi.ac.in

विज्ञापन सं. 01/2022

**संकाय पदों हेतु भर्ती विज्ञापन**

राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, दिल्ली अपने विभिन्न संकायों में **प्रोफेसर** के पदों के लिए गुणतापूर्ण अध्यापन और अनुसंधान की वचनबद्धता सहित उत्कृष्ट शैक्षिक रिकॉर्ड रखने वाले भारतीय नागरिकों से निर्धारित प्रारूप में आवेदन आमंत्रित करता है.

**(क) रिक्तियों के विवरण:**

| क्रम सं. | पद का नाम | पे मैट्रिक्स में लेवल | रिक्ति |
|---|---|---|---|
| 1. | **प्रोफेसर** | लेवल-14ए (रु. 159100-220200/-) | **06 (अना-04, अपिव-01, अजा-01)** |

**टिप्पणी 1:**

1. उपरोक्त रिक्तियों की संख्या में चयन/भर्ती के समय परिवर्तन या बदलाव किये जा सकते हैं.
2. ऐसे संकायों हेतु जहां कोई रिक्ति नहीं है, उच्चतर शैक्षिक ग्रेड पे या संवर्ग में विशिष्ट चयन प्रक्रिया के अनुसार फेर-बदल किये जाएंगे. किंतु, यह रा.प्रौ.सं. संविधि संशोधन 2017 की अनुसूची 'ई' के अनुसार केवल संबंधित संकायों के सेवारत संकाय सदस्यों तक ही सीमित होंगे.
3. साक्षात्कार की तिथि तक शिक्षा मंत्रालय से जारी अन्य कोई भी संबंधित अधिसूचना, यदि कोई हो तो, इस विज्ञापन के साथ मान्य होंगे.

अनुसूची ई के अधीन मा.सं.वि. मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली के दिनांक 28 जुलाई, 2017 के पत्र सं. एफ .सं. 35-5/2017-टीएस.III में निर्धारित संकाय पदों हेतु राजपत्र अधिसूचना रा.प्रौ.सं. (संशोधन) अधिनियम 2017 और अवलोकन समिति संकल्प (मा.सं.वि.मं.(अब शिक्षा मंत्रालय) के दिनांक 16 अप्रैल 2019 के एफ. सं. 33-9/2011/टीएस.III के अनुसार संकाय पदों के लिए निर्धारित न्यूनतम अर्हता और अनुभव.

| क्रम सं. | पद का नाम, पे बैंड और शैक्षिक ग्रेड पे | अनिवार्य अर्हता | अनिवार्य अपेक्षाएं | संचयी अनिवार्य क्रेडिट पॉइंट |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) |
| 1. | **प्रोफेसर** सातवें सीपीसी के अनुसार पे मैट्रिक्स का लेवल-14ए | पीएच.डी. | पीएच.डी. के बाद 10 वर्ष या 13 वर्ष का कुल कार्यानुभव, जिसमें से 7 वर्ष पीएच.डी. के बाद होना चाहिए. शैक्षिक ग्रेड पे रु. 9500/- सहित एसोसिएट प्रोफेसर के लेवल में कम-से-कम 3 वर्ष या शैक्षिक ग्रेड पे रु. 9000/- सहित एसोसिएट प्रोफेसर के लेवल में 4 वर्ष या किसी ख्यातिप्राप्त संस्थान या अनुसंधान एवं विकास प्रयोगशाला या संबंधित उद्योग में रु. 9000/- और रु. 9500/- या समतुल्य का समुच्चय. | 80 |

उपरोक्त पदों हेतु आरक्षण भारत सरकार के नियमों के अनुसार देय होंगे. ऑनलाइन आवेदन पोर्टल रोज़गार समाचार में विज्ञापन के प्रकाशन की तिथि से शुरू होंगे. ऑनलाइन आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि **29 अप्रैल 2022 (23:59:59 बजे)** होगी. ऑनलाइन आवेदन हेतु विस्तृत विज्ञापन, अर्हताएं, अनुभव आदि संस्थान की वेबसाइट: **www.nitdelhi.ac.in** पर उपलब्ध होंगे. अपेक्षित प्रलेखों और परिशिष्ट के साथ ऑनलाइन आवेदन-पत्र के प्रिंटआउट (हार्ड कॉपी) **09 मई 2022 के शाम 5:00 बजे** तक या उससे पहले '**पंजीयक, राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, दिल्ली, प्लॉट सं. एफए7, जोन पी1, जीटी करनाल रोड, दिल्ली-110036** के पास पहुंच जाना चाहिए. डाक की देरी के कारण या अन्य किसी कारणवश अंतिम तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पर किसी भी स्थिति में विचार नहीं किया जाएगा.

**पंजीयक प्रभारी**

रो.स. 1/7 रा.प्रौ.सं. दिल्ली

# स्वामी विवेकानन्द राष्ट्रीय पुनर्वास प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान (एसवीनिरतार)

**दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार**

**ओलटपुर, पोस्ट-बाइरोई, जिला-कटक-754 010, ओडिशा**

**संदर्भ संख्या: एडी 6 बी 02/01/2022** **दिनांक: 11.03.2022**

## भर्ती सूचना

एसवीनिरतार, कटक के प्रशासनिक नियंत्रणाधीन दिव्यांगजनों के लिए कौशल विकास, पुनर्वास व सशक्तिकरण समेकित क्षेत्रीय केंद्र (सी.आर.सी.एस.आर.ई.) गुवाहाटी, असम के लिए निम्नलिखित पदों के लिए योग्य उम्मीदवारों से आवेदन निम्न प्रकार आमंत्रित किये जाते हैं ।

| क्र. सं. | पद का नाम | रिक्त पदों की संख्या | श्रेणी | मूल वेतन (पे मैट्रिक्स स्तर) | आयु | अनिवार्य अर्हता |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सहायक प्रोफेसर (पी.एम.आर./ मेडिकल शिक्षा) | 01 | अनारक्षित | पे मैट्रिक्स स्तर-11 (रु. 67,700/- से 2,08,700/- | 45 वर्ष | अनिवार्य: भौतिक औषधि एवं पुर्नर्वास में 2 वर्ष का पूर्णकालिक पाठ्यक्रम का स्नातकोत्तर डिग्री/डिप्लोमा सहित एम.बी.बी.एस. (आर.सी.आई./ एम.सी.आई. मान्यता प्राप्त) |
| 2 | सहायक प्रोफेसर (वाणी और श्रवण) | 01 | अन्य पिछड़ा वर्ग | पे मैट्रिक्स स्तर-11 (रु. 67,700/- से 2,08,700/- | 45 वर्ष | अनिवार्य: वाणी एवं श्रवण में 2 वर्ष का पूर्णकालिक पाठ्यक्रम का स्नातकोत्तर डिग्री/डिप्लोमा सहित एम.बी.बी.एस. (आर.सी.आई./एम.सी.आई. मान्यता प्राप्त |
| 3 | व्यावसायिक अनुदेशक | 01 | अनुसूचित जाति | पे मैट्रिक्स स्तर-6 (रु. 35,400/- से 1,12,400/- | 30 वर्ष | अनिवार्य: पुनर्वास के क्षेत्र में एक ख्याति संपत्र प्रशिक्षण संस्थान से संबंधित क्षेत्र में व्यावसायिक प्रशिक्षण में एस.एस.सी. एवं डिप्लोमा । |

सभी पात्रता मानदंड को पूरा करने वाले इच्छुक आवेदक निर्धारित प्रोफॉर्मा जिसे एसवीनिरतार, कटक की आधिकारिक वेबसाइट अर्थात **http://www.svnirtar.nic.in** से डाउनलोड किया जा सकता है, के अनुसार अपना संपूर्ण आवेदन जमा कर सकते हैं । संपूर्ण आवेदन प्रपत्र प्राप्त करने की अन्तिम तारीख एम्प्लॉयमेंट न्यूज में विज्ञापन प्रकाशित तिथि से 45 दिन के भीतर होगी । अन्य सभी विवरण, निबंधन और शर्तों के लिए कृपया वेबसाइट **http://www.svnirtar.nic.in** पर लॉग ऑन करें ।

रो.स. 1/84 **हस्ता/- स्थानापन्न निदेशक**

## राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग (एनसीएससी)

### भारत सरकार

### नई दिल्ली

**रिक्ति परिपत्र**

**विषयः राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग में प्रतिनियुक्ति आधार पर अनुसंधान अधिकारी और वरिष्ठ अन्वेषक के रिक्त पदों को भरा जाना.**

राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग (एनसीएससी), भारत सरकार, नई दिल्ली प्रतिनियुक्ति आधार पर निम्नलिखित पदों को भरने के लिए आवेदन आमंत्रित करता हैः-

**(i) अनुसंधान अधिकारी,** समूह 'ख', अराजपत्रित, केंद्रीय सिविल सेवा (संशोधित वेतन) नियमावली, 2016 का स्तर-8 (वेतन बैंड रु. 47,600-1,51,100/-) के 04 पद.

**(ii) वरिष्ठ अन्वेषक,** समूह 'ख', अराजपत्रित, केंद्रीय सिविल सेवा (संशोधित वेतन) नियमावली, 2016 का स्तर-7 (वेतन बैंड रु. 44,900-1,42,400/-) के 04 पद.

2. पात्रता मानदंड के ब्यौरे, आवेदन पत्र भरने और जमा करने के अनुदेश आदि राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग की वेबसाइटः **"https:ncsc.nic.in"** पर उपलब्ध हैं.

3. अपूर्ण आवेदनों, अंतिम तिथि के बाद प्राप्त आवेदनों को सरसरी तौर पर अस्वीकार कर दिया जाएगा. **आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि रोज़गार समाचार/Employment News में इस विज्ञापन के प्रकाशन की तिथि से 45 दिन है.**

**(किशन चंद)**
**अवर सचिव, भारत सरकार**
**एनसीएससी, नई दिल्ली**

डीएवीपी 38125/12/0005/2122

रो.स. 1/39

# दामोदर वैली कॉर्पोरेशन

## साक्षात्कार/कौशल परीक्षा

### विज्ञापन सं. पीएलआर/संविदागत/2022/01

दामोदर वैली कॉर्पोरेशन (डीवीसी), पश्चिम बंगाल और झारखंड में स्थित डीवीसी के विभिन्न संयंत्रों/स्टेशनों के अधीन अस्पतालों और डिस्पेंसरियों के लिए संविदा आधार पर निम्नलिखित डेंटल सर्जन और पैरामेडिकल स्टाफ की अपेक्षा रखता हैः

| क्र. सं. | पद का नाम और पद की संख्या | रिक्ति के साथ आरक्षण | | | | | | समेकित वेतन (रुपये में) | अनिवार्य योग्यता और अनुभव |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | कुल | अना | अपिव | अजा | अजजा | ईडब्ल्यूएस | | |
| 1. | डेंटल सर्जन (संविदागत), पद सं. 2022/सी1 | 04 | 03 | 01 | 0 | 0 | 0 | रुपये 83,500/- | बीडीएस के साथ लाइन में 2 (दो) वर्ष का अनुभव. |
| 2. | फिज़ियोथेरेपिस्ट (संविदागत), पद सं. 2022/सी2 | 06 | 05 | 01 | 0 | 0 | 0 | रुपये 38,900/- | हायर सैकेण्डरी, मान्यताप्राप्त संस्था से फिज़ियोथेरैपी में डिप्लोमा. प्रतिष्ठित संगठन में फिज़ियोथेरेपिस्ट के रूप में 2 (दो) वर्ष का अनुभव. |
| 3. | कनिष्ठ फार्मासिस्ट ग्रेड II (संविदागत), पद सं. 2022/सी3 | 12 | 07 | 03 | 01 | 0 | 01 | रुपये 20,500/- | हायर सैकेण्डरी (विज्ञान) या समकक्ष के साथ मान्यता-प्राप्त संस्था से फार्मेसी में 2 (दो) वर्ष का डिप्लोमा पाठ्यक्रम. किसी भी राज्य या केन्द्र के फार्मासिस्ट परिषद से पंजीकरण.<br>उम्मीदवार को ड्रेसरशिप परीक्षा पास की होनी चाहिए या एक प्रतिष्ठित अस्पताल/नर्सिंग होम में काम करने और ड्रेसिंग में 2 (दो) वर्ष का योग्यता पश्चात अनुभव.<br>बी.फार्मा डिग्री धारक उम्मीदवारों के मामले में ड्रेसिंग में 1 (एक) वर्ष का योग्यता पश्चात अनुभव अपेक्षित होगा. |
| 4. | कनिष्ठ नर्सिंग स्टाफ (संविदागत), पद सं. 2022/सी4 | 15 | 08 | 03 | 02 | 01 | 01 | रुपये 22,600/- | हायर सैकेण्डरी (विज्ञान) या समकक्ष के साथ किसी भी सरकारी (केन्द्र /राज्य) संस्था या नर्सिंग परिषद के अधीन पंजीकृत संस्था से जनरल नर्सिंग और मिडवाइफरी में डिप्लोमा. |
| 5. | कनिष्ठ कैमिस्ट (सार्वजनिक स्वास्थ्य) (संविदागत), पद सं. 2022/सी 5 | 02 | 02 | 0 | 0 | 0 | 0 | रुपये 38,900/- | कैमिस्ट्री ऑनर्स के साथ बी.एससी. लाइन में 1 (एक) वर्ष का अनुभव. |
| 6. | कनिष्ठ बहु उद्देश्य स्वास्थ्य वर्कर (संविदागत), पद सं. 2022/ सी6 | 09 | 06 | 02 | 01 | 0 | 0 | रुपये 20,500/- | प्रमुखतया विज्ञान के साथ 10+2 पास. सार्वजनिक स्वास्थ्य में प्रशिक्षण/ सार्वजनिक स्वास्थ्य गतिविधियां संभालने वालों को प्राथमिकता दी जाएगी. |
| 7. | कनिष्ठ प्रयोगशाला तकनीशियन (संविदागत), पद सं. 2022/सी7 | 03 | 03 | 0 | 0 | 0 | 0 | रुपये 22,600/- | हायर सैकेण्डरी (विज्ञान) या समकक्ष के साथ मान्यता-प्राप्त संस्थान से चिकित्सा प्रयोगशाला प्रौद्योगिकी में डिप्लोमा/सर्टिफिकेट और 1 (एक) वर्ष का अनुभव. |
| 8. | कनिष्ठ स्वास्थ्य निरीक्षक (संविदागत), पद सं. 2022/सी8 | 02 | 02 | 0 | 0 | 0 | 0 | रुपये 22,600/- | हायर सैकेण्डरी (विज्ञान) या समकक्ष के साथ मान्यता-प्राप्त संस्थान से स्वास्थ्य निरीक्षक पाठ्यक्रम में डिप्लोमा/ प्रमाणपत्र और 1 (एक) वर्ष का अनुभव. |
| 9. | कनिष्ठ एक्स-रे तकनीशियन (संविदागत), पद सं. 2022/सी9 | 07 | 05 | 01 | 01 | 0 | 0 | रुपये 22,600/- | हायर सैकेण्डरी (विज्ञान) या समकक्ष के साथ मान्यता-प्राप्त संस्थान से एक्स-रे तकनीशियन/रेडियोग्राफी पाठ्यक्रम में डिप्लोमा/प्रमाणपत्र और 1 (एक) वर्ष का अनुभव. |
| 10. | प्रयोगशाला तकनीशियन सह मीडिया मेकर (संविदागत), पद सं. 2022/सी 10 | 03 | 03 | 0 | 0 | 0 | 0 | रुपये 22,600/- | हायर सैकेण्डरी (विज्ञान) या समकक्ष के साथ मान्यता-प्राप्त संस्थान से चिकित्सा प्रयोगशाला प्रौद्योगिकी में डिप्लोमा/प्रमाणपत्र और 1 एक वर्ष का अनुभव. |

पात्रता मानदंड, चयन प्रक्रिया, रिक्तियों की संख्या, आदि संबंधित जानकारी के लिए उम्मीदवार **08.04.2022 से** और **www.dvc.gov.in** पर **भर्ती सूचना का करियर अनुभाग** देखें. पात्रता मानदंड को पूरा करने वाले इच्छुक उम्मीदवारों को ऑनलाइन रजिस्टर करना होगा और डीवीसी वेबसाइट पर आवेदन जमा करें. इस संदर्भ में कोई भी जानकारी/शुद्धिपत्र/संशोधन को केवल डीवीसी की वेबसाइट पर उपलब्ध किया जाएगा.

**कार्यकारी निदेशक (एचआर)**
**डीवीसी की ओर से और डीवीसी के लिए**

(आईएनएफ/000/00/21-22)

रो.स. 1/12

सं.10-7/2015-विविध

भारत सरकार

# उत्तरी क्षेत्र फार्म मशीनरी प्रशिक्षण एवं परीक्षण संस्थान

### कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय

### कृषि एवं किसान कल्याण विभाग

### सिरसा रोड, हिसार (हरियाणा)-125001

फार्म मशीनरी प्रशिक्षण एवं परीक्षण संस्थान [बुदनी (मध्य प्रदेश)/हिसार (हरियाणा)/ अनंतपुर (आंध्र प्रदेश)/विश्वनाथ चरियाली (असम)] में **कार्यालय अधीक्षक** [साधारण केंद्रीय सेवा, समूह 'ख' (अराजपत्रित), लिपिकवर्गीय स्तर-6 (रु. 35400-112400) के दो पदों को तत्काल प्रतिनियुक्ति आधार पर भरने के लिए केंद्र सरकार या राज्य सरकार या संघ शासित क्षेत्र प्रशासन से संबंधित पात्र अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं. आवेदन के फॉर्मेट आदि सहित पात्रता शर्तों के बारे में पूर्ण ब्यौरे कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के वेबसाइट **www.agricoop.nic.in** और फार्म मशीनरी प्रशिक्षण एवं परीक्षण संस्थान के वेबसाइट **fmttibudni.gov.in/nrfmtti.gov.in/srfmtti.dacnet.in/nerfmtti.nic.in** पद पर उपलब्ध हैं.

पूर्ण ब्यौरे के साथ निर्धारित प्रपत्र में आवेदन (तीन प्रतियों में) उचित माध्यम से **रोज़गार समाचार/Employment News में इस विज्ञापन के प्रकाशन की तिथि से 60 दिनों के भीतर निदेशक, उत्तरी क्षेत्र फार्म मशीनरी प्रशिक्षण एवं परीक्षण संस्थान, ट्रैक्टर नगर, सिरसा रोड, हिसार (हरियाणा)- 125001** को भेजा जाए.

रो.स. 1/9

# कृषि एवं किसान कल्याण विभाग

### कृषि भवन, नई दिल्ली-110001

### एफ संख्या ए-12023/1/2022-ई II

## रिक्ति परिपत्र

कृषि एवं किसान कल्याण विभाग तकनीकी पद हेतु निम्नलिखित विवरण के अनुसार आवेदन आमंत्रित करता है.

| क्रमांक | पद का नाम एवं वेतनमान | रिक्तियों की संख्या | भर्ती का माध्यम |
|---|---|---|---|
| 1. | **उप आयुक्त (फसल)**<br>7वें सीपीसी के अनुसार वेतन मैट्रिक्स का लेवल-12 (78800-209200 रुपए) | 01 | प्रतिनियुक्ति या समाहन आधार |

2. पूर्ण विज्ञापन, आवेदन प्रारूप, पात्रता मानदंड जैसे शैक्षिक योग्यता, जीवन-वृत्त प्रारूप आदि के लिए आवेदकों को सलाह दी जाती है कि वे इस विभाग की आधिकारिक वेबसाइट **www.agricoop.nic.in** देखें (लिंक- भर्ती)

3. पूर्ण रूप से भरे गए आवेदन उपयुक्त माध्यम के जरिए **उमेश कुमार साह, अवर सचिव (कार्मिक-II) कक्ष संख्या 37-ए, भूतल, एफ-विंग, कृषि भवन, नई दिल्ली-110001 के पास रोज़गार समाचार/एम्प्लॉयमेंट न्यूज़ में इस परिपत्र के प्रकाशन की तिथि से 60 दिन के भीतर पहुंच जाना चाहिए. उपयुक्त माध्यम के जरिए नहीं मिलने वाले या निर्धारित तिथि के बाद मिले या अपेक्षित प्रमाणपत्रों तथा आवश्यक दस्तावेज़ों के बिना मिले आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा.**

4. आवेदन वाले लिफाफे के ऊपर बड़े अक्षरों में आवेदित पद का नाम लिखा होना चाहिए.

**(यू.के. साह)**
**अवर सचिव, भारत सरकार**
**कृषि एवं किसान कल्याण विभाग**

रो.स. 1/27

एफ संख्या ए-16/28/2018-एम-1(पार्ट-1)

भारत सरकार

# संस्कृति मंत्रालय

## शास्त्री भवन, नई दिल्ली

**विषय: संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार के अंतर्गत राष्ट्रीय संग्रहालय, नई दिल्ली में संयुक्त महानिदेशक (जेडीजी), समूह 'क' (राजपत्रित), लिपिकीय, पे मैट्रिक्स में लेवल - 13 (संशोधन-पूर्व पीबी-4, रुपये 37400-67000, ग्रेड वेतन रुपये 8700/-) का एक पद, मिश्रित पद्धति: प्रतिनियुक्ति (अल्पावधि अनुबंध सहित) अथवा पदोन्नति के आधार पर भरा जाना.**

संस्कृति मंत्रालय के एक अधीनस्थ कार्यालय, राष्ट्रीय संग्रहालय, नई दिल्ली में **संयुक्त महानिदेशक (जेडीजी)**, समूह 'क' (राजपत्रित), लिपिकीय, पे मैट्रिक्स में लेवल - 13 (संशोधन-पूर्व पीबी-4, रुपये 37400-67000, ग्रेड वेतन रुपये 8700/-) का एक पद, भरने के लिए पात्र अधिकारियों से आवेदन आमंत्रित हैं.

**2. कार्य का स्वरूप:** संस्कृति मंत्रालय के अधीन भारत के प्रमुख संग्रहालय, राष्ट्रीय संग्रहालय में समृद्ध और आकर्षक वस्तुएं संगृहीत हैं. संग्रहालय में **संयुक्त महानिदेशक (जेडीजी)** का एक पद भरने के लिए पात्र अधिकारियों से आवेदन आमंत्रित हैं. चुना हुआ अधिकारी संग्रहालय की एक डिविजन का प्रभारी होगा और संग्रह और स्टोर प्रबंधन, वस्तुओं, सूचनाओं, संकेतों, फ्लोर योजनाओं और विजिटर सुविधाओं के लिए जिम्मेदार होगा. वह संग्रहालय के विक्रय केन्द्र और स्मृति चिन्ह, मल्टीमीडिया, ऑडियो विजुअल और गाइड सुविधाओं से संबंधित गतिविधियों की भी देखरेख करेगा. वह छवि निर्माण, प्रचार और सांस्कृतिक गतिविधियों, विजिटिंग और ट्रैवलिंग प्रदर्शनियों, संग्रहों या संग्रह की जाने वाली वस्तुओं के विस्तार और प्राप्तियां, संग्रहालय कार्मिकों के व्यावसायिक विकास, योजना कार्यक्रमों और विशेष परियोजनाओं के कार्यान्वयन और संरक्षण एवं जीर्णोद्धार आदि के लिए भी जिम्मेदार होगा.

**3. पात्रता:-** केंद्र सरकार या राज्य सरकारों या संघ शासित प्रदेश सरकार या सार्वजनिक क्षेत्र के प्रतिष्ठानों के अंतर्गत अधिकारी या मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालयों या मान्यताप्राप्त अनुसंधान संस्थानों या सांविधिक या स्वायत्त संगठनों में कार्यरत प्रोफेसर या असोसिएट प्रोफेसर या समकक्ष पद धारित अधिकारी जो निम्नांकित शर्तें पूरी करते हों, आवेदन कर सकते हैं:-

**क)** (i) मूल संवर्ग या विभाग में नियमित आधार पर सदृश पद धारण किया हो, **या**

(ii) मूल संवर्ग या विभाग में पे मैट्रिक्स में लेवल-12 (क) या (संशोधन-पूर्व पीबी-3, रुपये 15600-39100, ग्रेड वेतन रुपये 7600/-) या समकक्ष पद पर नियमित आधार पर नियुक्ति के बाद पांच वर्ष की सेवा पूरी की हो. और

**ख) निम्नांकित शैक्षिक योग्यताएं और अनुभव प्राप्त किया हो.**

**अनिवार्य :**

(i) यूजीसी अथवा भारतीय विश्वविद्यालय संघ द्वारा मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से संग्रहालय विज्ञान अथवा कला के इतिहास या इतिहास या संस्कृत या पालि या प्राकृत या फारसी या अरबी या पुरातत्व या मानव शास्त्र या ललित कलाओं या रसायन विज्ञान में स्नातकोत्तर उपाधि प्राप्त की हो; **और**

(ii) किसी राष्ट्रीय संग्रहालय या प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय संग्रहालय में क्यूरेटर अथवा उससे ऊपर के पद पर 12 वर्ष का अनुभव प्राप्त किया हो और प्रकाशित अनुसंधान कार्य में योगदान रहा हो.

**वांछनीय:** मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय या संस्थान से प्रबंधन में डिप्लोमा या एमबीए.

**नोट 1:** बाहरी उम्मीदवारों पर प्रतिनियुक्ति के लिए विचार करते समय विभागीय निदेशक, (संग्रह और प्रशासन) पे मैट्रिक्स में लेवल-12 या (संशोधन-पूर्व पीबी-3, रुपये 15600-39100, ग्रेड वेतन रुपये 7600/-) या समकक्ष वेतनमान में नियमित आधार पर नियुक्ति के बाद तीन वर्ष की सेवा पूरी की हो, पर भी विचार किया जायेगा और यदि उसे चुन लिया जाता है तो पद पदोन्नति के आधार पर भरा हुआ समझा जायेगा.

**नोट 2:** प्रतिनियुक्ति (अल्पावधि अनुबंध सहित) की अवधि सामान्यतः पांच वर्ष से अधिक नहीं होगी, जिसमें प्रस्तावित नियुक्ति से तत्काल पहले केंद्र सरकार के इसी या किसी अन्य संगठन/विभाग में अन्य संवर्ग बाह्य पद पर प्रतिनियुक्ति (अल्पावधि अनुबंध सहित) की अवधि भी शामिल मानी जाएगी.

**नोट-3** प्रतिनियुक्ति (अल्पावधि अनुबंध सहित) के आधार पर नियुक्ति के लिए उम्मीदवार की अधिकतम आयु 56 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए.

**नोट 4:** प्रतिनियुक्ति के आधार पर नियुक्ति के प्रयोजन के लिए किसी अधिकारी द्वारा 1 जनवरी, 2006 (छठे वेतन आयोग की सिफारिशों के आधार पर संशोधित वेतन संरचना लागू होने की तारीख) से पहले नियमित आधार पर अदा की गई सेवा को आयोग की सिफारिशों के आधार पर अनुशंसित समनुरूप ग्रेड वेतन/वेतनमान में अदा की गई सेवा समझा जायेगा, सिवाय उन मामलों के जहां संशोधन-पूर्व एक से अधिक वेतनमानों का विलय समान ग्रेड वेतन/वेतनमान में किया गया हो, ऐसे मामलों में सेवा का लाभ केवल उन्हीं पदों के संदर्भ में दिया जायेगा, जिनके लिए संशोधित ग्रेड वेतन/वेतनमान बिना किसी उन्नयन के सामान्य स्थानापन्न हो.

4. इच्छुक पात्र अधिकारियों, जिन्हें चयन होने की स्थिति में कार्यमुक्त किया जा सके, के आवेदन निर्धारित प्रारूप (अनुलग्नक) में दो प्रतियों में, अधिकारी के पूर्ण और अद्यतन एसीआर दस्तावेज (पिछले पांच वर्षों के) और (i) सतर्कता उपयुक्तता प्रमाणपत्र, (ii) निष्ठा प्रमाणपत्र, (iii) संवर्ग उपयुक्तता प्रमाणपत्र और (iv) पिछले दस वर्ष के दौरान बड़ी/छोटी सजा के बारे में विवरण के साथ उचित माध्यम से अधोहस्ताक्षरी के पास भेजे जा सकते हैं, जो इस विज्ञापन के **रोजगार समाचार में प्रकाशन की तारीख से साठ दिन के भीतर पहुंच जाने चाहिए.** अंतिम तारीख के बाद प्राप्त आवेदनों अथवा अधूरे आवेदनों पर विचार नहीं किया जायेगा और सिरे से खारिज कर दिया जाएगा.

5. पद से संबंधित पात्रता की शर्तें, शैक्षिक योग्यताएं और अनुभव, आवेदन प्रपत्र, भर्ती नियम आदि का ब्यौरा मंत्रालय की वेबसाइट **www.indiaculture.gov.in** पर उपलब्ध है.

**(अरूण कुमार)**

**अवर सचिव भारत सरकार**

**टेलीफोन नंबर-23380136**

**कमरा नं.-210, डी विंग, शास्त्री भवन**

**डॉ. राजेन्द्र रोड, नई दिल्ली-110115**

**रो.स. 1/63**

---

**कर्मचारी राज्य बीमा निगम**
(श्रम एवं रोज़गार मंत्रालय), भारत सरकार
**EMPLOYEES' STATE INSURANCE CORPORATION**
**(Ministry of Labour & Employment, Govt of India)**

पंचदीप भवन, सी. आई. जी. मार्ग, नई दिल्ली
**Panchdeep Bhawan, CIG Marg New Delhi-02**
**ई-मेल : jd-rectt@esic.nic.in**
**वेबसाइट : www.esic.nic.in**

सत्यमेव जयते

## ईएसआई निगम में जम्मू और कश्मीर, हरियाणा और दिल्ली क्षेत्रों के लिए विशेषज्ञ ग्रेड-II (वरिष्ठ/कनिष्ठ मान)की भर्ती

कर्मचारी राज्य बीमा निगम, संसद अधिनियम (ईएसआई अधिनियम 1948) के अधीन संगठित एक सांविधिक निकाय है और यह श्रम व रोज़गार मंत्रालय, भारत सरकार के प्रशासनिक नियंत्रण के अधीन कार्य करता है. कर्मचारी राज्य बीमा निगम सीधे भर्ती आधार पर विशेषज्ञ ग्रेड-II की भर्ती प्रस्तावित करता है. रिक्तियों का विवरण निम्नानुसार है:

**विशेषज्ञ ग्रेड-II (वरिष्ठ मान)**

| क्र. सं. | विशेषज्ञता | क्षेत्र का नाम | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | हरियाणा | | | | | | दिल्ली | | | | | |
| | | अ जा | अज जा | अपिव | अना | ईडब्ल्यू एस | कुल | अजा | अज जा | अपिव | अना | ईडब्ल्यू एस | कुल |
| 1. | यूरोलॉजी | -- | -- | -- | 1 | | 1 | 1+1* | -- | 1+1* | 2 | -- | 6 |
| 2. | कार्डियोलॉजी | 1 | -- | 1 | -- | -- | 2 | 1+1* | -- | 1+1* | 2 | 1 | 7 |
| 3. | नफ्रोलॉजी | -- | -- | 1 | -- | -- | 1 | -- | 1* | 3+1* | 3 | 1 | 9 |
| 4. | एंडोक्रायनोलॉजी | -- | -- | -- | 1 | -- | 1 | 1 | 1 | 1* | 2 | 1 | 6 |
| 5. | गैस्ट्रोएंटरोलॉजी | -- | -- | -- | -- | 1 | 1 | 1+1* | 1 | 1+1* | 2 | -- | 7 |
| 6 | न्यूरोलॉजी | 1 | | -- | -- | -- | 1 | -- | -- | 1* | 3 | -- | 4 |
| 7. | सर्जिकल ऑन्कोलॉजी (कैंसर सर्जरी) | -- | 1 | -- | 1 | -- | 2 | -- | -- | -- | 1 | -- | 1 |
| 8. | पीडियाट्रिक सर्जरी | -- | -- | -- | 1 | -- | 1 | -- | -- | -- | -- | -- | -- |
| | कुल | 2 | 1 | 2 | 4 | 1 | 10** | 7 | 3 | 12 | 15 | 3 | 40^ |

* बकाया रिक्तियां.

^ 40 रिक्तियों में से दो रिक्तियां बैंचमार्क असशक्तताओं के साथ व्यक्तियों के लिए आरक्षित है (पीडब्ल्यूबीडी).

**विशेषज्ञ ग्रेड-II (वरिष्ठ मान) की छह रिक्तियों के लिए विज्ञापन को पहले ही 22/12/2021 को प्रकाशित किया जा चुका है. बाकी की 10 रिक्तियों के लिए विज्ञापन अब प्रकाशित किया जा रहा है, इसलिए हरियाणा क्षेत्र के लिए विशेषज्ञ ग्रेड-II (वरिष्ठ मान) के लिए 16 रिक्तियों (6+10) में से एक रिक्ति बैंचमार्क असशक्तताओं के साथ व्यक्तियों (पीडब्ल्यूबीडी) के लिए आरक्षित हैं.

**नोट: उक्त रिक्तियां वास्तविक अपेक्षा के आधार पर कम या ज्यादा हो सकती हैं.**

**विशेषज्ञ ग्रेड-II (कनिष्ठ मान)**

| क्र. सं. | विशेषज्ञता | क्षेत्र का नाम | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | जम्मू और कश्मीर | | | | | |
| | | अजा | अजजा | अपिव | अना | ईडब्ल्यूएस | कुल |
| 1. | डर्मेटोलॉजी और एसटीडी | -- | -- | 1* | -- | -- | 1 |
| 2. | ईएनटी | -- | -- | 1* | -- | -- | 1 |
| 3. | पीडियाट्रिक्स | -- | -- | -- | 1 | -- | 1 |
| 4. | पल्मनरी मेडिसिन | -- | -- | -- | 1 | -- | 1 |
| 5. | रेडियोलॉजी | -- | -- | 1* | -- | -- | 1 |
| | कुल | -- | -- | 3 | 2 | -- | 05# |

*बकाया रिक्तियां.

# 5 रिक्तियों में से एक रिक्ति बैंचमार्क असशक्तताओं के साथ व्यक्तियों के लिए आरक्षित है (पीडब्ल्यूबीडी).

**नोट: उक्त रिक्तियां वास्तविक अपेक्षा के आधार पर कम या ज्यादा हो सकती हैं.**

**वेतनमान:**

**विशेषज्ञ ग्रेड-II (वरिष्ठ मान):** 7वें सीपीसी के अनुसार रुपये 78,800/- के आरम्भिक वेतन के साथ वेतन मैट्रिक्स का लेवल-12. वेतन के अतिरिक्त डीए, एनपीए, एचआरए और परिवहन भत्ता भी समय-समय पर प्रचलन में नियमानुसार स्वीकार्य होगा.

**विशेषज्ञ ग्रेड-II (कनिष्ठ मान):** 7वें सीपीसी के अनुसार रुपये 67,700/- के आरम्भिक वेतन के साथ वेतन मैट्रिक्स का लेवल-11. वेतन के अतिरिक्त डीए, एनपीए, एचआरए और परिवहन भत्ता भी समय-समय पर प्रचलन में नियमानुसार स्वीकार्य होगा.

**आयु सीमा:** 20.04.2022 के अनुसार 45 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए. कर्मचारी राज्य बीमा निगम के कर्मचारी और सरकारी कर्मचारियों के लिए 5 वर्ष तक की छूट है. अजा/अजजा/अपिव/पीडब्ल्यूडी/भूतपूर्व सैनिक उम्मीदवारों के लिए भारत सरकार अनुदेशानुसार ऊपरी आयु सीमा में भी छूट है.

अधिक विवरण के लिए उम्मीदवारों को ईएसआईसी की वेबसाइट **www.esic.nic.in** पर उपलब्ध विज्ञापन को देखने की सलाह दी जाती है.

**आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि 20.04.2022 है.** (असम, मेघालय, अरुणाचल प्रदेश, मिजोरम, मणिपुर, नगालैंड, त्रिपुरा, सिक्किम, लद्दाख, हिमाचल प्रदेश के चम्बा जिले के पांगी उपप्रभाग लाहौल व स्पीति जिला, अण्डमान व निकोबार द्वीपसमूह और लक्षद्वीप में रह रहे उम्मीदवारों से आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि **27.04.2022** है.

**उप निदेशक**

**दिनांक: 16/03/2022**

**रो.स. 1/57**

ISO 9001:2015

# रक्षा मंत्रालय

## रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन

## रक्षा सामग्री व भण्डार अनुसंधान और विकास प्रतिष्ठान (डीएमएसआरडीई)

जी.टी. रोड, कानपुर-208 013

ISO 9001:2015

## अनुसंधान सहयोगी और कनिष्ठ अनुसंधान अध्येताओं के पद के लिए तात्कालिक साक्षात्कार

अनुसंधान सहयोगवृत्ति और कनिष्ठ अनुसंधान अध्येतावृत्ति पुरस्कृत करने के लिए डीएमएसआरडीई, कानपुर में आयोजित होने वाले दो वर्ष की अवधि के लिए निम्नलिखित योग्यताओं को पूरा करने वाले उम्मीदवारों का तात्कालिक साक्षात्कार.

| क्र. सं. | सहयोगवृत्ति/ अध्येतावृत्ति | सहयोगवृत्ति/ अध्येतावृत्ति की संख्या | विषय/अनुशासन | योग्यता | तात्कालिक साक्षात्कार की तिथि व समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | अनुसंधान सहयोगवृत्ति | 01 (एक) | सामग्री विज्ञान और इंजीनियरी | मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से संबंधित अनुशासन में पीएच.डी या समकक्ष डिग्री. **या** एमई/एम.टेक के साथ साइंस साइटेशन इनडेक्स्ड (एससीआई) पत्रिका में कम से कम एक अनुसंधान और पेपर अनुसंधान, पढ़ाने या अभिकल्प या विकास में 03 वर्ष का अनुभव. | 05 मई 2022 (गुरुवार) सुबह 9 बजे |
| | | | सामग्री विज्ञान या भौतिकी | मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से संबंधित अनुशासन में पीएच.डी या समकक्ष डिग्री. | |
| 2. | कनिष्ठ अनुसंधान अध्येतावृत्ति | 01 (एक) | सामग्री विज्ञान या रसायन शास्त्र | प्रथम श्रेणी में संबंधित अनुशासन में स्नातकोत्तर डिग्री के साथ नेट योग्यता. | |
| | | | सामग्री विज्ञान और इंजीनियरी | प्रथम श्रेणी में संबंधित अनुशासन में वृत्तिक पाठ्यक्रम (बी.ई/बी.टेक) में स्नातक डिग्री के साथ नेट/गेट. **या** स्नातक और स्नातकोत्तर दोनों स्तर पर प्रथम श्रेणी में संबंधित अनुशासन में वृत्तिक पाठ्यक्रम (एमई/एम.टेक) में स्नातकोत्तर डिग्री. | |
| 3. | कनिष्ठ अनुसंधान अध्येतावृत्ति | 01 (एक) | मैकेनिकल इंजीनियरी | प्रथम श्रेणी में संबंधित अनुशासन में वृत्तिक पाठ्यक्रम (बी.ई/बी.टेक) में स्नातक डिग्री के साथ नेट/गेट. **या** स्नातक और स्नातकोत्तर दोनों स्तर पर प्रथम श्रेणी में संबंधित अनुशासन में वृत्तिक पाठ्यक्रम (एमई/एम.टेक) में स्नातकोत्तर डिग्री. | 06 मई 2022 (शुक्रवार) सुबह 9 बजे |

# रिक्तियों की संख्या तात्कालिक साक्षात्कार के समय अपेक्षा के आधार पर बदल सकती है. यदि कोई उम्मीदवार योग्य नहीं पाया जाता तो रिक्ति को खाली छोड़ दिया जाएगा.

**अधिकतम आयु:** साक्षात्कार की तिथि के अनुसार आरए के लिए 35 वर्ष और जेआरएफ के लिए 28 वर्ष (अजा/अजजा उम्मीदवारों के लिए 5 वर्ष की छूट और अपिव उम्मीदवारों के लिए 3 वर्ष.) हालांकि क्रीमी लेयर में अपिव उम्मीदवार आयु में छूट के लिए पात्र नहीं होंगे.

**अध्येतावृत्तिका:** आरए के लिए रुपये 54000/- प्रतिमाह और जेआरएफ के लिए रुपये 31,000/- प्रति माह (पहला और दूसरा वर्ष).

अधिकतम रुपये 15,000/- प्रतिवर्ष और रुपये 20,000/- प्रतिवर्ष का आकस्मिक अनुदान क्रमशः अनुसंधान अध्येता और अनुसंधान सहयोगियों को पहले दो वर्ष के लिए प्रतिपूर्ति आधार पर भुगतान किया जाएगा. बाद के वर्षों के लिए आकस्मिक अनुदान को रुपये 20,000 तक बढ़ाया जा सकता है (जेआरएफके मामले में). वे सरकारी नियमानुसार एचआरए के लिए भी पात्र होंगे.

अनुसंधान सहयोगी और कनिष्ठ अनुसंधान अध्येता अन्य प्रकार के लाभ जैसे डीए, सीसीए, बोनस, सेवानिवृत्ति लाभ आदि के लिए पात्र नहीं होंगे. हालांकि वे परिसर में उपलब्ध एमआई कमरा सुविधा द्वारा केवल स्वयं के लिए चिकित्सा सुविधा के लिए पात्र हैं.

**अध्येतावृत्ति/सहयोगवृत्ति का पुरस्कार उम्मीदवार को डीआरडीओ में आगे की नियुक्ति के लिए अधिकार प्रदान नहीं करेगा. यदि योग्य उम्मीदवार उपलब्ध नहीं है तो निदेशक, डीएमएसआरडीई किसी भी उम्मीदवार का चयन न करने का अधिकार सुरक्षित रखता है.**

उक्त योग्यताओं को पूरा करने वाले इच्छुक उम्मीदवार तात्कालिक साक्षात्कार के लिए डीएमएसआरडीई ट्रांजिट सुविधा (पुलिया के पास), डीएमएसआरडीई, जी.टी. रोड, कानपुर 208 004 में उक्त उल्लिखित तिथि और समय को एक आत्मवृत्त, जिसमें आवेदित अध्येतावृत्ति/सहयोगवृत्ति का नाम अंकित हो, हाल का पासपोर्ट आकार फोटो और शंसापत्रों की फोटोप्रतियों के साथ प्रस्तुत हों. उन्हें सभी मूल अंकतालिका/प्रमाणपत्र/शंसापत्र/ समुदाय प्रमाणपत्र (यदि लागू)/गेट/नेट स्कोर कार्ड और आईडी प्रूफ (मतदाता पहचान पत्र/आधार कार्ड/पैनकार्ड/ड्राइविंग लाइसेंस) लाना होगा. सरकारी/सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम/स्वायत्त निकायों में कार्यरत उम्मीदवारों को उचित माध्यम से आवेदन करना होगा.

**नोट:**

1. उम्मीदवार, जिन्होंने अपनी पीएच.डी थीसीस जमा कर दी है वे भी अनुसंधान सहयोगवृत्ति के लिए तात्कालिक साक्षात्कार में प्रस्तुत हो सकते हैं. हालांकि अनुसंधान सहयोगवृत्ति उम्मीदवार को डिग्री या अनंतिम प्रमाणपत्र मिलने के बाद ही पुरस्कृत की जाएगी.
2. जहां अपिव श्रेणी का उल्लेख किया गया है, उसका आशय केवल क्रीमी लेयर से संबंधित न होने वाले उम्मीदवारों से है.
3. किसी भी रूप में सिफारिश अयोग्यता होगी.

निदेशक
डीएमएसआरडीई, कानपुर

### आवेदन प्रारूप

ISO 9001:2015

**अनुसंधान सहयोगवृत्ति/कनिष्ठ अनुसंधान अध्येतावृत्ति हेतु आवेदन**
**(सामग्री विज्ञान या सामग्री विज्ञान और इंजीनियरी या भौतिकी या रसायन शास्त्र या मैकेनिकल इंजीनियरी)**

ISO 9001:2015

**(जो लागू नहीं है उसे काट दें)**

अपना पासपोर्ट आकार फोटो चिपकाएं

1. आवेदक का नाम (बड़े अक्षरों में) :..........................................
2. पिता का नाम:..........................................
3. माता का नाम:..........................................
4. जीवनसाथी का नाम (यदि लागू है):..........................................
5. लिंग: पुरुष/महिला/ट्रान्सजेन्डर:.......................... 6. श्रेणी: अना/अजा/अजजा/अपिवः
7. जन्मतिथि:.......................... 8. आयु (तिथि के अनुसार): वर्ष माह दिन
9. जिला/राज्य, जिससे संबंधित हैं:..........................................
10. स्थायी पता के साथ पिन कोड:..........................................
11. पत्राचार पता के साथ पिन कोड:..........................................
12. ई-मेल:..........................................
13. मोबाइल:..........................................
14. धर्म:..........................................
15. राष्ट्रीयता:..........................................
16. अकादमिक योग्यता::..........................................

| | परीक्षा | बोर्ड/संस्था/विश्वविद्यालय | वर्ष | विषय | श्रेणी/प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|
| i. | हाई स्कूल/मैट्रिक/समकक्ष | | | | |
| ii. | इंटर/समकक्ष | | | | |
| iii. | बी.एससी | | | | |
| iv. | बी.टेक | | | | |
| v. | एम.एससी/एम.टेक | | | | |
| vi. | पीएच.डी | | | | |

17. अनुभव:
18. क्या आप नेट/गेट अर्हता प्राप्त हैं: हां/नहीं.
19. यदि हां, तो विवरण दें:
20. कम्प्यूटर का ज्ञान:

(i) किया गया पाठ्यक्रम (ii) प्राप्त कौशल (iii) अनुसंधान टूल्स/सॉफ्टवेयर का ज्ञान.

21. **वचन पत्र:** मैं एतद्द्वारा प्रमाणित करता हूं कि उक्त प्रस्तुत जानकारी मेरी अधिकतम जानकारी के अनुसार सत्य है और यदि कोई भी जानकारी झूठी पाई जाती है या कोई भी सामग्री/जानकारी छिपाई जाती है तो मेरी उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी और सरकार ऐसी कार्यवाई कर सकती है.

**तिथि:** **आवेदक के हस्ताक्षर**

**डीएवीपी 10301/11/0169/2122** **रो.स. 1/76**

---

दूरभाष /Phone : +91-11-41751306

# Sri Aurobindo College (Evening)

**(University of Delhi)**
**Malviya Nagar, New Delhi-110017**

# श्री अरबिंदो महाविद्यालय (सांध्य)

**(दिल्ली विश्वविद्यालय)**

मालवीय नगर, नई दिल्ली-110017

विज्ञा. सं. एसएसी (ई)/एनटी/2021-22 दिनांक : 23.03.2022

दिल्ली विश्वविद्यालय/ वि.अ.आ. के नियमों के अंतर्गत मान्य सामान्य भत्तों सहित सातवें सीपीसी के अनुसार पे लेवल में नीचे दिए गये निम्नांकित स्थायी गैर-अध्यापन पदों के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं.

| क्रम सं. | पदों के नाम | कुल | अना | अपिव | अधिकतम आयु | पे लेवल सातवें सीपीसी के अनुसार |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | लाइब्रेरियन | 01 | 01 | - | | लेवल- 10 (57700-182400) |
| 2. | वरिष्ठ कार्मिक सहायक | 01 | 01 | - | 35 | लेवल- 7 (44900-142400) |
| 3. | तबला वादक | 01 | 01 | - | 45 | लेवल- 4 (25500-81100) |
| 4. | पुस्तकालय परिचर | 02 | 01 | 01 | 30 | लेवल- 1 (18000-56900) |

**संक्षिप्ताक्षर :**

**अना :** अनारक्षित, **अपिव :** अन्य पिछड़ा वर्ग.

7. राष्ट्रीयता ..............................................
8. धर्म ..............................................
9. पत्राचार हेतु पिन कोड सहित पूरा पता ..............................................
10. मोबाइल नंबर/ एसटीडी कोड सहित लैंडलाइन नंबर ..............................................
11. ई-मेल ..............................................
12. शैक्षिक/ तकनीकी एवं व्यावसायिक योग्यता का विवरण :-

| परीक्षा का नाम | उत्तीर्णता का वर्ष | मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय/ बोर्ड का नाम | प्रतिशत प्राप्तांक | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| | | | | |

(उपर्युक्त के समर्थन में प्रमाणपत्रों की स्व-सत्यापित प्रतियां संलग्न करें)

13. अनुभव, यदि कोई हो ..............................................

**घोषणा**

1. मैं एतद्द्वारा घोषणा करता हूं कि आवेदन में दिए गए सभी विवरण मेरी जानकारी और विश्वास के अनुसार सत्य, संपूर्ण और सही हैं. लिखित परीक्षा/ ट्रेड परीक्षा के पहले अथवा बाद यदि किसी विवरण को गलत पाया जाता है अथवा किसी प्रकार की अपात्रता का पता चलता है, तो मेरी उम्मीदवारी अपने-आप रद्द हो जाएगी.
2. मैं अपने जोखिम और उत्तरदायित्व पर सभी प्रकार की जांचों में भाग लूंगा.

**उम्मीदवार के हस्ताक्षर :.........**

रो.स. 1/51 **नामः** ..............................

# सूचना और पुस्तकालय नेटवर्क केंद्र

**(विश्वविद्यालय अनुदान आयोग का अंतर-विश्वविद्यालय केंद्र)**
**पोस्ट बॉक्स संख्या 4, इंफोसिटी, गांधीनगरः 382 007**
**दूरभाष 079232 68000**

INFLIBNET

**ई-मेलः recruitment@inflibnet.ac.in, वेबसाइटः www.inflibnet.ac.in**

**विज्ञापन संख्या : 01/2022**

**विभिन्न तकनीकी और प्रशासनिक पदों के लिए भर्ती नोटिस**

पात्र उम्मीदवारों से निम्नलिखित पदों हेतु नियमित आधार पर ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित हैं:

| क्र. सं. | पद का नाम | पदों की संख्या | वर्ग | वेतन लेवल | योग्यता और आयु |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | **वैज्ञानिक-सी (कंप्यूटर साइंस)** | 01 | अना | 11 | कंप्यूटर साइंस क्षेत्र में पीएच.डी. या सीई/सीएस/आईटी में एम.ई/एम.टेक + 2 (दो) वर्ष का अनुभव या सीई/सीएस/आईटी/एमसीए में बी.ई./बी.टेक + 5 (पांच) वर्ष का अनुभव. **अधिकतम आयु सीमा:** 40 वर्ष |
| 2. | **वैज्ञानिक-बी (पुस्तकालय विज्ञान-लियन रिक्ति)** | 01 | अना | 10 | एम.लिब/एम.एल.आई.एससी./समकक्ष + 1 (एक) वर्ष का अनुभव. **अधिकतम आयु सीमा:** 35 वर्ष |
| 3. | **वैज्ञानिक तकनीकी अधिकारी-I (पुस्तकालय विज्ञान-लियन रिक्ति )** | 01 | **ओबीसी (एनसीएल)** | 07 | एम.लिब/एम.एल.आई.एससी./समकक्ष या बी.लिब/बी.एल.आई.एससी.+ 8 (आठ) वर्ष का अनुभव. **अधिकतम आयु सीमा:** 30 वर्ष |
| 4. | **वैज्ञानिक तकनीकी अधिकारी-I (कंप्यूटर साइंस)** | 01 | **अना** | 07 | डीसीए/समकक्ष+ 8 (आठ) वर्ष का अनुभव. **अधिकत आयु सीमा:** 30 वर्ष |
| 5. | **निजी सचिव** | 01 | अना | 07 | मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक डिग्री के साथ शॉर्टहैंड में 120 शब्द प्रति मिनट और टाइपिंग में 40 शब्द प्रतिमिनट की न्यूनतम गति. विश्वविद्यालय/ सरकारी/स्वायत्त संगठन/ प्रतिष्ठित निजी कंपनी में 8 (आठ) वर्ष का अनुभव. कंप्यूटर संचालन में अनुभव अनिवार्य है. **अधिकतम आयु सीमा:** 35 वर्ष |
| 6. | सहायक | 01 | अना | 04 | मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय में स्नातक डिग्री के साथ खरीद और भंडार/लेखा के क्षेत्र में/ विश्वविद्यालय के प्रतिष्ठान/ सरकारी/स्वायत्त संगठन/ प्रतिष्ठित निजी कंपनी में 3 (तीन) वर्ष का अनुभव. **अधिकतम आयु सीमा:** 25 वर्ष |

इस विज्ञापन के संदर्भ में किसी भी तरह का परिशिष्ट /शुद्धिपत्र/नोटिस केवल केंद्र की वेबसाइट पर डाला जाएगा. अधिक जानकारी हेतु कृपया देखें: **www.inflibnet.ac.in**

| | |
|---|---|
| **ऑनलाइन आवेदन शुरू होने की तिथि:** | **रोज़गार समाचार में प्रकाशन की तिथि** |
| **ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि:** | **रोज़गार समाचार में प्रकाशन की तिथि से 21 दिन शाम 5:30 बजे तक** |
| **ऑनलाइन आवेदन की हार्डकॉपी के साथ सभी स्व-सत्यापित संलग्न प्राप्ति की अंतिम तिथि:** | **रोज़गार समाचार में प्रकाशन की तिथि से 30 दिन शाम 5:30 बजे तक** |

रो.स. 1/100 **प्रशासनिक अधिकारी**

# राष्ट्रीय औषधीय शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान गुवाहाटी
# NATIONAL INSTITUTE OF PHARMACEUTICAL EDUCATION AND RESEARCH GUWAHATI

NIPER GUWAHATI

**औषधि विभाग, रसायन एव उर्वरक मंत्रालय, भारत सरकार**

**रोज़गार सूचना सं. 01/2022, दिनांक : 09/03/2022**

राष्ट्रीय औषधीय शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान (एनआईपीईआर), गुवाहाटी एक राष्ट्रीय महत्व का संस्थान है. औषधीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में उच्चतर शिक्षा प्रदान करने तथा उन्नत अनुसंधान संचालित करने के उद्देश्य से औषधि विभाग, रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय, भारत सरकार के तहत संसद के एक अधिनियम द्वारा इसे स्थापित किया गया है. एनआईपीईआरजी की ओर से निम्नलिखित नियमित अध्यापन और गैर-अध्यापन पदों के लिए आवेदन आमंत्रित हैं:-

| पद कोड | पदनाम/ पद | विषय | पे लेवल (7वां सीपीसी) | आरक्षण | | | | | अधिकतम उम्र |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | अना | अपिव | अजा | अजजा | ईडब्ल्यूएस | |
| **अध्यापन पद** | | | | | | | | | |
| टी-25 | प्रोफेसर | मेडिसिनल कैमिस्ट्री | 14 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 50 |
| टी-26 | एसोसिएट प्रोफेसर | मेडिकल डिवाइस | 13 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 45 |
| टी-27 | एसोसिएट प्रोफेसर | फार्मास्युटिकल टेक्नोलॉजी एवं फार्मूलेशंस | 13 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 45 |
| टी-28 | असिस्टेंट प्रोफेसर | फार्माकोलॉजी एवं टॉक्सिकोलॉजी | 12 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 40 |
| टी-29 | असिस्टेंट प्रोफेसर | मेडिकल डिवाइस | 12 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 40 |
| **गैर-अध्यापन पद** | | | | | | | | | |
| एनटी-20 | संपदा एवं सुरक्षा अधिकारी | प्रशासन | 10 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 45 |
| एनटी-21 | तकनीकी सहायक (कम्प्यूटर अनुभाग) | कम्प्यूटर अनुभाग | 07 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 35 |
| एनटी-22 | चिकित्सा अधिकारी | प्रशासन | 10 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 40 |

| | |
|---|---|
| **ऑनलाइन आवेदन शुरू होने की तिथि और समय** | **09/03/2022 को सुबह 11.00 बजे से** |
| **ऑनलाइन आवेदन और शुल्क भुगतान की अंतिम तिथि और समय** | **11/04/2022 को शाम 5.00 बजे तक** |
| **सभी संलग्नकों के साथ ऑनलाइन आवेदन की हार्ड कॉपी प्राप्त करने की अंतिम तिथि** | **18/04/2022 को शाम 5.00 बजे तक** |

**ऑनलाइन आवेदन प्रारूप और अन्य महत्वपूर्ण विवरण के लिए कृपया संस्थान की वेबसाइट www.niperguwahati.ac.in देखें.**
**आरक्षित पदों के लिए, यदि कोई हो, अजा/अजजा/अपिव/ दिव्यांग/पूर्व-सैनिक/ पीडब्ल्यूडी श्रेणियों के लिए भारत सरकार के आदेशों के अनुसार उम्र में छूट मान्य होगी.**
**विभागीय उम्मीदवारों को उपर्युक्त सभी पदों के लिए उम्र में 5 वर्ष की छूट दी जाएगी.**

रो.स. 1/66 **कुलसचिव (प्रभारी)**

आज़ादी का अमृत महोत्सव

**प्रकाशन विभाग**
सूचना और प्रसारण मंत्रालय
भारत सरकार

# देश के सबसे बड़े सरकारी प्रकाशन समूह संग व्यापार का अवसर

## हमारी लोकप्रिय पत्रिकाओं और साप्ताहिक रोज़गार समाचार की विपणन एजेंसी लेकर सुनिश्चित करें आकर्षक नियमित आय

### विपणन एजेंसी मिलना... मतलब

- ✓ असीमित लाभ
- ✓ निवेश की 100% सुरक्षा
- ✓ स्थापित ब्रांड का साथ
- ✓ पहले दिन से आमदनी
- ✓ न्यूनतम निवेश-अधिकतम लाभ

### रोज़गार समाचार के एजेंसी धारकों के लिए लाभ

| प्रतियों की संख्या | खुदरा मूल्य में छूट |
|---|---|
| 20-1000 | 25% |
| 1001-2000 | 35% |
| 2001-अधिक | 40% |

### मासिक पत्रिकाओं के एजेंसी धारकों के लिए लाभ

| प्रतियों की संख्या | खुदरा मूल्य में छूट |
|---|---|
| 20-250 | 25% |
| 251-1000 | 40% |
| 1001-अधिक | 45% |

## विपणन एजेंसी पाना बेहद आसान

- किसी शैक्षणिक योग्यता की बाध्यता नहीं
- कोई व्यावसायिक अनुभव जरूरी नहीं
- खरीद का न्यूनतम तीन गुना निवेश (पत्रिकाओं हेतु) अपेक्षित

रु. 12/-







रु. 22/-

रु. 15/-

सम्पर्क

**रोज़गार समाचार**
फोन: 011-24365610
ई-मेल: sec-circulation-moib@gov.in

**पत्रिका एकक**
ई-मेल: pdjucir@gmail.com
फोन: 011-24367453

पत्र भेजें : रोज़गार समाचार, कक्ष संख्या-779, 7वां तल, सूचना भवन, लोधी रोड, नई दिल्ली-110003

पृष्ठ 1 का शेष

## सिविल सर्विस के साक्षात्कार की तैयारी: सही परिप्रेक्ष्य

लिए सेना में कैप्टन की नौकरी के लिए साक्षात्कारकर्ताओं का बोर्ड उम्मीदवार के साहस, बहादुरी, मानसिक और शारीरिक तंदुरुस्ती, अनुशासन, नेतृत्व के गुणों की परख करेगा. इसी प्रकार किसी लेक्चरर के साक्षात्कार के लिए बोर्ड उसके अध्यापन संबंधी ज्ञान का परीक्षण करेगा. इस प्रकार आईएएस के लिए साक्षात्कार, सिविल सर्विसेज में कॅरिअर के संबंध में उम्मीदवार की उपयोगिता का परीक्षण करने के लिए डिज़ाइन किया गया है. उपयोगिता का परीक्षण साक्षात्कार के सत्र के दौरान उम्मीदवार की मानसिक, बौद्धिक और प्रशासनिक क्षमता की जांच के माध्यम से किया जाता है. उल्लेखनीय है कि अधिकतम 275 अंकों में से 190 से अधिक अंकों के जरिए साक्षात्कार उच्च रैंक प्राप्त करने में महत्वपूर्ण योगदान दे सकता है. दूसरे शब्दों में कहें तो मुख्य परीक्षा में उच्च अंक प्राप्त नहीं करने के बावजूद, साक्षात्कार उम्मीदवारों को अच्छा रैंक प्राप्त करने के लिए और अंक जुटाने का एक और अवसर प्रदान करता है.

आईएएस साक्षात्कार के लिए बेहतरीन मार्गदर्शक स्वयं यूपीएससी द्वारा जारी की गई अधिसूचना ही है. व्यक्तित्व परीक्षण के बारे में यूपीएससी की अधिसूचना को यहां उद्धृत करना उचित होगा.

**ए. जिन गुणों का आकलन किया जाना है :** इस संबंध में यूपीएससी का उद्धरण, *''उम्मीदवार का साक्षात्कार एक बोर्ड द्वारा लिया जाएगा, जिसके सामने उम्मीदवार के कॅरिअर का रिकॉर्ड होगा. उम्मीदवार से सामाजिक हित के विषयों पर प्रश्न पूछे जाएंगे. साक्षात्कार/व्यक्तित्व परीक्षण का उद्देश्य लोक सेवा में कॅरिअर के लिए उम्मीदवार की उपयोगिता का सक्षम और निष्पक्ष पर्यवेक्षकों के बोर्ड द्वारा आकलन करना है. साक्षात्कार/व्यक्तित्व परीक्षण का उद्देश्य उम्मीदवार के मानसिक सामर्थ्य का आकलन करना है. व्यापक संदर्भ में यह न केवल बौद्धिक गुणों, बल्कि सामाजिक विशेषताओं तथा समसामयिक मामलों में दिलचस्पी का आकलन है. जिन गुणों का आकलन किया जाना है, उनमें मानसिक सतर्कता, आत्मसात करने की महत्वपूर्ण सामर्थ्य, स्पष्ट और तार्किक प्रदर्शन, संतुलित निर्णय, अभिरुचि में विविधता और गहराई, सामाजिक सामंजस्य और नेतृत्व की योग्यता, बौद्धिक एवं नैतिक समग्रता शामिल है.''*

**बी. साक्षात्कार की तकनीक:** एक बार फिर से यूपीएससी का उद्धरण *''तकनीक जिरह वाली नहीं होगी, बल्कि सहज, लेकिन निर्देशित और उद्देश्यपूर्ण बातचीत होगी जिसका उद्देश्य उम्मीदवार के मानसिक गुणों को उद्घाटित करना है.''*

**सी.** स्वयं यूपीएससी के शब्दों में, *''साक्षात्कार का उद्देश्य उम्मीदवार के विशिष्ट अथवा सामान्य ज्ञान का परीक्षण करना नहीं है, जिसका परीक्षण पहले ही उनकी लिखित परीक्षा के दौरान किया जा चुका है. उम्मीदवारों से अपेक्षा की जाती है कि उन्होंने केवल अपने अकादमिक अध्ययन से संबंधित विषय विशेष में ही बौद्धिक दिलचस्पी न ली हो, बल्कि अपने राज्य और देश के भीतर तथा आसपास हो रही घटनाओं के साथ ही साथ आधुनिक दौर के चिंतन तथा सुशिक्षित नौजवानों में जिज्ञासा उत्पन्न करने वाली नई खोजों में भी उनकी रुचि हो.''*

**यूपीएससी के साक्षात्कार बोर्ड की संरचना :** कुल मिलाकर 8 से 10 बोर्ड होते हैं, जिनमें से प्रत्येक की अध्यक्षता यूपीएससी के सदस्य द्वारा की जाती है तथा चार बाहरी विशेषज्ञों को आमंत्रित किया जाता है. जिन्हें विषय विशेष के विशेषज्ञ **(डोमेन एक्सपर्ट)** कहा जाता है. आमतौर पर इन चार बाहरी विशेषज्ञों में आईएएस, आईपीएस, आईएफएस, या समूह क से संबंधित रहे दो पूर्व लोक सेवक होते हैं. दो अन्य सदस्य शैक्षणिक, समाजसेवा, कला अथवा साहित्यिक पृष्ठभूमि के होते हैं. **कृपया ध्यान दें, बोर्ड में कोई भी मनोवैज्ञानिक नहीं होता जैसा कि अक्सर बाजार के स्रोतों द्वारा कहा जाता है.** प्रत्येक बोर्ड एक दिन में 10 उम्मीदवारों का साक्षात्कार करता है. इस प्रकार बोर्ड प्रतिदिन काफी व्यस्त रहता है.

**शुरुआत कैसे होती है:** जैसे ही उम्मीदवार साक्षात्कार कक्ष में प्रवेश करता है अभिवादन के आदान-प्रदान के पश्चात उसे बैठने को कहा जाता है. उसके बाद बोर्ड का अध्यक्ष उम्मीदवार के डीएएफ (विस्तृत आवेदन पत्र) के आधार पर कुछ प्रश्न पूछते हुए साक्षात्कार की शुरुआत करता है. डीएएफ में उम्मीदवार के बारे में कई तरह की जानकारी होती है. वह डीएएफ के अलावा भी प्रश्न पूछ सकता है. उसके बाद प्रत्येक सदस्य को बारी बारी उम्मीदवार से प्रश्न पूछने का अवसर दिया जाता है. आमतौर पर प्रत्येक सदस्य द्वारा दो से तीन प्रश्न पूछे जाते हैं और उम्मीदवार को प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 3 से 4 मिनट के भीतर देना होता है. यदि वह उत्तर देने में अधिक समय लेता/लेती है तो समय की कमी होने के कारण सदस्य उसे बीच में टोक सकता है.

**अंक किस प्रकार दिए जाते हैं:** उम्मीदवार के कमरे से बाहर निकलते ही सदस्यगण आपस में संक्षिप्त चर्चा करते हैं, जिससे उन्हें उम्मीदवारों के प्रदर्शन के स्तर पर सर्वसम्मति बनाने में मदद मिलती है. उसके बाद अध्यक्ष उम्मीदवार के लिए कुछ निश्चित अंक निर्धारित करने का सुझाव देता है जिसे आमतौर पर सभी सदस्य स्वीकार कर लेते हैं. यदि किसी सदस्य को लगता है कि अमुक उम्मीदवार को कुछ अधिक या कम अंक मिलने चाहिए तो इस पर सभी सदस्य विचार करते हैं और संशोधित अंक दे दिए जाते हैं. लेकिन आमतौर पर अंक प्रदान करना एक सुचारू प्रक्रिया है और इस संबंध में सदस्यों के बीच कोई मतभेद नहीं होता.

**बोर्ड के बारे में गोपनीयता किस प्रकार बरकरार रखी जाती है:** अंतिम समय तक बोर्ड को उस दिन के लिए आवंटित किए गए उम्मीदवारों के बारे में कोई जानकारी नहीं होती. प्रतिदिन सुबह साक्षात्कार की प्रक्रिया प्रारंभ होने से पहले बोर्ड को उन उम्मीदवारों की सूची उपलब्ध कराई जाती है, जिनका उसे साक्षात्कार लेना होता है. इसीलिए यूपीएससी के साक्षात्कार सभी के लिए निष्पक्ष समझे जाते हैं. इसी तरह उम्मीदवारों को भी इस बात की कोई जानकारी नहीं होती कि उनका सामना किस बोर्ड से होने वाला है. वे बिना इस बात की जानकारी के साक्षात्कार कक्ष में दाखिल होते हैं कि वहां कौन-कौन मौजूद हैं.

**बोर्ड की वस्तुनिष्ठता, अपक्षपात और निष्पक्षता:** बोर्ड की विशिष्ट विशेषता उसकी निष्पक्षता है. बोर्ड में जाति, धर्म, लिंग, क्षेत्र, भाषा आदि को लेकर किसी तरह का भेदभाव नहीं होता. साथ ही बोर्ड को इस बात से कोई फर्क नहीं पड़ता कि आपकी पृष्ठभूमि अभिजात्य है अथवा आप निर्धन पृष्ठभूमि से हैं. बोर्ड आपकी पृष्ठभूमि के स्थान पर आपके गुणों को महत्व देगा. साथ ही यदि आप औसत छात्र हैं, तो भी बोर्ड आपको योग्यता सिद्ध करने का उचित अवसर दिए बिना आपके बारे में कोई नकारात्मक धारणा नहीं बनाता. कुल मिलाकर यूपीएससी बोर्ड एक मैत्रीपूर्ण बोर्ड है और उससे भयभीत होने की कोई वजह नहीं है. बोर्ड के सदस्य सौहार्दपूर्ण, सहयोगपूर्ण और उत्साह बढ़ाने वाले हैं. उदाहरण के लिए अगर उन्हें लगे कि आप किसी क्षेत्र विशेष से जुड़े प्रश्न का उत्तर नहीं दे पा रहे हैं तो वे आपसे पूछते हैं कि आप किस विषय की ज्यादा जानकारी रखते हैं और यदि आप कोई क्षेत्र बताते हैं तो वे आपसे उसी के बारे में प्रश्न पूछते हैं. इसी तरह यदि आपके साक्षात्कार का माध्यम अंग्रेजी है और किसी प्रश्न का उत्तर अंग्रेजी में देते समय आपकी ज़बान लड़खड़ा रही है, तो वे आपके अनुरोध पर आपको उस प्रश्न का उत्तर हिंदी में देने की अनुमति देंगे. इस प्रकार बोर्ड में लचीलापन और तर्कसंगतता है. इसलिए किसी ऐसे प्रतिकूल बोर्ड की कल्पना करने की कोई आवश्यकता नहीं है, जो आप को नीचा दिखाने की कोशिश करता हो. इसके विपरीत बोर्ड पूरे सत्र के दौरान आपको सहजता और इत्मीनान महसूस कराते हुए अपने गुणों को प्रकट करने का अवसर देता है.

**बोर्ड का सामना करने के आधारभूत नियम:**

I. **ईमानदार रहिए:** बोर्ड से कुछ भी छुपाने का प्रयास मत कीजिए. हमेशा सच बोलिए. केवल सच्चाई को ही सराहा जाएगा. यदि आप कोई बनावटी बात करेंगे तो निश्चित रूप से पकड़े जाएंगे.

II. **विनम्र रहिए:** विनीत और विनम्र रहिए. यह अहसास मत कराइए कि आप कठोर, अभिमानी आदि हैं.

III. **शालीनता बरतें:** शिष्टाचार बनाए रखें, सदस्यों के साथ सम्मानजनक व्यवहार करें.

IV. **अपना वास्तविक और असली रूप दिखाइए:** जो आप नहीं हैं, खुद को वैसा दिखाने की कोशिश भी मत कीजिए. बोर्ड के समक्ष अपना वास्तविक और असली रूप दिखाइए. बोर्ड को यह साबित करने की कोशिश मत कीजिए कि आप अनोखे हैं, क्योंकि वे आप में किसी सुपर हीरो की नहीं, बल्कि ज़मीन से जुड़े व्यक्ति को देखना चाहते हैं. दूसरे शब्दों में कहें, तो आपको कोई बनावटी रूप नहीं, बल्कि अपना असली व्यक्तित्व दर्शाने की जरूरत होती है.

V. **पूरे साक्षात्कार सत्र के दौरान चौकस, सतर्क और ऊर्जा से भरपूर रहिए:** जब आप प्रश्नों का उत्तर दे रहे होते हैं, तो आपकी ऊर्जा के स्तर, आपके ध्यान और सतर्कता के पैमाने पर लगातार नजर रखी जा रही होती है. बोर्ड को कभी भी आलसी, गुमराह होने का आभास मत कराइए.

VI. **जब आपको कोई उत्तर नहीं आता हो, तो साफ-साफ बताइए:** निश्चित रूप से कुछ ऐसे प्रश्न होंगे, जिनका उत्तर संभवतः आप नहीं दे पाएंगे. यह बताने में कोई हर्ज नहीं है कि आप उस प्रश्न विशेष का उत्तर नहीं जानते. इसे स्वीकार करने से आपके बारे में कोई गलत प्रभाव नहीं पड़ेगा. यदि आप किसी ऐसी चीज का उत्तर देने का प्रयास करते हैं जिसे आप नहीं जानते हैं, तो आपकी स्थिति काफी अटपटी हो जाएगी.

VII. **यूपीएससी की अधिसूचना को ध्यान से पढ़िए:** साक्षात्कार के उद्देश्य और तकनीक के बारे में यूपीएससी की व्याख्या से बेहतर कोई मार्गदर्शक नहीं हो सकता, जिसका उल्लेख इस लेख में ऊपर किया गया है. इससे आपको बोर्ड के सामने स्पष्ट उत्तर देने में मदद मिलेगी, जिसकी आपसे अपेक्षा होती है.

VIII. **अपने डीएएफ का समर्थन कीजिए:** अपने डीएएफ में आपके द्वारा दी गई जानकारी पूरी तरह से आपकी है और उसमें दी गई प्रत्येक जानकारी के लिए आप स्वयं जिम्मेदार हैं. आपको उसका बचाव करने में सक्षम होना चाहिए. इसलिए, कभी भी ऐसी कोई जानकारी न दें जिसका समर्थन करना आपके लिए मुश्किल हो, विशेष रूप से आपके शौक, पाठ्येतर गतिविधियों, नौकरी के अनुभव के संबंध में. यदि आप इनके बारे में बोलते हुए हड़बड़ा गए, तो इसका नकारात्मक प्रभाव होगा.

IX. **साक्षात्कार की तैयारी को सामान्य ज्ञान की तैयारी जैसा न बनाएं:** हमेशा याद रखें, आईएएस का साक्षात्कार, बोर्ड के साथ इंटरेक्टिव और असरदार बातचीत है. इसलिए मुद्दों को जीएस की दृष्टि से तैयार नहीं किया जा सकता. आपका दृष्टिकोण ऐसा होना चाहिए कि आप अपेक्षित मुद्दों पर बोर्ड के सामने ढेर सारी जानकारी परोसेने की बजाय उसके सदस्यों के साथ बातचीत करें.

X. **अपने दिमाग को साक्षात्कार से जुड़े मिथकों में मत उलझाइए:** हाल ही में, कोचिंग से जुड़े हर दूसरे व्यक्ति ने बोर्ड के अंदर क्या होता है, इसे जाने बगैर ही साक्षात्कार विशेषज्ञ की भूमिका निभानी शुरु कर दी. यह बात आपको साक्षात्कार की हकीकत से दूर कर देगी और आपकी तैयारी को गलत दिशा में ले जाएगी. अप्रमाणित लोगों से मार्गदर्शन लेने की बजाए प्रमाणित, सक्षम व्यक्तियों से मार्गदर्शन प्राप्त करना समझदारी होगी.

**(एस बी सिंह आईएएस साक्षात्कार परामर्शदाता हैं. उनसे उनके ईमेल: sb_singh2003@yahoo.com पर संपर्क किया जा सकता है.)**

**व्यक्त विचार व्यक्तिगत हैं.**

NIAB
National Institute of Animal Biotechnology

राष्ट्रीय पशु जैव प्रौद्योगिकी संस्थान
National Institute of Animal Biotechnology
जैव प्रौद्योगिकी विभाग का एक स्वायत्त संस्थान
विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय, भारत सरकार
सर्वेक्षण सं. 37, जर्नलिस्ट कालोनी के सामने
निकट गावलीडोडी, गॉचीबावली, हैदराबाद,
तेलंगाना, भारत-500032

**विज्ञापन सं. 14/2022**

एनआईएबी, हैदराबाद, जैव प्रौद्योगिकी विभाग, भारत सरकार के तत्वाधीन में एक स्वायत्त संस्थान का प्रमुख उद्देश्य पशु स्वास्थ्य एवं उत्पादकता में सुधार लाने हेतु अत्याधुनिक क्षेत्रों में ज्ञान सृजन एवं साज उपकरण एवं जैव प्रौद्योगिकी को उभारना है।

एनआईएबी, निम्न वर्णित अनुसार प्रत्यक्ष भर्ती आधार पर निम्न पदों को भरने हेतु भारतीय नागरिकों से आवेदन आमंत्रित करता है:

| पद | पे मैट्रिक्स | पदों की संख्या |
|---|---|---|
| वरिष्ठ प्रबंधक (ए एवं एफ) | लेवल 12 | 1 (अनारक्षित) |
| वैज्ञानिक-डी | लेवल 12 | 2 (अनारक्षित) |
| वैज्ञानिक-सी | लेवल 11 | 1 (अजा) |
| वैज्ञानिक-बी | लेवल 10 | 1 (अनारक्षित) |

विस्तृत विज्ञापन एवं ऑनलाइन आवेदन प्रपत्र हेतु एनआईएबी की वेबसाइट **www.niab.org.in** पर जाएं।

ऑनलाइन आवेदन आरंभ तिथि : 20.03.2022

ऑनलाइन आवेदन जमा कराने की अंतिम तिथि : 19.04.2022

हस्ता/- निदेशक

रो.स. 1/48

# मानसिक स्वास्थ्य : सहायता के लिए बढ़ते हाथ

प्रत्येक वर्ष 7 अप्रैल को विश्व स्वास्थ्य दिवस मनाया जाता है. 1948 में पहली स्वास्थ्य सभा में इसकी स्थापना और 1950 में इसके प्रभावी होने के बाद से, इस आयोजन का उद्देश्य विश्व स्वास्थ्य संगठन के लिए महत्वपूर्ण और प्राथमिकता वाले क्षेत्रों को उजागर करने हेतु एक विशिष्ट स्वास्थ्य विषय के बारे में जागरूकता उत्पन्न करना है.

मानसिक स्वास्थ्य, स्वास्थ्य का एक अभिन्न और आवश्यक घटक है. विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के संविधान में कहा गया है: 'स्वास्थ्य केवल बीमारी या दुर्बलता की अनुपस्थिति नहीं बल्कि पूर्ण शारीरिक, मानसिक और सामाजिक सेहत की स्थिति है'. इस परिभाषा का एक महत्वपूर्ण तात्पर्य यह है कि मानसिक स्वास्थ्य केवल मानसिक विकारों या अक्षमताओं की अनुपस्थिति से कहीं अधिक है. मानसिक स्वास्थ्य वैश्विक स्तर पर स्वास्थ्य के सबसे उपेक्षित क्षेत्रों में से एक है. यह कोविड-19 (कोरोनावायरस) से पहले सत्य तो था, परंतु महामारी ने मानसिक स्वास्थ्य की स्थिति को और खराब कर दिया है.

मानसिक स्वास्थ्य केवल मानसिक विकार की अनुपस्थिति नहीं है. इसे अरोग्यता की स्थिति के रूप में परिभाषित किया जाता है जिसमें व्यक्ति को अपनी क्षमताओं का एहसास होता है, वे जीवन के सामान्य तनावों का सामना कर सकते हैं, उत्पादक और फलदायी रूप से काम कर सकते हैं, और अपने समुदाय में सकारात्मक योगदान देने में सक्षम होते हैं. मानसिक स्वास्थ्य प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से मानसिक सेहत से संबंधित गतिविधियों की एक विस्तृत शृंखला को संदर्भित करता है. मानसिक स्वास्थ्य का संबंध मानसिक सेहत को बढ़ावा देने, मानसिक विकारों की रोकथाम और मानसिक विकारों से प्रभावित लोगों के उपचार और पुनर्वास से भी है.

आंकड़े चौंका देने वाले हैं. आज, लगभग एक अरब लोग मानसिक विकार के साथ जी रहे हैं और कम आय वाले देशों में, विकार वाले 75 प्रतिशत से अधिक लोगों को इलाज नहीं मिलता है. हर साल करीब 30 लाख लोगों की मादक द्रव्यों के सेवन से मौत हो जाती है. हर 40 सेकेंड में एक व्यक्ति आत्महत्या कर लेता है. लगभग 50 प्रतिशत मानसिक स्वास्थ्य विकार 14 वर्ष की आयु से शुरू होते हैं. यह अनुमान है कि 160 मिलियन से अधिक लोगों को संघर्षों, प्राकृतिक आपदाओं और अन्य आपात स्थितियों के कारण मानवीय सहायता की आवश्यकता है. ऐसे संकटों के दौरान मानसिक विकारों की दर दोगुनी हो सकती है. अनुमान है कि संघर्ष से प्रभावित 5 में से 1 व्यक्ति के मानसिक स्वास्थ्य की स्थिति प्रभावित होती है. (https://blogs.worldbank.org/health/mental-health-lessons-learned-2020-2021-and-forward)

मानसिक स्वास्थ्य की अनदेखी के कई कारण हैं. पहला इसका किसी व्यक्ति पर दाग लगना, दूसरा मानसिक स्वास्थ्य विकारों की वास्तविक बीमारियों के विपरीत, एक 'विलासिता की वस्तु' के रूप में धारणा होना है. अतिरिक्त शीर्ष कारणों में एक खंडित और पुराना सेवा मॉडल शामिल है. इनमें से कुछ में मुख्य रूप से मनोरोग अस्पतालों में मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं की व्यवस्था, निवारक मानसिक स्वास्थ्य सेवा की गंभीर कमी; नीति में बदलाव न होना और मानव संसाधनों की कमी शामिल है.

मानसिक स्वास्थ्य और मानसिक विकारों के निर्धारकों में न केवल व्यक्तिगत गुण, जैसे कि किसी के विचारों की अभिव्यक्ति, भावनाओं, व्यवहारों और दूसरों के साथ बातचीत को प्रबंधित करने की क्षमता अभिव्यक्ति शामिल हैं, बल्कि सामाजिक, सांस्कृतिक, आर्थिक, राजनीतिक और पर्यावरणीय कारक जैसे कि राष्ट्रीय नीतियां, सामाजिक सुरक्षा, रहन-सहन के मानक, काम करने की स्थिति और सामुदायिक समर्थन शामिल होते हैं.

मानसिक स्वास्थ्य हमारी समग्र स्वास्थ्य स्थिति का एक अभिन्न अंग है. इस प्रकार, एक समग्र दृष्टिकोण का होना जरूरी होता है जो शरीर, मन और आत्मा के मजबूत संबंध को पहचानता है. अवसाद सहित मानसिक विकारों के बोझ को दूर करने के लिए, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग 1982 से राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम लागू कर रहा है. एनएमएचपी के तहत, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के हिस्से के रूप में, केंद्र सरकार निम्नलिखित उद्देश्यों के साथ जिला मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम (डीएमएचपी) के कार्यान्वयन के लिए राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों से प्राप्त प्रस्तावों के आधार पर तकनीकी और वित्तीय सहायता प्रदान करती है:




i. जिला स्वास्थ्य सेवा वितरण प्रणाली तक विभिन्न स्तरों पर मानसिक स्वास्थ्य सेवाएं, जिनमें बीमारी की रोकथाम, देखभाल को प्रोत्साहन और दीर्घकालिक सतत देखभाल शामिल है, प्रदान करना.
ii. स्कूलों और कॉलेजों में आत्महत्या रोकथाम सेवाएं, कार्यस्थल तनाव प्रबंधन, जीवन कौशल प्रशिक्षण और परामर्श प्रदान करना.
iii. मानसिक स्वास्थ्य देखभाल के लिए बुनियादी ढांचे, उपकरण और मानव संसाधन के मामले में संस्थागत क्षमता बढ़ाना.
iv. मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं के वितरण में सामुदायिक जागरूकता और भागीदारी को बढ़ावा देना.

एनएमएचपी की प्रकृति समावेशी है और इसमें एक एकीकृत, भागीदारी, अधिकार और साक्ष्य-आधारित दृष्टिकोण शामिल है. मानसिक स्वास्थ्य के चिकित्सा और गैर-चिकित्सीय पहलुओं को हल करने के लिए मानसिक स्वास्थ्य के मुद्दों को व्यापक तरीके से संबोधित किया जाता है. एनएमएचपी के तहत पहचाने गए रणनीतिक क्षेत्र हैं, अन्य बातों के साथ-साथ प्रभावी शासन और जवाबदेही, मानसिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देना, मानसिक विकारों और आत्महत्या की रोकथाम, मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं तक सार्वभौमिक पहुंच, मानसिक स्वास्थ्य के लिए मानव संसाधनों की उपलब्धता में वृद्धि, सामुदायिक भागीदारी, अनुसंधान, निगरानी और मूल्यांकन. इसके अलावा, मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच में सुधार की दृष्टि से, सरकार प्राथमिक स्वास्थ्य सेवा स्तर पर मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने के लिए कदम उठा रही है. आयुष्मान भारत-एचडब्ल्यूसी योजना के तहत व्यापक प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल के तहत मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं को पैकेज में जोड़ा गया है. आयुष्मान भारत के दायरे में स्वास्थ्य और आरोग्य केंद्रों में मानसिक, न्यूरोलॉजिकल और पदार्थ उपयोग विकार पर परिचालन दिशानिर्देश जारी किए गए हैं. इन दिशा-निर्देशों के माध्यम से प्राथमिक स्तर पर समाज के सभी वर्गों को मानसिक स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जा रही हैं.

**आओ जानें**

## मानसिक स्वास्थ्य देख-रेख अधिनियम, 2017

अधिनियम 2017 में पारित किया गया और 7 जुलाई 2018 से लागू हुआ था. कानून के बारे में इसके प्रारंभिक पैराग्राफ में इस प्रकार उल्लेख किया गया है- 'मानसिक बीमारी वाले व्यक्तियों के लिए मानसिक स्वास्थ्य देखभाल और सेवाएं प्रदान करने और मानसिक स्वास्थ्य देखभाल और सेवाओं के वितरण के दौरान ऐसे व्यक्तियों के अधिकारों की रक्षा, प्रोत्साहन और उन्हें पूरा करने तथा उससे जुड़े या उसके आनुषंगिक मामलों के लिए एक अधिनियम'. इस अधिनियम ने पहले से मौजूद मानसिक स्वास्थ्य अधिनियम, 1987 का स्थान लिया.

नया अधिनियम 'मानसिक बीमारी' को सोचने, मनोदशा, धारणा, अभिविन्यास, अथवा स्मृति के एक महत्वपूर्ण विकार के रूप में परिभाषित करता है जो जीवन की सामान्य मांगों, शराब और नशीली दवाओं के दुरुपयोग से जुड़ी मानसिक स्थितियों को पूरा करने के लिए निर्णय या क्षमता को विकृत करता है. इस अधिनियम ने भारतीय दंड संहिता 309 को पलट दिया है जो मानसिक रूप से बीमार व्यक्ति द्वारा आत्महत्या के प्रयास को अपराध बनाता है. इस अधिनियम का एक अन्य आकर्षण मानसिक बीमारी से ग्रस्त व्यक्ति के अधिकारों की रक्षा करना, और इस प्रकार उपचार तक उसकी पहुंच और एक अग्रिम निर्देश को सुगम बनाना है कि; वह अपनी बीमारी का इलाज कैसे करना चाहता/चाहती है.

**छात्रों के मनो सामाजिक मुद्दों को हल करने के लिए राष्ट्रीय टोल फ्री हेल्प लाइन नंबर**

**844 844 0632**

शिक्षा मंत्रालय ने 'मनोदर्पण' नाम से एक सक्रिय पहल शुरू की है, जिसमें छात्रों, शिक्षकों और परिवारों को मानसिक स्वास्थ्य और भावनात्मक सेहत के लिए कोविड प्रकोप और उसके बाद मनोसामाजिक सहायता प्रदान करने के लिए गतिविधियों की एक विस्तृत शृंखला शामिल है. छात्रों के मानसिक स्वास्थ्य से जुड़े मुद्दों और चिंताओं की निगरानी और प्रोत्साहन तथा मानसिक स्वास्थ्य और मनो सामाजिक विषयों को संबोधित करने हेतु सहायता प्रदान करने के लिए परामर्श सेवाओं, ऑनलाइन संसाधनों और हेल्पलाइन के माध्यम से कोविड-19 के दौरान और उसके बाद के पहलुओं पर ध्यान देने के लिए शिक्षा, मानसिक स्वास्थ्य और मनोसामाजिक मामलों के विशेषज्ञों को सदस्यों के रूप में शामिल करते हुए एक कार्य समूह का गठन किया गया है.

**'मनोदर्पण' पहल में निम्नलिखित घटकों को शामिल किया गया है:**

क. परिवारों के साथ-साथ स्कूल प्रणाली और विश्वविद्यालयों के छात्रों, शिक्षकों और संकायों के लिए परामर्शी दिशानिर्देश.
ख. शिक्षा मंत्रालय की वेबसाइट (www.manodarpan.education.gov.in) पर वेब पेज जिसमें मनोवैज्ञानिक सहायता हेतु परामर्श, व्यावहारिक सुझाव, पोस्टर, वीडियो, क्या करें और क्या न करें, अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न और ऑनलाइन प्रश्न प्रणाली के लिए शामिल हैं.
ग. राष्ट्रीय स्तर का डेटाबेस और स्कूल तथा विश्वविद्यालय स्तर पर परामर्शदाताओं की निर्देशिका.
घ. स्कूल, विश्वविद्यालयों और कॉलेजों के छात्रों के लिए देशभर में पहुंच के लिए राष्ट्रीय टोल-फ्री हेल्पलाइन (8448440632).
ङ. मनोसामाजिक सहायता पर पुस्तिका: छात्रों के जीवन कौशल और भलाई को समृद्ध करना
च. वेबिनार, वीडियो, पोस्टर, फ्लायर्स, कॉमिक्स और लघु फिल्मों सहित श्रव्य-दृश्य संसाधन, भौतिक और रचनात्मक कल्याण पर अन्य मंत्रालयों/ विभागों के संसाधनों के अभिसरण पर ध्यान केंद्रित करते हैं, जो मानसिक स्वास्थ्य के आवश्यक अंग हैं.

राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद ने देशभर के स्कूली छात्रों को उनकी चिंताओं को साझा करने में मदद करने के लिए अप्रैल 2020 में 'स्कूली बच्चों के लिए एनसीईआरटी परामर्श सेवाएं' शुरू की. यह सेवा देश के विभिन्न क्षेत्रों में निःशुल्क प्रदान की जाती है. कक्षा 1 से 12 तक के ई-विद्या डीटीएच-टीवी चैनलों पर 'सहयोग: बच्चों की मानसिक भलाई के लिए मार्गदर्शन' पर लाइव इंटरैक्टिव सत्र प्रसारित किए जाते हैं. तनाव और चिंता से निपटने के लिए योग पर रिकॉर्ड किए गए वीडियो कक्षा 1 से 12 तक के लिए सितंबर, 2020 बारह डीटीएच टीवी चैनलों के माध्यम से प्रसारित किए जाते हैं और डिजिटल प्लेटफॉर्म दीक्षा में डिजिटल संसाधन भी उपलब्ध कराए गए हैं.

आयुष्मान भारत के तहत स्कूल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तत्वावधान में, एनसीईआरटी ने 'प्रशिक्षण और संसाधन सामग्री: स्कूल जाने वाले बच्चों का स्वास्थ्य और कल्याण' शीर्षक से एक व्यापक पैकेज विकसित किया है. 'भावनात्मक कल्याण और मानसिक स्वास्थ्य' पर एक विशिष्ट मॉड्यूल शामिल किया गया है, जिसमें छात्रों और शिक्षकों के मानसिक स्वास्थ्य और कल्याण से संबंधित गतिविधियां हैं.

**संकलन: अनीशा बनर्जी और अनुजा भारद्वाजन**

**स्रोत : पत्र सूचना कार्यालय/विश्व बैंक/विश्व स्वास्थ्य संगठन/राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन**

# रोज़गार समाचार

## सप्ताह का प्रश्न

**हर वर्ष 7 अप्रैल को विश्व स्वास्थ्य दिवस मनाया जाता है. हमारे शारीरिक स्वास्थ्य के अलावा हमारा मानसिक स्वास्थ्य भी महत्वपूर्ण है. दरअसल, मानसिक स्वास्थ्य की समस्याएं अलग-थलग रूप से नहीं सुलझायी जा सकतीं, क्योंकि यह केवल स्वास्थ्य क्षेत्र की समस्या नहीं है. इसका प्रभाव व्यक्ति के जीवन के हर पहलू में व्याप्त होता है. कोविड महामारी ने लोगों के मानसिक स्वास्थ्य पर कितना असर डाला है और आप अपने मानसिक स्वास्थ्य का ध्यान रखने के लिए क्या करते हैं?**

अंग्रेज़ी/हिंदी/उर्दू में अपनी प्रविष्टियों को **13/04/2022** तक **writetous.en@gmail.com** पर भेजें, जो **200** से **250** शब्दों से अधिक नहीं हो. प्रविष्टियां भेजने वाले अपना **नाम, उम्र, पूरा पता, ई-मेल आईडी और संपर्क नंबर** का स्पष्ट उल्लेख करें. सर्वश्रेष्ठ प्रविष्टि को **एम्प्लॉयमेंट न्यूज़/रोज़गार समाचार (अंक दिनांक 23 - 29 अप्रैल, 2022) में प्रकाशित किया जाएगा और विजेता की इच्छा के अनुसार योजना/कुरुक्षेत्र/आजकल की प्रतियां तीन महीने तक नि:शुल्क भेजी जाएंगी.**

# कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय

**कृषि, सहकारिता एवं किसान कल्याण विभाग**

**एनईआरएफएमटी एवं टीआई, बिश्वनाथ चरियाली-784176 (असम)**

**सं. 1-8/2020-स्था.**

**विज्ञापन सं. एनईआरएफएमटी एवं टीआई/02/2022**

निदेशक, उत्तर-पूर्वी क्षेत्र फार्म मशीनरी प्रशिक्षण और परीक्षण संस्थान, बिश्वनाथ चरियाली, जिला- बिश्वनाथ (असम)- 784176 के कार्यालय में पे मैट्रिक्स के लेवल-6 (रु. 35400-112400/-) में **पुस्तकालय और सूचना सहायक** के एक अनारक्षित पद के लिए सादे कागज पर आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं, जिसे सीधी भर्ती आधार पर भरा जाना है और पद शावि अर्थात बधिर और श्रवण विकलांग हेतु निर्दिष्ट है. पात्रता शर्तें और आवेदन-प्रारूप एनईआरएफएमटी एवं टीआई (असम) की वेबसाइटः **nerfmtti.nic.in/ fmttibudni.gov.in/nrfmtti.gov.in/srfmtti.dacnet.nic.in** और कृषि सहकारिता तथा किसान कल्याण विभाग की वेबसाइटः **agricoop.nic.in** से डाउनलोड किये जा सकते हैं.

**विधिवत भरे हुए आवेदन रोज़गार समाचार में विज्ञापन के प्रकाशन की तिथि से 60 दिनों के भीतर कार्यालय में पहुंच जाना चाहिए.**

रो.स. 1/86 निदेशक

# श्रेष्ठ प्रविष्टि

## दिनांक 12-18 मार्च,2022 के अंक की श्रेष्ठ प्रविष्टि

श्रेष्ठ प्रविष्टि

**प्रश्नः आपको किस प्रकार लगता है कि डिजिटल भुगतान ने एक उपभोक्ता के तौर पर आपके व्यवहार को बदल दिया है? डिजिटल भुगतान व्यवस्था में आप किस तरह के सुधार लाने के इच्छुक हैं?**

**एआर. आशीष साकत**
**पुणे**

डिजिटल भुगतान जब से प्रचलन में आए हैं, तभी से इन्होंने उपभोक्ताओं के तौर पर हमारे जीवन को बहुत सुविधाजनक बना दिया है. इन्होंने हमारे रोज़मर्रा के जीवन को कई परिप्रेक्ष्य में सकारात्मक रूप से ऐसे प्रभावित किया है कि हम दैनिक आधार पर बारम्बार इनका उपयोग करते हैं. इन्होंने हमें नकदी को संभालने, उसकी निकासी, संचयन और जमा करने की चिंताओं से मुक्ति प्रदान की है. अब मुझे अपने घर से बाहर निकलते समय या लम्बी दूरी की यात्राएं करते समय पर्याप्त मात्रा में नकदी साथ रखने की चिंता नहीं करनी पड़ती. स्मार्टफोन एवं डेबिट/क्रेडिट कार्ड्स अब मेरी एकमात्र आवश्यक वस्तु, बन चुके हैं, जिन्होंने हर तरह के लेनदेन को मेरे लिए बेहद सुगम बना दिया है. अब मुझे बस नाममात्र की ही नकदी साथ रखनी पड़ती है और इस तरह उसके चोरी होने की चिंता भी मिट गई है.

अभी तक कुछ संदेहास्पद क्षेत्र बरकरार हैं, जिनमें सुधार की आवश्यकता है, ताकि उपभोक्ताओं को बेहतर अनुभव प्राप्त हो सके. उदाहरण के लिए कई बार बैंक भुगतान के अनुरोध को उस समय प्रॉसेस नहीं कर पाते, जब उसकी तत्काल आवश्यकता होती है. भुगतान के नाकाम रहने की स्थिति में, हर बार उसके बारे में स्पष्ट संकेत नहीं मिल पाता, जिसके कारण उपभोक्ता भ्रमित हो जाता है. साथ ही, धोखाधड़ी वाले ऐसे संदेशों की विश्वसनीयता का निर्णय कर पाना भी बहुत मुश्किल होता है, जो हमें किसी लिंक को क्लिक करने अथवा ओटीपी साझा करने के लिए कहते हैं, जिससे निजी और संवेदनशील सामग्री अथवा खून-पसीने की कमाई की हानि हो सकती है. डिजिटल भुगतान की सुगमता के साथ कुछ निश्चित आश्वासन, उपभोक्ता और ईजी यूजर इंटरफेस को सुरक्षा मिलनी चाहिए, क्योंकि अनेक लोग केवल इन्हीं कारणों से डिजिटल भुगतान करने से परहेज कर रहे हैं.


# वैज्ञानिक और नवीकृत अनुसंधान संस्थान (एसीएसआईआर)

*(संसदीय अधिनियम द्वारा स्थापित राष्ट्रीय महत्व का संस्थान)*

एसीएसआईआर मुख्यालय-एचआरडीसी कैम्पस, सैक्टर 19, कमला नेहरू नगर, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश-201002

## प्रवेश सूचना

## एसी.एस.आई.आर. के अगस्त 2022 और जनवरी 2023 सत्रों में

पीएच.डी (विज्ञान), पीएच.डी (इंजीनियरिंग), एमएससी, एम.टेक, एमपीएच (मास्टर ऑफ पब्लिक हेल्थ) और आईडीडीपी (इंजीनियरिंग में एकीकृत दोहरी डिग्री कार्यक्रम -एम.टेक+पीएच.डी)** में प्रवेश हेतु आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं।

सीएसआईआर के सभी राष्ट्रीय संस्थानों और कुछ डीएसटी, आईसीएमआर और अन्य प्रतिष्ठित आरएण्डडी संस्थानों, जो एसीएसआईआर के शैक्षणिक केन्द्रों का एक राष्ट्रव्यापी नेटवर्क है, में एसीएसआईआर के उपरोक्त शैक्षणिक कार्यक्रमों में उच्च शिक्षा अध्ययन का एक अवसर

अधिक जानकारी एवं ऑनलाइन आवेदन हेतु देखें: http://acsir.res.in/admission/

अगस्त-2022 सत्र के लिए ऑनलाइन आवेदन जमा करने की अंतिम तिथिः 31 मई, 2022 (23:59 बजे तक) और जनवरी-2023 सत्र के लिए अंतिम तिथि 31 अगस्त, 2022 है (शीघ्र प्रवेश) और 31 अक्टूबर, 2022 (नियमित प्रवेश)

- एसीएसआईआर भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय के अधीन एक राष्ट्रीय महत्व का संस्थान (INI) (INI Id: U-0713) है।
- एसीएसआईआर को 2021 में SCIMAGO इंस्टीट्यूशन रैंकिंग द्वारा विश्वविद्यालय श्रेणी में भारत में दूसरा स्थान मिला है।
- एसीएसआईआर को नेचर इंडेक्स द्वारा अनुसंधान के परिणामों के आधार पर, विश्वविद्यालय श्रेणी में भारत (01 दिसंबर, 2020 से 30 नवंबर, 2021) में 12वां स्थान दिया गया है
- NIRF-2021 'अनुसंधान श्रेणी' में एसीएसआईआर को 22वां स्थान मिला है।

लगभग 5500 पीएच.डी. छात्र डॉक्टरेट अध्ययन के लिए विज्ञान और इंजीनियरिंग में एसीएसआईआर में पंजीकृत हैं, इसके मुताबिक एसीएसआईआर भारत में सबसे बड़ा संस्थान है और विश्व के सबसे बड़े संस्थानों में से एक है।

**ऑनलाइन पोर्टल के अनुसार विवरण, -सीटों का आरक्षण भारत सरकार के नियमानुसार

निदेशक, एसी. एस. आई. आर.

रो.स. 1/1



# रोज़गार समाचार

**शुभा गुप्ता**, महा प्रबंधक
**जयसिंह**, संपादक
**इकरा फैयाज़ खान**
संपादक (विज्ञापन)
**अभिषेक चतुर्वेदी**
संपादक (प्रसार)
**डी.के.सी. हृदयनाथ**
संयुक्त निदेशक (उत्पादन)
**गणेशी लाल**
सहायक निदेशक (उत्पादन)
**पी. के. मंडल**, वरिष्ठ कलाकार

पता : रोज़गार समाचार
सातवां तल , सूचना भवन
सीजीओ कॉम्प्लेक्स, लोदी रोड
नई दिल्ली-110003
प्रसार : sec-circulation-moib@gov.in
विज्ञापन : sec-advertise-moib@gov.in
शिकायतः engrievance@gmail.com
संपादकीय : 011-24369443
विज्ञापन : 011-24369429/30
टेलीफैक्स : 011-24369430
प्रसार : 011-24365610
लेखा (विज्ञा.) : 011-24369419

दिल्ली पोस्टल पंजीकरण संख्या डीएल-एसडब्ल्यू-05/4100/18-20 यू (सी) 107/18-20 पूर्व शुल्क के बिना डाक में डालने की अनुमति आर.एन.आई. 28729/1976 दिल्ली आर.एम.एस., दिल्ली-110006 2/4.4.2022 (₹ 12) प्रकाशन तिथि : 28.3.2022
श्रीनगर, लेह, कालिमपोंग, इम्फाल, दीमापुर, अगरतला, दुलियाजॉन, करीमगंज, छाबुआ, दीफू, डिब्रूगढ़, तेजपुर, हेल्लाकांडी, मरियानी, जोरहाट, शिलांग, डिगबोई, सिल्चर तथा पोर्टब्लेयर के लिए विमान सेवा 20 पैसे अतिरिक्त



# समाचार सारांश

## राष्ट्रीय

### राष्ट्रपति ने विजेताओं को 2022 के पद्म पुरस्कार प्रदान किये

राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद ने 21 मार्च को राष्ट्रपति भवन में आयोजित नागरिक अलंकरण समारोह-1 में वर्ष 2022 के लिये दो पद्मविभूषण, आठ पद्मभूषण और 54 पद्मश्री पुरस्कार प्रदान किये. समारोह में अन्य गणमान्य व्यक्तियों के अलावा उपराष्ट्रपति एम वेंकैया नायडु, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह भी उपस्थित थे. पुरस्कार विजेताओं की पूरी सूची वेबसाइट https://www.padmaawards.gov.in पर देखी जा सकती है.

### प्रधानमंत्री ने शहीद दिवस पर बिप्लोबी भारत दीर्घा का उद्घाटन किया




देशभर में 23 मार्च को शहीद दिवस मनाया गया. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस अवसर पर कोलकाता के विक्टोरिया मेमोरियल हॉल में बिप्लोबी भारत दीर्घा का वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये उद्घाटन किया. इस दीर्घा में उस राजनीतिक और बौद्धिक पृष्ठभूमि को दर्शाया गया है जिसने क्रांतिकारी आंदोलन को जन्म दिया. दीर्घा में क्रांतिकारी आंदोलन के जन्म और प्रसार, बिप्लोबी नेताओं के संगठनों के गठन, आजाद हिंद फौज की स्थापना तथा नौसेना विद्रोह के योगदान जैसे विषयों की जानकारी दी गयी है. बिप्लोबी भारत दीर्घा में स्वतंत्रता संग्राम में क्रांतिकारियों की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित किया गया है. इसके जरिये जनसाधारण को 1947 तक की घटनाओं के बारे में समग्र जानकारी मिल सकेगी.

### महिला और बाल विकास मंत्रालय ने मनाया चौथा पोषण पखवाड़ा




महिला और बाल विकास मंत्रालय 21 मार्च से 4 अप्रैल, 2022 तक चौथा पोषण पखवाड़ा मना रहा है. इस कार्यक्रम के तहत सेहतमंद बच्चों की पहचान तथा स्वस्थ भारत के लिये आधुनिक और परंपरागत पद्धतियों के संमिलन पर जोर दिया जा रहा है. इस पखवाड़े के दौरान आयोजित कार्यक्रम पोषण मित्र (आधुनिक, सूचना प्रौद्योगिकी आधारित, पारंपरिक और क्षेत्रीय गतिविधियां) के क्षेत्रों से संबंधित हैं. कार्यक्रम में आंगनवाड़ी केंद्रों में जाने वाले छह साल से कम उम्र के बच्चों की लंबाई और वजन को मापने, पानी बचाने के महत्व के बारे में महिलाओं में जागरूकता फैलाने और वर्षा जल संचय को बढ़ावा देने पर ध्यान दिया जा रहा है. इसके अलावा रक्ताल्पता की जांच और उपचार तथा खास तौर से आदिवासी क्षेत्रों में माताओं और शिशुओं के स्वास्थ्य के लिये पारंपरिक भोजन को बढ़ावा देने पर जोर दिया जा रहा है.

### ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा समुदाय आधारित आपदा प्रबंधन योजना जारी

ग्रामीण विकास और पंचायती राज मंत्रालय ने 17 मार्च, 2022 को अपनी आपदा प्रबंधन योजना जारी की. इसमें गांव से लेकर जिला पंचायत स्तर तक समुदाय आधारित योजना निर्माण पर जोर दिया गया है. इसके तहत हर भारतीय गांव की अपनी ग्राम आपदा प्रबंधन योजना होगी. इसी तरह पंचायतों की भी अपनी पंचायत आपदा प्रबंधन योजनाएं होंगी. मंत्रालय की योजना का मकसद पंचायतों में निचले स्तर पर आपदा से निपटने की तैयारी को विकसित करना है. इसके तहत ग्रामीण क्षेत्रों में आपदा प्रबंधन उपायों और राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) के बीच समायोजन के लिये एक फ्रेमवर्क स्थापित किया जायेगा. पंचायती राज मंत्री गिरिराज सिंह ने योजना को जारी करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कोविड-19 की वैश्विक महामारी के प्रबंधन और शमन में पंचायतों की भूमिका की सराहना की है. ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता फैलाने और कोरोनावायरस के खिलाफ सामूहिक लड़ाई का नेतृत्व करने में पंचायतों ने खासतौर पर सराहनीय भूमिका निभायी है. श्री सिंह ने उम्मीद जतायी कि इस योजना से ग्रामीण क्षेत्रों में आपदा प्रबंधन और योजना निर्माण में एकरूपता लाने की सरकार की कोशिशों में मदद मिलेगी.

### जैव प्रौद्योगिकी मंत्रालय द्वारा डाटा आधारित तपेदिक उन्मूलन कार्यक्रम 'डेयर2इरैड टीबी' शुरू




विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने 24 मार्च को विश्व तपेदिक दिवस के मौके पर 'डेयर2इरैड टीबी' कार्यक्रम की शुरुआत की. यह तपेदिक के उन्मूलन के लिये डाटा आधारित अनुसंधान कार्यक्रम है. केंद्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. जितेंद्र सिंह ने इस कार्यक्रम की घोषणा करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2025 तक भारत को 'तपेदिक मुक्त भारत' बनाने की बात कही है. उनके इस सपने को पूरा करने के मकसद से तपेदिक उन्मूलन के लिये जन आंदोलन चलाने की जरूरत है. विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय के अधीन जैव प्रौद्योगिकी विभाग पिछले तीन दशकों से तपेदिक पर बुनियादी और अनुप्रयुक्त अनुसंधान को समर्थन दे रहा है. इस तरह के अनुसंधानों में रोग जीवविज्ञान, औषधि खोज और टीका विकास पर खास ध्यान दिया जा रहा है. डेयर2इरैड टीबी तपेदिक उन्मूलन के लिये जैव प्रौद्योगिकी विभाग का आच्छादन कार्यक्रम होगा. इसके तहत महत्वपूर्ण पहलकदमियों में इन टीजीएस (भारतीय तपेदिक जीनोमिक निगरानी समूह) शामिल है. कार्यक्रम के अंतर्गत वेब श्रृंखला इन टीबीके हब (भारतीय तपेदिक ज्ञान केंद्र) शुरू की जायेगी. इसके अलावा तपेदिक के पोषक निर्देशित उपचारों और एक्स्ट्रा पल्मोनरी ट्यूबरक्यूलोसिस के इलाज के लिये साक्ष्य आधारित प्रणाली के विकास पर ध्यान दिया जा रहा है.

## अंतरराष्ट्रीय

### भारत ने यूक्रेन संकट से संबंधित प्रस्ताव पर नहीं किया मतदान; बातचीत और कूटनीति से समाधान को दोहराया

भारत ने संयुक्तराष्ट्र महासभा में उस प्रस्ताव पर मतदान में हिस्सा नहीं लिया जिसमें यूक्रेन में मानवीय संकट के लिये रूस को जिम्मेदार ठहराते हुए तुरंत संघर्ष विराम की अपील की गयी है. इस प्रस्ताव को पांच के मुकाबले 140 देशों के जबर्दस्त समर्थन से पारित किया गया. भारत समेत कुल 38 देशों ने प्रस्ताव पर मतदान में हिस्सा नहीं लिया. संयुक्तराष्ट्र में भारत के स्थाई प्रतिनिधि टीएस तिरुमूर्ति ने कहा कि यह प्रस्ताव भारत के दृष्टिकोण को पूरी तरह परिलक्षित नहीं करता है. श्री तिरुमूर्ति ने भारत के इस दृष्टिकोण को स्पष्ट किया कि संयुक्तराष्ट्र के प्रयास टकराव को घटाने में मददगार होने चाहिये. उन्हें बातचीत और कूटनीति को प्रोत्साहन देने के लिये द्वेष को तुरंत खत्म करने में योगदान करना चाहिये. श्री तिरुमूर्ति ने नागरिकों की पीड़ाओं को तुरंत खत्म करने के उपाय खोजने के लिये सभी पक्षों को एक मंच पर लाने की जरूरत पर जोर दिया.

### भारत ने जारी की नयी आर्कटिक नीति




सरकार ने भारत की नयी आर्कटिक नीति जारी की है. इसका शीर्षक 'भारत और आर्कटिकः संवहनीय विकास के लिये साझेदारी निर्माण' है. पृथ्वी विज्ञान मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा कि यह नीति उस भविष्य के लिये देश को तैयार करने में आवश्यक भूमिका निभायेगी जिसमें जलवायु परिवर्तन जैसी मानवता की सबसे बड़ी चुनौतियों से सामूहिक इच्छाशक्ति और प्रयासों से निपटा जा सकेगा. इसे लागू करने में एक अंतर-मंत्रालयी अधिकार प्राप्त आर्कटिक नीति समूह शामिल होगा. इसे एक कार्य योजना, प्रभावी प्रबंधन और समीक्षा प्रणाली के माध्यम से लागू किया जायेगा. भारत की आर्कटिक नीति के क्रियान्वयन में शिक्षा और अनुसंधान समुदाय, व्यवसाय तथा उद्योग समेत अनेक हितधारक शामिल होंगे. भारत की आर्कटिक क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका है. वह आर्कटिक परिषद में पर्यवेक्षक का दर्जा वाले 13 देशों में शामिल है. यह परिषद आर्कटिक की सरकारों और इस क्षेत्र के मूल निवासियों की समस्याओं के निवारण के लिये उच्च स्तरीय अंतर-शासकीय मंच है.

## अर्थव्यवस्था

### भारत से वस्तु निर्यात 400 अरब डॉलर से ज्यादा की रिकार्ड ऊंचाई पर




वित्त वर्ष 2021-22 में भारत से 400 अरब डॉलर से ज्यादा की वस्तुओं का निर्यात हुआ. यह 2018-19 के 330 अरब डॉलर के निर्यात के पिछले रिकॉर्ड से काफी अधिक है. केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग, उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण तथा कपड़ा मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि यह उपलब्धि देश में हर क्षेत्र और प्रत्येक हितधारक की सतत और सामूहिक कोशिश का नतीजा है. श्री गोयल ने निर्यात और खासतौर से श्रम के अधिक महत्व वाले क्षेत्रों में रोजगार सृजन के बीच सीधे संबंध को रेखांकित किया. उन्होंने कहा कि मुरादाबाद के पीतल व्यापारी और वाराणसी के किसानों की विश्व बाजार में सराहना होती है तो इसे निर्यात से रोजगार और संपन्नता बढ़ने का सबूत माना जाना चाहिये. श्री गोयल ने भारतीय निर्यातकों की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने कोविड-19 से पैदा चुनौतियों के बावजूद समूचे साल निर्यात की गति को बरकरार रखा.

### उन्नति परियोजना के सफल प्रशिक्षु सम्मानित

केंद्रीय ग्रामीण विकास और पंचायती राज मंत्री गिरिराज सिंह ने 'आजादी का अमृत महोत्सव' के दौरान महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी कानून (एमजीएनआरईजीए) के अंतर्गत उन्नति परियोजना के 75 प्रशिक्षुओं को 24 मार्च, 2022 को नयी दिल्ली के डॉ. अंबेडकर अंतरराष्ट्रीय केंद्र में सम्मानित किया. श्री सिंह ने राज्यों और संघ शासित क्षेत्रों के ग्रामीण स्व-रोजगार प्रशिक्षण संस्थानों से जुड़े उन बैंकरों को भी सम्मानित किया जिन्होंने उन्नति परियोजना में योगदान किया है. उन्होंने कहा कि एमजीएनआरईजीए के 20 प्रतिशत सक्रिय कामगार परिवारों को मंत्रालय के कौशल विकास और आजीविका कार्यक्रम के तहत प्रशिक्षण दिया जायेगा. इस परियोजना का उद्देश्य आत्मनिर्भरता और संवहनीय विकास के लिये ग्रामीणों को आजीविका के उपलब्ध अवसरों से जोड़ना है. मंत्रालय के अनुसार इस परियोजना के अंतर्गत तीन वर्षों में 26 राज्यों और दो संघ शासित क्षेत्रों में कुल दो लाख लाभार्थियों को प्रशिक्षित किया जायेगा. उन्नति परियोजना के तहत अब तक 18 हजार से ज्यादा उम्मीदवार प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके हैं.

## खेल

### नौ खिलाड़ियों को मिले पद्म पुरस्कार



राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद ने चार पैरालंपिक पदक विजेताओं समेत नौ खिलाड़ियों को पद्म पुरस्कारों से सम्मानित किया. तीन पैरालंपिक खेलों में भारत को पदक दिलाने वाले जैवलिन थ्रोअर देवेंद्र झाझरिया को दूसरे सबसे बड़े पद्म पुरस्कार पद्मभूषण से सम्मानित किया गया. तीन अन्य पैराएथलीटों- टोक्यो पैरालंपिक में दो पदक जीतने वाली निशानेबाज अवनि लेखरा तथा स्वर्ण विजेता जैवलिन थ्रोअर सुमित अंतिल और बैडमिंटन खिलाड़ी प्रमोद भगत को पद्मश्री प्राप्त हुआ. वर्ष 2020 के टोक्यो ओलंपिक खेलों में गोलों की तिकड़ी जमाने वाली हॉकी खिलाड़ी वंदना कटारिया को भी पद्मश्री प्रदान किया गया. राष्ट्रपति ने जिन चार अन्य एथलीटों को पद्मश्री पुरस्कार प्रदान किये उनमें टोक्यो ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीतने वाले जैवलिन थ्रोअर नीरज चोपड़ा भी शामिल हैं.

**(स्रोतः आकाशवाणी/पीआईबी)**

प्रकाशन विभाग, सूचना और प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली के लिए, मोनीदीपा मुखर्जी महानिदेशक द्वारा मुद्रित एवं प्रकाशित और अमर उजाला लि., सी-21 और 22, सेक्टर-59, नोएडा-201301 में मुद्रित, रोज़गार समाचार (सूचना और प्रसारण मंत्रालय) सातवां तल, सूचना भवन, सीजीओ कॉम्प्लेक्स, लोदी रोड, नई दिल्ली-110003 द्वारा प्रकाशित, संपादकः जयसिंह